ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● माघ कृष्ण पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2079 ● गुरुवार, 12 जनवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-89 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

राखी सावंत ने दोस्त आदिल से की शादी पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### सीएम से की शिष्टाचार मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से केंद्रीय कोयला सचिव अमृतलाल मीणा और सीसीएल के वरीय अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की।

### पृथ्वी-2 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली।** भारत ने कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल, पृथ्वी-2 का ओडिशा तट के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से सफल परीक्षण किया। रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मिसाइल ने उच्च सटीकता के साथ अपने लक्ष्य को भेदा। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि प्रयोक्ता प्रशिक्षण लॉन्च ने मिसाइल के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक सत्यापित किया, पृथ्वी-द्वितीय, अच्छी तरह से स्थापित प्रणाली, भारत के परमाणु प्रतिरोध का एक अभिन्न अंग रही है। पिछले साल दिसम्बर में पांच हजार किलोमीटर तक के दायरे में लक्ष्य भेदने में सक्षम अग्नि-5 परमाणु सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का रात के समय सफल परीक्षण किया गया था। परीक्षण ओडिशा में किया गया था और परीक्षण के परिणामों के आधार पर मिसाइल की रेंज को और बढ़ाया जा सकता है।

### भारत जोड़ो यात्रा के समापन समारोह में 21 दलों को न्यौता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी से सात सितम्बर को शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 30 जनवरी को हो रहे समापन समारोह में समान विचारधारा वाले 21 दलों के नेताओं को शामिल होने का आमंत्रण दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने विभिन्न दलों के नेताओं को लिखे पत्र में कहा है कि भारत जोड़ो यात्रा का समापन समारोह 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित किया जा रहा है। इस यात्रा के जरिए नफरत और हिंसा को खत्म कर भाईचारे एवं सौहार्द को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया है। बापू ने भी देश में जारी इन्ही बुराइयों के विरुद्ध लड़ते हुए इसी दिन शहादत दी थी इसलिए यह कार्यक्रम राष्ट्रपिता को समर्पित किया जा रहा है। विपक्षी दलों के नेताओं को लिखे पत्र में खडगे ने कहा कि देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकट का दौर चल रहा है और संसद में विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। इस हालात में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अब तक 3300 किलोमीटर की पद यात्रा के जरिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों के लोगों से सीधे संवाद किया है।

# पलामू : माड़-भात पर भी आफत

## केंद्रीय टीम ने कई गांवों का किया दौरा

**यह सूखा वर्ष 1966 से भी भयावह : ग्रामीण**

**गांव के तालाब सूख चुके हैं, चापाकल भी जवाब दे रहे हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सूखे की स्थिति का आकलन करने बुधवार को केंद्रीय टीम मेदिनीनगर पहुंची। यहां टीम के सदस्यों ने जिला कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, व हॉर्टिकल्चर ऑफिसर के साथ बैठक कर जिले में पड़े सूखे की स्थिति व सूखे से प्रभावित किसानों की जानकारी ली । साथ ही सूखे के मद्देनजर किसानों को राज्य सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं की पूरी जानकारी ली।



### परिसदन में की बैठक

**मेदिनीनगर।** सुखाड़ का आकलन को आयी केंद्रीय टीम पलामू की समस्या से अवगत हुई। इस टीम ने चैनपुर प्रखंड के महुगांवा, तरहसी, सतबरवा सहित कई इलाकों का दौरा किया है। टीम ने पलामू परिसदन में अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस दौरान कई बिंदुओं पर केंद्रीय टीम ने जिला प्रशासन से रिपोर्ट की मांग की। केंद्रीय टीम इस दौरान सुखाड़ राहत पैकेज के बारे में भी अधिकारियों से शेष पृष्ठ 11 पर

मेदिनीनगर पहुंची केंद्रीय टीम में डायरेक्टर सीडब्लूसी प्रमोद नारायण,उप निदेशक महेश कुमार,सहायक निदेशक ब्रिज मोहन सिंह,उप कृषि निदेशक (अभियंत्रण) अशीम रंजन एक्का शामिल थे।

**चौपाल लगाकर स्थानीय रैयतों से सूखे की जानकारी ली**

टीम ने महुगांवा में चौपाल लगाकर स्थानीय रैयतों से सूखे की जानकारी ली। इस दौरान मौजूद सभी किसानों ने एक सुर में टीम के शेष पृष्ठ 11 पर

### चौपाल लगा ग्रामीणों संग किया संवाद

मेदिनीनगर पहुंची टीम के सदस्यों ने चैनपुर के बांसडीह पंचायत अंतर्गत बजरमरवा व तीन टोलवा का दौरा किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने अलग-अलग किसानों से संवाद किया। टीम के सदस्यों ने लोगों से बारिश की स्थिति,फसलों की बुआई, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कितना खेती हुआ संबंधी जानकारी ली।

# आईईडी विस्फोट, छह जवान घायल



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिले के घोर नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी के विस्फोट में सीआरपीएफ के छह जवान घायल हो गए। सभी घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि टोंटो थाना क्षेत्र के सारजोमबुरु जंगल में नक्सलियों के बड़े दस्ते के भ्रमणशील होने की सूचना मिली थी। इसी सूचना पर जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान हुए आईईडी विस्फोट में छह जवान घायल हो गए। घायल सभी सीआरपीएफ के जवान हैं। पुलिस मुख्यालय को शेष पृष्ठ 11 पर

### माओवादियों को भी उठाना पड़ा है भारी नुकसान

**रांची।** भाकपा माओवादियों को कोल्हान में बड़ा नुकसान होने का दावा पुलिस मुख्यालय के किया है। पुलिस मुख्यालय ने इस मामले में आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि टोन्टो के तुम्बहाका जंगल में भाकपा माओवादियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति की सूचना मिली थी। इसी सूचना के अधार पर 209 कोबरा बटालियन, 203 शेष पृष्ठ 11 पर

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन हुए 79 के

## सीएम ने लिया आशीर्वाद, दीर्घायु होने की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को अपने पिता पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिवस के अवसर पर उनसे आशीर्वाद लिया तथा बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अपने पिता को पुष्पगुच्छ भेंट कर ईश्वर से उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के छोटे पुत्र विधायक बसंत सोरेन सहित मुख्यमंत्री के अन्य परिजन सहित कई गणमान्य लोगों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।



### गंगा आरती की तर्ज पर स्वर्णरेखा आरती

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता गंगा आरती की तर्ज पर स्वर्णरेखा आरती के प्रयास में लगे हुए हैं। वह चाहते हैं कि गंगा आरती की ही तरह स्वर्णरेखा नदी की भी आरती हो। इसके लिए वह 50 लाख रुपये देंगे। इन 50 लाख रुपयों से स्वर्णरेखा आरती मंडप का निर्माण होगा। इसके अलावा वह समाज के आर्थिक रुप से मजबूत लोगों, कार्पोरेट घरानों से भी मदद के लिए आग्रह करेंगे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता ने बताया कि वह मुख्यमंत्री से मिलेंगे और उनसे अपील करेंगे कि सरकार के स्तर से भी इसमें सहयोग हो। सनातन धर्म की आस्था है नदियों की पूजा। हमारी आस्था और विश्वास की प्रतीक वर्णरेखा नदी की आरती के लिए भव्य मंडप और आवश्यक संसाधनों का निर्माण किया जायेगा।

# टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

**शशिकांत उर्फ आरिफ दस्ते का था एरिया कमांडर**

**संगठन की आर्थिक मजबूती के लिए क्षेत्र में करवाता था अवैध अफीम की खेती**

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा/चतरा**

जिले के कुंदा थाना क्षेत्र से पुलिस टीम ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर जीतन भुइयां को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार नक्सली संगठन के सेकेंड सुप्रीमो आक्रमण व शशिकांत उर्फ आरिफ दस्ते का एरिया कमांडर है। ज्ञात हो कि बीते दिनों कुंदा थाना क्षेत्र के अनगड्डा जंगल में पुलिस बल व टीएसपीसी उग्रवादी के बीच मुठभेड़ हुई थी जिसमें कुंदा थाना में मामला दर्ज किया गया था। उसके बाद से पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देशानुसार सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में लगातार सघन छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आलोक में तिलसरैया जंगल से टीएसपीसी दस्ता के 42 वर्षीय एरिया कमांडर जीतन भुइयां को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार नक्सली ने अनगड़ा जंगल में पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में शीर्ष कमांडर के साथ शामिल था और नक्सलियों की आर्थिक मजबूती करने के लिए अफीम खेती को बढ़ावा देने व संगठन के कहने पर तत्कालीन मनातू प्रखंड के बीडीओ को फोन कर लेवे की मांग व धमकी देने की बाद स्वीकार की है। गिरफ्तार एरिया कमांडर नक्सली के खिलाफ मनातू थाना व कुंदा थाना में पांच मामले दर्ज हैं। छापामारी अभियान में प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम, प्रतापपुर थाना प्रभारी विनोद यादव, हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार आदि शामिल थे।

# बक्सर : पिटाई का बदला पिटाई से

**एजेंसी। बक्सर**

बक्सर में पिटाई का बदला पिटाई और तोड़फोड़ करके लिया जा रहा है। बुधवार को उग्र किसानों ने जो किया, वह मंगलवार रात में हुई घटना की प्रतिक्रिया थी। बुधवार को चौसा थर्मल बिजली संयंत्र के द्वारा अधिग्रहित भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। उग्र लोगों ने प्लांट के गेट पर भी आग लगा दी। इसके पहले, मंगलवार को इन्हीं उग्र किसानों पर पुलिस ने जम कर लाठियां भांजी थीं। किसानों के घर में घुस-घुस कर मार-पीट की गई थी। इस संबंध में कई वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में साफ-साफ दिख रहा है कि कैसे पुलिसवालों ने महिलाओं को भी नहीं बख्शा। उन्हें भी लाठियों से पीटा गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि चौसा थर्मल पावर प्लांट के द्वारा अधिग्रहित भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर चल रहे किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। उग्र लोगों ने पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की और उसमें आग लगा दी। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हवाई फायरिंग कर उग्र लोगों को शांत करने की कोशिश की। इसके पूर्व मंगलवार को किसानों ने प्लांट के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया था। इस बीच मौके पर पहुचे पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने कहा कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी भी नहीं हुई है।

### एलओसी के पास गश्ती के दौरान गहरी खाई में फिसलने से सेना के तीन जवान शहीद

**श्रीनगर।** कश्मीर के माछल सेक्टर में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गश्त के दौरान गहरी खाई में गिरने से एक जेसीओ सहित तीन सैनिकों की मौत हो गई। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि जेसीओ और दो अन्य जवान माछिल सेक्टर में नियमित गश्त पर थे, तभी तीनों फिसलकर खाई में गिर गए। दरअसल, ट्रैक पर अचानक से बर्फ गिर आई जिससे सेना के तीनों जवान फिसलकर गहरी खाई में गिर गए। तीनों के शव को बरामद कर लिया गया है। ये तीनों जवान भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स के सैनिक थे।

# आखिर क्यों पूरे यूएस में रोक दी गईं उड़ानें?

**एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिका में एयरपोर्ट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के कंप्यूटरों में अचानक आई तकनीकी खामियों के बाद पूरे देश की एयरलाइन की सभी उड़ानों को अगले आदेश तक रोक दिया गया है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के कंप्यूटर्स में टेक्निकल फॉल्ट हो गया है, जिसके बाद पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका में उड़ानें प्रभावित हुईं हैं। इस पूरे मामले में राष्ट्रपति जो बाइडन ने रिपोर्ट मांगी है। बताया गया कि कंप्यूटर में आई तकनीकी खामियों के बाद अमेरिका में सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं, वहीं फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर ने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर या बाहर 2500 उड़ानें यूएस ईस्टर्न टाइम के अनुसार सुबह 7 बजे तक विलंबित थीं। अतिरिक्त 100 उड़ानें भी रद्द कर दी गई हैं। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के हवाले से पता चला कि नोटिस टू एयर मिशन्स सिस्टम फेल हो गया है। यह कंप्यूटर सिस्टम में आए टेक्निकल फॉल्ट की वजह से हुआ है। खराबी का पता चल गया है। फ्लाइट ऑपरेशन्स जल्द रीस्टोर करने की कोशिश की जा रही है।

# संघ प्रमुख के बयान पर भड़के ओवैसी

**एजेंसी। हैदराबाद**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के इस्लाम को देश में कोई खतरा नहीं है, लेकिन उसे हम बड़े हैं का भाव छोड़ना पड़ेगा वाले बयान पर सियासत तेज हो गई है। अब एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भागवत को निशाने पर लिया है। ओवैसी ने कहा : मुसलमानों को भारत में रहने या हमारे धर्म का पालन करने की अनुमति देने वाले मोहन कौन होते हैं? हम भारतीय हैं क्योंकि अल्लाह ने चाहा। उन्होंने हमारी नागरिकता पर शर्तें लगाने की हिम्मत कैसे की? हम यहां अपने विश्वास को समायोजित करने या नागपुर में कथित ब्रह्मचारियों के समूह को खुश करने के लिए नहीं हैं। मोहन कहते हैं कि भारत को कोई बाहरी खतरा नहीं है। संघी दशकों से आंतरिक शत्रुओं और युद्ध की स्थिति का रोना रो रहे हैं और लोक कल्याण मार्ग में उनके स्वयं के स्वयंसेवक कहते हैं, कोई नहीं घुसा है। चीन के लिए यह चोरी और साथी नागरिकों के लिए सीनाजोरी क्यों? अगर हम वास्तव में युद्ध में हैं तो क्या स्वयंसेवक सरकार 8 वर्षों से सो रही है? ओवैसी ने कहा कि आरएसएस की विचारधारा भारत के भविष्य के लिए खतरा है। भारतीय असली आंतरिक शत्रुओं को जितनी जल्दी पहचान लें, उतना ही अच्छा होगा। कोई भी सभ्य समाज धर्म के नाम पर इस तरह की नफरत और कट्टरता को शेष पृष्ठ 11 पर

**त्योहार** — हर चौक-चौराहे पर चूड़ा, तिलकुट और लाई की दुकानें सज गई

# तिलकुट-चूड़ा की सौंधी खुशबू से महक रहा पलामू का बाजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दो दिनों के बाद मकर संक्रांति का त्योहार है। मकर संक्रांति को लेकर स्थानीय शहर का बाजार तिल-गुड़ की खुशबू से गुलजार है। तिलकुट की दुकानें सज गई हैं। लोकल और गया के कारीगर तिलकुट बनाने में व्यस्त हैं। हर चौक-चौराहे पर चूड़ा, तिलकुट और लाई की दुकानें सज गई हैं। मुख्य बाजार से लेकर छह मुहान, जिला स्कूल रोड,रेड़मा, बेलवाटिका, सुदना तक सड़क किनारे तिलकुट खरीदारों से मेले-सा दृश्य उत्पन्न हो गया है। ठंड में तिलकुट खाना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। इसलिए इसकी बिक्री जमकर हो रही है। इस बार चीनी की अपेक्षा गुड़ के तिलकुट अधिक बिक रहे हैं। खोया तिलकुट महंगा है। लेकिन सबसे खास है।

**खोया तिलकुट में गुजिया और कचौड़ी आकार खास :** जनवरी शुरू होते ही बाजार में तिलकुट मिलने लगा है। लोग तिलकुट की खूब खरीदारी कर रहे हैं। वैसे तो बाजार में हर प्रकार के तिलकुट मिल रहे हैं, लेकिन लोगों को खोया तिलकुट सबसे ज्यादा पसंद रहा है। खोया में भी गुजिया और कचौड़ी आकार के तिलकुट खास पसंद रहे हैं।डिमांड तिलकुट की भी इस बार धूम है । डिमांड तिलकुट की कीमत 500 रुपये प्रति किलो से लेकर 700 रुपये प्रति किलो तक है।

**मूढ़ी-चूड़ा लाई 20 रुपए प्रति पैकेट :** बाजार में तरह-तरह की लाई बिक रही हैं। ये लाई किलो और पैकेट में उपलब्ध हैं। मूढ़ी की लाई 20 रुपए पैकेट, इसमें 12 लाई हैं। चूड़ा छोटा साइज 20 रुपए पैकेट और बड़ा लाई 30 रुपए पैकेट बिक रही है। मूंगफली की लाई छोटे आकार में 20 से 30 रुपए पैकेट बिक रही है। तिल की लाई की बिक्री अभी कम है। वैसे यह 50 रुपए प्रति पैकेट बिक रही है।

**गया का तिलकुट का सबसे ज्यादा डिमांड :** वैसे तो शहर में हर प्रकार का तिलकुट बिक रहा है, लेकिन गया का तिलकुट हमेशा सबसे ज्यादा डिमांड में रहता है। लोग ज्यादातर गया का तिलकुट ही खरीद रहे हैं। तिलकुट बेच रहे हर दूसरी दुकान में ह्यगया का प्रसिद्ध तिलकुटह्ण लिखा हुआ है। शहर में कई प्रमुख स्थानों पर गया के कारीगरों द्वारा तिलकुट बनाया जा रहा है। शहरवासियों को तिलकुट के अलावा लाई, अनरसा भी पसंद रहे हैं।

**चूड़ा में है अनेक वेराइटी :** बाजार में चूड़ा की ढेर सारी शेष पृष्ठ 11 पर



### क्या कहना है दुकानदार का

बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास तिलकुट का दुकान लगाने वाले आलोक साव ने बताया कि मेरी दुकान में 20 वर्ष से तिलकुट बेचा जा रहा है। वैसे तो हमारी दुकान का टेस्ट सभी को पता है। लोग हमारी दुकान से प्रतिदिन लगभग 10 से 12 किलो तिलकुट खरीदते हैं। गुड़ का तिलकुट अभी के समय मे ज्यादा बिका है।

### बाजार में तिलकुट का रेट प्रति किलो

| | |
|---|---|
| गुड़ तिलकुट | : 220 से 260 |
| चीनी तिलकुट | : 200 से 260 |
| तिल पापड़ | : 200 से 300 |
| सफेद तिल लड्डू | : 180 से 220 |
| काला तिल लड्डू | : 240 से 300 |
| खोया तिलकुट | : 320 से 340 |
| रेवड़ी | : 180 से 200 |
| लाई | : 100 से 120 |

# क्रूज की रवानगी की पूर्व संध्या पर कर्तव्य गंगा का अहसास कराएंगे शंकर महादेवन



**नवीन मेल नेटवर्क। वाराणसी**

एमवी गंगा विलास के साथ दुनिया की सबसे लंबी नदी क्रूज यात्रा के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर संस्कृति मंत्रालय द्वारा 12 जनवरी 2023 को वाराणसी में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सुर सरिता - सिम्फनी ऑफ गंगा' का आयोजन किया जा रहा है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के प्रख्यात गायक शंकर महादेवन अपनी प्रस्तुति देंगे। संगीत कार्यक्रम के दौरान गंगा विलास क्रूज में यात्रा करने वाले पर्यटकों सहित अन्य गणमान्य लोग सुर तरंगिनियों का आनंद लेने के साथ-साथ, मां गंगा के महत्व तथा उनके प्रति अपनी जिम्मेदारियों से भी परिचित होगें। यह सुर संध्या यह अहसास कराएगा की माँ गंगा कैसे हर भारतीय तथा संपूर्ण मानवता के लिए है एक देवी के रूप में पूजनीय है। गंगा विलास क्रूज 51 दिनों की यात्रा में उत्तर प्रदेश, बिहार, बांग्लादेश और असम को पार करेगा। इन जगहों पर नदी से जुड़ी पौराणिक कथाओं और किंवदंतियों का अपना शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### झामुमो सुप्रीमों का 79 वां जन्मदिन मनाया गया

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर के रुद्रा होटल में झामुमो सुप्रीमो व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबु सोरेन का 79वीं जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय सचिव, वरिष्ट नेता नेहाल असगर ने संयुक्त रूप से केक काटकर दिशोम गुरू का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। वहीं पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को केक खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. एजाज आलम ने कहा कि लंबी संघर्ष के बाद गुरु जी ने अपने जीवन के 78वां बसंत पार किया। वे एक नेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने झारखंड राज्य अलग बनाने को लेकर लंबी लड़ाई लड़कर इस राज्य का निर्माण कराया। इस अवसर पर दर्जनों गरीब गुरबों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। मौके पर विवेकानंद सिंह, विजय प्रसाद, इजहार अंसारी, सदाम हुसैन, शहनवाज, अमीन, हेसाम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सिक्की कला विद्यालय से लाखों की चोरी

**पाटन ।** प्रखंड अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय सिक्की कला के प्राचार्य राम सुन्दर कुजूर ने विद्यालय के कार्यालय से 4 टैब व चार्जर चोरी के संबंध में पाटन थाना में बुधवार को सन्हा दर्ज करवाया है। आवेदन में कहा गया है कि विद्यालय में बड़ा दिन की छुट्टी के कारण विद्यालय बंद था। जब दो जनवरी को विद्यालय खुला तो कार्यालय का ताला टूटा हुआ पाया और कमरे में रखे बक्से की कुंडी भी टुटा हुआ पाया है। और विद्यालय से चार टैब व चार्जर गायब है। जिसे लेकर पाटन थाना में सन्हा दर्ज कराया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर अनुसंधान की जा रही है।

### पूर्व मुख्यमंत्री का जन्म दिवस मना

**सतबरवा।** झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का 64 वां जन्म दिन जनता के प्रति समर्पण दिवस के रूप में बुधवार को मलय डैम मुरमा मे मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप सदस्य सुधा कुमारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, राजेंद्र सिंह चेरो, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि श्री मरांडी का जीवन सदा संघर्ष सील रहा। जनता की भलाई मे अपना जीवन न्योछावर कर दिये हैं। मौके पर जिप सदस्य पति अजय उरांव, समाजिक कार्यकर्ता चंचल यादव, नंद केश्वर राम, यादव सेना के प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, कुलेश्वर सिंह, के साथ दर्जनों ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# मकर संक्रांति मेला को लेकर एसडीओ ने दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में लगने वाले मकर संक्रांति मेला को लेकर सभी स्थलों पर दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई है। मेले को लेकर 14 व 15 जनवरी तक दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई है। दंडाधिकारी की नियुक्ति झारखंड सीमा के दंगवार सूर्य मंदिर के प्रांगण में कनीय अभियंता अरुण कुमार यादव, अभिषेक कुमार, मणिकांत कुमार, पंकज कुमार की नियुक्ति की गई है। वहीं देवरी कला पंचायत भवन के कमलेश्वर नारायण, कनीय अभियंता आशीष कुमार व नीरज कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है। जबकि हैदरनगर प्रखंड के कबरा कला सोन नदी तट पर कनीय अभियंता रजा अंसारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं मोहम्मदगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित भीम चूल्हा, भीम बराज के पास सहायक अभियंता वसंत कुमार व प्रभारी अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी दंडाधिकारी के साथ थाना प्रभारी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करते हुए विधि व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

### समाजसेवी ने प्रधानाध्यापक को दी बधाई

**नावा बाजार संवादाता।** नावा बाजार प्रखंड स्थित पड़वा मोड़ के समीप चंद्रशेखर डिग्री कॉलेज के नये प्रिंसिपल डीजेंद्र दुबे को नव वर्ष के शुभ अवसर पर समाजसेवी अशोक पांडे ने प्राचार्य और सभी शिक्षकों से मिलकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित प्राचार्य श्री पाठक ने सभी लोगों को शुभकामना देते हुए कहा कि सचिव के द्वारा जो हमें जिम्मेवारी सौंपी गई है । उसका निर्वहन जवाबदेही के साथ करूंगा। विद्यालय की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। फिर भी पूरे विद्यालय परिवार के लोगों के सहयोग से पूर्ण करने का कार्य करूंगा।

## ग्रामीणों ने पथ निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के वार्ड दस में पांडेपुर, डिहरिया सिवान से उरसुला तक एक पीसीसी पथ का निर्माण कार्य चल रहा है। विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा बन रहे इस पथ में घोर अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने निमार्णाधीन सड़क पर जमा होकर अनियमितता का जमकर विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप है कि एनएम कांट्रिकशन के अंतर्गत संवेदक नईमुद्दीन अंसारी प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं कर रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने नप के सहायक नगर आयुक्त मो. प्रवेज को हस्ताक्षर युक्त एक पत्र भी दिया है। पत्र में ग्रामीणों ने सहायक नगर आयुक्त से सड़क निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने यह भी मांग किया है कि सड़क निर्माण कार्य की जांच कराते हुए संवेदक पर कार्रवाई की जाय। विरोध करने वालों में मुन्ना यादव, विंदेश्वर प्रसाद यादव, असगर अंसारी, इमरान अंसारी, सीताराम चंद्रवंशी, इदरीश अंसारी, मुकेश यादव, सुरेश राम, निजामुदीन अंसारी सहित कई लोगों का नाम शामिल हैं।

## सड़क की धूल से दुकानदार परेशान : ओझा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व अध्यक्ष परशुराम ओझा ने दुकानदारों के हित के लिए आगे आये । उन्होंने पलामू उपायुक्त को सूचना दिया कि शाहपुर मेन रोड में फॉरेस्ट विभाग के पास से लेकर मेन रोड की हालत बहुत ही खराब है। वहां के सभी दुकानदार को अपना दुकान चलाना मुश्किल हो गया हैं। रोड की चौड़ाई कम होने के कारण दोनों तरफ गढ़ा हो चुका है। जिससे सड़क की धूल के कारण सभी दुकानदारों को दिनभर धूल का सामना करना पड़ रहा है। जिससे दुकानदारों के लिए शारीरिक क्षति पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि इस रोड को अभिलंब बनवाने की जरूरत है। रोड में दिनभर हाइवा चलता रहता है। धूल के कारण आने जाने वाले राहगीरों को भी दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सभी दुकान में धूल जमा हो जाने से दुकानदारों को कार्य करने में काफी असुविधा हो रही है। उन्होंने उपायुक्त से उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## शिव के रास्ते पर चलकर परलौकिक जीवन को प्राप्त किया जा सकता है : अविनाश



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शिवचर्चा के पलामू प्रणेता भाई धनंजय का जन्मदिन गुरूवार को है । वे लंबे समय से वृक्क की गम्भीर बीमारी से जूझ रहे हैं। जिंदगी और मौत के बीच जिंदगी के जंग जीतने के लिए कृत्रिम रक्त प्रवाह करवाया जा रहा है। बेहतर ईलाज के बाद वे दिल्ली से पलामू लौटे हैं। सभी गुरुभाई बहनों में उनकी एक झलक पाने के लिए खुशी की लहर दौड़ आई। सबों ने उनके इच्छा अनुसार पांकी प्रखण्ड के कोनवाई गांव के श्मशान घाट पर शिवचर्चा का आयोजन किया और सामुहिक रूप से भाई धनंजय का दीदार किया। साथ ही उनके स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना की गई। मौके पर कामेश सोनी,देवन्ति देवी,अनिल प्रजापत्ति, सकेन्द्र ,कमला बहन,गोकुला नंद तिवारी,बहन प्रभावती,भाई राधेश्याम, प्रतिमा बहन, प्रयाग पांडेय ,उदय ,लड्डू सिंह,साकेत सिंह,आमोद सिंह,कमलदेव सिंह एवं भाई रोहित कुमार। उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुका है नगर परिषद कार्यालय : राहुल

### छह बिंदुओं पर आरटीआई से मांगी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** आरटीआई सह सामाजिक कार्यकर्ता राहुल दुबे ने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुका है। केंद्र व राज्य के सभी योजनाओं में लूट मची हुई है। लूट में अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक की संलिप्तता है। श्री दुबे बुधवार को विश्रामपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी अपना गुनाह छिपाते हुए पीएमओ व सीएमओ को भी गलत जानकारी देते हैं। गहनता से जांच हो तो अधिकारियों कर्मचारियों के झूठ का पदार्फाश हो जायेगा। श्री दुबे ने कहा कि भ्रष्टाचार तो नप कार्यालय में पहले भी था। लेकिन पिछले तीन साल में यह चरम पर पहुंच गया है। जिसे रोकने हेतु सबको आगे आना होगा। जरूरत पड़ी तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नप कार्यालय ने पीएमओ को लिखित रूप से बताया है कि नगर परिषद के सभी बीस वार्ड में छह सौ से भी ज्यादा चापानल गड़वाया गया है। जबकि धरातल पर एक सौ चापानल भी नही गड़ा हुआ है। पांच सौ चापानल कहां है, इसकी जानकारी आरटीआई के माध्यम से मांगी गई है। इसके अलावा पांच और बिंदुओं पर आरटीआई के माध्यम से ही जानकारी मांगी गई है। जैसे ही जानकारी प्राप्त होगी वैसी ही अग्रेतर कार्रवाई शुरू की जायेगी।

## हुसैनाबाद महिला पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के हैदरनगर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरसोत के फरार अभियुक्तों के घर पर बुधवार को हुसैनाबाद महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज ने न्यायालय के आदेश पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान उन्होंने बताया कि उक्त अभियुक्त पर हुसैनाबाद महिला थाना काण्ड 11/2022 का केस हैं। जिसमें न्यायालय का जीआर नम्बर 1852 के अभियुक्त सुलेमान अंसारी, पिता स्व.रमजान अंसारी, एवं यासमीन बीबी पति समीम अंसारी दोनों अभियुक्त फरार चल रहे है। जिन्हें न्यायालय से इश्तेहार निकाला गया हैं जो 11 जनवरी 2023 को उनके घर पर चिपकाया जा रहा हैं। आगे उन्होंने कहा कि उक्त दोनों अभियुक्तों को 16 फरवरी 2023 तक सशरीर न्यायालय में आत्मसमर्पण करना अनिवार्य हैं। नहीं तो उक्त दोनों पर न्यायालय के आदेश पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर हैदरनगर थाना के एसआई संजीव कुमार शस्त्र बल एवं महिला थाना हुसैनाबाद के एसआई चंद्रदीप प्रसाद, कॉन्स्टेबल गुड्डी कुमारी,मुंशी अजय कुमार तिवारी क्षेत्र के चौकीदार एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### जवान की कजरी में संदिग्ध मौत

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के झगरुआ गांव के रहने वाले जैप तीन के जवान आनंद कुमार की लाश को कजरी रेलवे स्टेशन के समीप से संदिग्ध हालत में रेलवे पुलिस ने बरामद की है। जानकारी के अनुसार जवान इन दिनों झारखंड के गिरिडीह जिले में पद स्थापित था। 15 दिन पूर्व छुट्टी बिताने अपने गांव रेहला थाना अंतर्गत झगरुआ आया हुआ था। जवान के भाई सोनू की माने तो शनिवार को उनका भाई ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए घर से निकला था। रविवार को जानकारी मिली की कजरी रेलवे पुलिस द्वारा एक लाश को बरामद की गई है। जिसे देखने सोनू गया तो पता चला की यह तो उसके भाई आनंद का ही शव है। वही जवान के परिजन की माने तो घटना स्थल से जवान की पूर्व की कोई भी समान जैसे मोबाइल, बैग इत्यादी सामग्री बरामद नहीं हुई है।

## तेंदुआ व जगंली जानवरों से ग्रामीण परेशान, रात जग कर बिताने को विवश



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** पलामू जिले के सतबरवा सदर प्रखंड क्षेत्र के डूबलगंज गांव में तेंदुआ और जंगली जानवरों के भय से रात भर जागने को विवश है मलय डैम के विस्थापित ग्रामीण। तीन दर्जन परिवारों को पोलपोल पंचायत के औरंगा नदी के किनारे डूबलगंज गांव में बसाया गया है। वहां के ग्रामीणों काफी भयभीत है। उन्होंने बताया कि तेंदुआ तथा अन्य जंगली जानवरों के भय से हमलोग रात भर जाग कर बिताते हैं। ग्रामीणों के अनुसार नदी के उस पार जगंली जानवर हमेंशा शोर मचाते है। वहीं रबदा पंचायत के उप मुखिया फुलवरिया के उमेश सिंह ने बताया कि पलामू किला के पास कई लोगों ने तेंदुए जैसे जानवर को सड़क से पार करते हुए देखा है । जिससे वहां के ग्रामीण भयभीत है। ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है ।कुछ ही दिन पहले बखौरीडेरा लाली माटी ग्राम निवासी मजदूर राजदेव सिंह पर अज्ञात जंगली जानवर ने हमला कर दिया था। घायल राजदेव सिंह का ईलाज अभी रिम्स में चल रहा है। विदित हो कि पीटीआर के अधीन पलामू किला तथा औरंगा नदी का क्षेत्र पड़ता है।

### सदर अस्पताल में महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सूदना निवासी सुदामा गुप्ता की पत्नी शीला देवी की मौत सदर अस्पताल में इंजेक्शन देने के दौरान हो गई। मौत होने के बाद परिजन अस्पताल में हल्ला हंगामा करने लगे। वही हल्ला हंगामा की घटना की खबर मिलते ही प्रभारी रेवा शंकर राणा सदर अस्पताल पहुंचकर मामले को शांत कराने में जुट गए हैं। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि मंगलवार की शाम शीला देवी की तबीयत अचानक खराब हो गई । इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर आये। जहां नौ सीखिए कंपाउंडर के द्वारा एट्रोपिन इंजेक्शन देने की वजह से महिला की मौत हो गई।

## सबका विकास योजना के तहत ग्राम सभा में आसेहार पहुंचे बीडीओ

### चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के आसेहार पंचायत भवन में बुधवार को सबकी योजना - सबका विकास के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन पंचायत के मुखिया देवसागर राम की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार पहुंचकर लोगों को योजना के बारे में जानकारी दी और चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत क्षेत्र में चल रहे मनरेगा योजना के तहत डोभा निर्माण का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार ने कार्यो की काफी सराहना की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान गरीबी मुक्त आजीविका उन्नत ग्राम , स्वास्थ्य ग्राम , बाल हितैषी ग्राम , पर्याप्त जल युक्त ग्राम , स्वच्छ एवं हरित ग्राम , आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा वाला ग्राम , सामाजिक रुप से न्याय संगत एवं सुरक्षित ग्राम , अच्छी बुनियादी सुविधाओं वाला गांव , महिला हितैषी ग्राम उपरोक्त सभी बिंदुओं पर चर्चा किया गया। मौके पर सभी सदस्यों को पंचायत में ग्रामवार ग्रामसभा कर बुनियादी ढांचा तैयार कर जनहित में जन उपयोगी योजना चयन कर प्राथमिकता तय करने पर सहमति दी गई। मौके पर मुखिया देवसागर राम ने कहा कि ग्रामीणों के उम्मीदों पर खरा उतर कर पंचायत का विकास करने का काम करेंगे। उन्होंने विकास कार्य में लोगों से सहयोग करने की अपील की है। मौके पर मनरेगा बीपीओ आशीष कुमार , जेई नीतीश शर्मा , मुखिया देवसागर राम , उप मुखिया अमित कुमार शर्मा , पंचायत सचिव राधेश्याम शर्मा , रोजगार सेवक केशर रजा , जेएसएलपीएस के पंचायत समन्वय अमोद शुक्ला , पंचायत समिति बालेश्वर राम , वार्ड सदस्य सह आप पार्टी के नेता कौशल किशोर बच्चन आदि मौजूद थे।

## विधानसभा स्तरीय राजद का वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन कल



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के पुरन्दर बीघा स्थित पूर्व विधायक सह राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के फार्म हाउस परिसर में कल 13 जनवरी दिन शुक्रवार 11 बजे से राजद कार्यकर्ताओं का वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राजद के प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता जाकिर अली उर्फ राज अली ने बताया कि उक्त वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड से हर ग्राम पंचायत के राजद कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के रणनीति पर चर्चा होगी। साथ ही संगठन विस्तार व नये वर्ष में अधिक से अधिक संख्या में नये सदस्यों को राजद से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया जायेगा।

### सहकार भारती का स्थापना दिवस मना

**पांकी।** सहकार भारती की स्थापना दिवस पर विधायक डा. शशिभूषण ने समाज को सशक्त बनाने मे सहकार भारती की काफी सराहना की है। उन्होंने कहा कि सहकार भारती काफी सराहनीय कार्य कर रही है। गांव-गांव तक उद्देश्य को पहुंचाने व महिला सशक्तिकरण की दिशा मे मिल का पत्थर साबित हो रहा है। इस दिशा में पैक्स व कोपरेटिव सोसायटियों को और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**

**:- सूचना :-**

जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के तहत विज्ञापन सं0–03/2022–23, संविदा आधारित Block Wash Coordinator नियुक्ति के लिए **दिनांक 24.09.2022 को विज्ञापन निकाली गई थी।** recruitmentgarhwa2022@gmail.com/Speed post के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा चयन समिति द्वारा की गयी है। समीक्षोपरान्त योग्य एवं अयोग्य अभ्यर्थियों का Provisional Merit List की सूची दावा/शिकायत हेतु NIC Garhwa के Portal पर Upload की गयी है। दावा/शिकायत हेतु **अंतिम तिथि 17.01.2023** कर्यालय अवधि तक है, उक्त तिथि तक अभ्यर्थी अपना दावा/शिकायत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा में आकर या कार्यालय के ई–मेल आईडी recruitmentgarhwa2022@gmail.com पर कर सकते हैं। वर्णित तिथि के बाद किसी प्रकार के दावा/शिकायत पर विचार नहीं किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR287283 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा**
**समग्र शिक्षा अभियान**
**जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401**
दूरभाषः (06541) 253924 इमेल–chatrajepc@ymail.com

**आम सूचना**

प्रशासी पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक GE/08/163/2022/3694 दिनांक 30.12.2022 के आलोक में स्थानीय नीति को परिभाषित करते हुए केवल उन अभ्यर्थियों को विज्ञापन में शामिल किया गया था, जिन्होंने मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा झारखण्ड राज्य से प्राप्त की हो। उक्त नीति को माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड द्वारा निरस्त कर दिया गया है। संशोधित विज्ञापन संख्या 49 दिनांक 10.01.2023 के माध्यम से कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में शिक्षिका/शिक्षकेत्तर कर्मियों का पूर्णतया एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिलाओं से विहित प्रपत्र मे आवेदन दिनांक 20.01.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समग्र शिक्षा अभियान चतरा में आमंत्रित किया जाता है ।

| Sl.No. | Name of Post | Vacancy | Roster UR | BC-I | BC-II | SC | ST | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–भाषा | 3 | 1 | - | - | 1 | 1 | 3 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–गणित | 4 | 1 | - | - | 2 | 1 | 4 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–विज्ञान | 7 | 4 | - | - | 2 | 1 | 7 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–सा0विज्ञान | 3 | 1 | - | - | 1 | 1 | 3 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–शारीरिक शिक्षा | 3 | - | - | 1 | 2 | - | 3 |
| 6 | पूर्णकालिक (महिला)–लेखापाल–सह–कम्पयुटर आपरेटर | 2 | - | - | 1 | - | 1 | 2 |
| | कुलयोग | 22 | 7 | - | 2 | 8 | 5 | 22 |

उक्त विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC चतरा के वेबासाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यकम पदाधिकारी,
झा0शि0प0,चतरा

PR287271 (Jharkhand Education Project Council)22-23*D

**कार्यालय:जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0 **10/दिनांक 21.06.2022** के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में राज्य योजना **तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनांतर्गत** लोहरदगा जिले के निबंधित जलाशय मत्स्य जीवी सहयोग समितियों /सदस्यों एवं केज में मछली पालकों से आवेदन आंमत्रित किये जाते हैं:–

| क0 | योजना | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | इकाई लागत (लाख में) | अनुदान की राशि (लाख में) | लाभुक/लाभुक समिति का अंशदान (लाख में) | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज हाउस अधिष्ठापन | 1 | 5.06 | 4.554 | 0.506 | NFDB अथवा Blue revolution योजना अंतर्गत पूर्व के वैसे केज लाभुक जिन्हें केज हाउस का लाभ नहीं मिला हो एवं अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो। |
| 2 | गिल नेट प्रति लाभुक 5 कि0ग्रा0 | 8 | 0.03190 | .02871 | 0.00319 | मछली की शिकारमाही करने वाले जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों /सदस्यों/विस्थापितों तथा कोविड–19 के प्रवासी मजदूर हों। |
| 3 | केज रिपेरिंग | 10 | 0.35 (अनुमानित) | 0.25 (अधिकतम) | – | मरम्मति योग्य पूर्व के निर्मित केज। |
| 4 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/ सदस्यों के लिए नाव | 3 | 0.33 | 0.30 | 0.0300 | मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा सदस्य |
| 5 | पुराने आर0एफ0एफ0 में इनपुट्स | 10 | 0.25 | 0.25 | – | पूर्व के वर्षों में अधिष्ठापित आर0एफ0एफ0 जो वर्त्तमान में सकिय हो। |

आवेदन की अंतिम तिथि: 20.01..2023

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,लोहरदगा

PR 287253 Lohardaga(22-23).D

NEWS इन ब्रीफ

## एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर शहर थाना के एसआई लिली मिंज के नेतृत्व में शहर थाना के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दोपहिया वाहनों को रोककर वाहन के डिक्की, कागजात और हेलमेट की जांच की गई। हेलमेट नहीं पहनने वालों को समझा-बुझाकर छोड़ दिया गया। वहीं जिन वाहनों के कागजात नहीं पाए गये उन्हें लिली मिंज के द्वारा फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा दिया गया।

## अपराधियों ने विधवा महिला के साथ मारपीट की



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल चौक स्थित तालाब के पास अपराधियों ने एक विधवा महिला के घर में घुसकर उसके घर का सारा सामान तोड़फोड़ किया साथ ही घर के लोगों के साथ मारपीट भी की। जानकारी के अनुसार हॉस्पिटल चौक निवासी विधवा महिला सरिता कुंवर के बेटे विशाल कुमार का किसी व्यक्ति के साथ विवाद था। उसी विवाद को लेकर कुछ लोग मंगलवार की शाम 7:00 बजे सरिता कुंवर के घर में घुसकर उसके घर में रखे सारे सामान को तोड़कर घर के परिवार के साथ मारपीट की। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। बताते चलें कि जहां पर लड़ाई हुई वहां पर शराब का अड्डा काफी दिनों से चलता आ रहा है। शराब बिकने की वजह से लोग वहां शराब पीकर अक्सर लड़ते झगड़ते देखे जाते हैं।

## अधिवक्ताओं के समर्थन में उतरे विधायक आलोक

**मेदिनीनगर।** अधिवक्ताओं के आंदोलन के पांचवे दिन डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने नैतिक समर्थन दिया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड सरकार को जनहित में कोर्ट फीस बढ़ोतरी को वापस लेना चाहिए। इससे आम अवाम जनता परेशान हो रही है । यह सिर्फ अधिवक्ताओं का मुद्दा नहीं बल्कि कोर्ट फीस बढ़ोतरी आम जनमानस का मुद्दा है । जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया सकता । कोर्ट फीस बढ़ोतरी जनता पर थोपा गया अतिरिक्त भार है। जिससे गरीबों को न्याय पाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओ के न्यायिक कार्य से अलग रहने के कारण न्याय की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है । उन्होंने कहा कि सरकार अभिलंब कोर्ट फीस बढ़ोतरी वापस ले।

### उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना

# 11 से 17 तक पलामू में सड़क सुरक्षा सप्ताह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बुधवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे,पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा व जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर एलईडी युक्त सड़क जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से रवाना किया। मौके पर सदर एसडीपीओ भी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि जिले में 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत यह रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण कर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा।



**वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन :** उपायुक्त श्री दोड्डे ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें। जिला मुख्यालय में जागरूकता वाहन को रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन से सड़क पर सुरक्षा बनी रहती है। विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और पूरी सावधानी बरतें।

### जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को किया जायेगा जागरूक : डीटीओ

मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से आम जनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जायेगा। यह रथ 17 जनवरी तक पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को विभिन्न माध्यमों से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि इस रथ के माध्यम से जिले के प्रमुख चौक -चौराहों पर यातायात नियमों के पालन हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे से संबंधित ऑडियो क्लिप लोगों को सुनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु कई अन्य तरह के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

**जीवन अनमोल है : एसपी**
इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा ने कहा कि जीवन अनमोल है यह हम सबको समझना होगा। सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने से हम खुद को सुरक्षित रख सकते हैं । साथ ही बेवजह फाइन से भी छुटकारा पाया जा सकता है। इसी तरह सदर एसडीपीओ ने भी सड़क सुरक्षा संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला।

## एलएडीसी का रिजल्ट घोषित छह अधिवक्ता चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने बुधवार को एल एडीसी के लिए चयनित छह अधिवक्ताओं का नाम घोषित कर दिया । विदित हो कि पलामू जिले में एलए डीसी के चीफ व डिप्टी चीफ का एक-एक पद सृजित किया गया है। वही चार पद असिस्टेंट के लिए सृजित है। विदित हो कि जिले में इसके लिए सितंबर महीने में साक्षात्कार लिया गया था। जिसमें काफी संख्या में अधिवक्ताओं ने साक्षात्कार में भाग लिया था। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि एलएडीसी के स्थापना हो जाने से गरीब तबके के लोगों को सुलभ न्याय मिलेगा। साथ ही उनके मामले में पक्ष रखने के लिए एलएडीसी की ओर से नियुक्त अधिवक्ता उनके मामले में पैरवी करेंगे। विदित हो कि एलएडीसी को लेकर पूर्व से ही तैयारी जोर शोर से चल रहा था। इसके लिए कोर्ट भवन में ही कमरा का नवीनीकरण किया गया है। तथा इसके लिए दो चेंबर बनाए गए हैं। तथा काम करने के लिए सभी समान की खरीदारी कर ली गई है। विदित हो कि एल के डीसी चीफ के रूप में अधिवक्ता अमिताभ सिंह का चयन किया गया है । वहीं डिप्टी चीफ के रूप में अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय का चयन किया गया है। असिस्टेंट के रूप में वीर बक्स रे,पुष्कर राज,उत्तम कुमार व कुमारी नीतू सिंह अधिवक्ता का चयन किया गया है। एलएडीसी के लिए चयनित अधिवक्ताओं का झालसा रांची में ट्रेनिग प्रोग्राम का आयोजन किया गया हैं।

# पलामू में मना दिशोम गुरू का जन्म दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के जनक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिवस को धूम-धाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो पलामू द्वारा कई कार्यक्रम किये गए। रानी हॉस्पिटल में मेडिकल कैंप लगाया गया। गरीबों में कंबल और खाद्य सामग्री बांटे गए और केक काट कर गुरुजी के लंबे उम्र की कामना की गई। जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलन के नेतृत्वकर्ता शिबू सोरेन का जन्मदिवस हर साल की भांति इस साल भी लोगों की सेवा करते हुए मनाया गया। गरीबों के बीच का कंबल वितरण किया गया। मेडिकल कैंप लगा कर गरीब मरीजों की सेवा की गई। गुरुजी स्वस्थ रहें, और ईश्वर उन्हें लंबी



उम्र दे। वहीं सचिव सन्नू सिद्धिकी ने कहा कि गुरुजी ने हमें झारखंड राज्य का तोहफा दिया है। उनके त्याग, बलिदान, संघर्ष को लोगों तक पहुंचाने का काम झामुमो पलामू करेगी। मैं ईश्वर से बाबा के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना करता हूँ। मौके पर पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना सिन्हा, संजीव तिवारी, चंदन सिन्हा, सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, रंजन चंद्रवंशी, असफर रब्बानी, पार्टी के वरिष्ठ नेता विभूति सिंह, अविनाश देव, दीपक तिवारी, सन्नी शुक्ला, हाजी लल्लन अभिषेक सिंह, अनुराग प्रताप सिंह, शाहबाज आलम आशुतोष विनायक, देवानंद भारद्वाज, धर्मेंद्र सिंह, डॉ जशवंत सिंह, छोटू त्रिपाठी, मन्नत सिंह, मुकेश सिंह, महिला मोर्चा सुशीला मिश्रा, दीपू चौरसिया, अधिवक्ता, रमेश कुमार,परवेज आलम, नसीम खान शामिल थे।

## सिविल सर्जन ने किया अटल केन्द्र का निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** पलामू सिविल सर्जन अशोक कुमार स्वास्थ्य सेवा को पटरी पर लाने को लेकर लगातार पलामू जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का जायजा ले रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा सिविल सर्जन ने अब शहरी इलाकों में चल रहे अटल क्लीनिक को बेहतर करने की मुहिम शुरू कर दी है। बुधवार को सिविल सर्जन अशोक कुमार अटल क्लीनिक पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने अटल क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन अटल क्लीनिक में कामकाज की सराहना की। उन्होंने बताया कि केंद्र में डॉक्टर नियमित बैठ रहे हैं। उन्होंने बताया जिन केंद्रों में बेहतर काम हो रहा है। वहां के डॉक्टर और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह सह जागरूकता अभियान चला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन के द्वारा बुधवार को गिरिवर हाई स्कूल के प्रांगण से सड़क सुरक्षा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा और ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस दौरान स्कूल के छात्रों ने छह मुहान चौक के पास लोगों के वाहन को रोककर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारियां दी। वही मौके पर उपस्थित शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने वाहन चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की प्रमुख वजह



यातायात नियमों का पालन न करना और असुरक्षित वाहन चलाना है। इसलिए नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अभिभावक 18 साल से नीचे के किशोरों को दो पहिया, चार पहिया वाहन चलाने के लिए न दें । 18 साल से ऊपर के सभी युवकों व पुरुष हेलमेट और सीट बेल्ट व ड्राइविंग लाइसेंस के साथ गाड़ी के कागजात को लेकर चलें । तेज रफ्तार गाड़ी ना चलाये, जिससे कि जीवन संकट में न हो और सामने वाला का भी जीवन संकट में आ जाए। वही विद्यालय के छात्र छात्राओं ने हर चौक चौराहे पर दो पहिया चार पहिया वाहनों से चल रहे लोगों को सड़क सुरक्षा के तहत जागरूक किया।

# आज मनाया जायेगा युवा दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित दुनियाभर में 12 अगस्त को युवा दिवस मनाया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। स्कूल और कॉलेजो में बड़े स्तर पर युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। स्कूल और कॉलेजो में भी युवा दिवस पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। वही राजधानी में भी आज दौड़ का आयोजन किया गया है। किसी भी देश की प्रगति में युवा की भागीदारी सबसे अहम होती है। जिस देश की आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा युवा हो तो फिर उस देश को तरक्की करने और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की संभावना ज्यादा रहती है। देश-दुनिया में हर साल 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

**क्या है उद्देश्य युवा दिवस मनाने का:** इस दिवस का मकसद युवाओं की आवाज और उनके कामों को हर किसी तक पहुंचाने का है। इसके अलावा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस उपाय किए जा सकें। ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसंबर 1999 को फैसला किया था कि हर साल 12 अगस्त को अतंर्राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जायेगा। ये फैसला युवाओं के लिए जिम्मेदार मंत्रियों के विश्व सम्मेलन द्वारा 1998 में दिए गए सुझाव के बाद लिया गया। इसलिए प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र एक विषय तय करता है जो सभी वैश्विक समुदायों और नागरिकों के लिए प्रासंगिक है। पहली बार अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन 2000 में किया गया था। इससे पहले 1985 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतरराष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का मूल उद्देश्य युवाओं की भागीदार सामाजिक, राजनीतिक और आविष्कार करने वाले युवा को सम्मानित करना है।

**2023 का युवा दिवस का थीम:-** इस बार युवा दिवस का थीम विकसित युवा,विकसित भारत है। इस बार राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन यूथ और स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री के साझेदारी में और कर्नाटक गवर्मेंट के सहयोग से किया जा रहा है।

**क्यो मनाया जाता है युवा दिवस:-** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भारत सरकार ने हर साल राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की घोषणा की थी। इसे पहली बार भारत सरकार द्वारा वर्ष 1984 में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। पहला राष्ट्रीय युवा दिवस 1985 में मनाया गया था। यह निर्णय भारत सरकार द्वारा देश के सभी युवाओं को स्वामी विवेकानंद के दर्शन और आदर्शों की ओर प्रेरित करने के लिए लिया गया था।

**लापरवाही** | **अस्पताल में दलालों का बसेरा**

# निर्देश के बावजूद सदर अस्पताल में ड्रेसकोड का नहीं हो रहा पालन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सरकार और विभाग के निर्देश के बाद भी सदर अस्पताल में ड्रेस कोड का पालन नहीं हो रहा है। सदर अस्पताल में इस नियम की अनदेखी की जा रही है, तो ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में क्या हाल होगा, इसका खुद अनुमान लगाया जा सकता है। स्वास्थ्यकर्मियों के ड्रेस कोड में नहीं होने के कारण मरीज या उनके परिजन उनकी पहचान नहीं कर पाते हैं। किसी बात की जानकारी लेने के लिए उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। इससे उन्हें परेशानी होती है। लेकिन, उनकी इस परेशानी को दूर करने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। सदर अस्पताल के ओपीडी व इमरजेंसी वार्ड में देखा गया तो चिकित्सक ड्रेस कोड में नहीं दिखे। कुछ जीएनएम व एएनएम ड्रेस में ड्यूटी करती नजर आईं। लेकिन बालाजी कंपनी के द्वारा तैनात मेडिकल स्टॉफ या फोर्थ




ग्रेड कर्मी के शरीर पर ड्रेस नहीं था। जाहिर है अगर मरीज या उनके परिजन किसी डॉक्टर, नर्स, पैरा मेडिकल स्टॉफ से कुछ जानकारी लेनी हो तो वह उनकी पहचान कैसे कर पायेंगे। ड्रेस कोड पर नेमप्लेट लगा होता है, जिससे उनके बारे में पता चलता है। बताते चलें कि अस्पताल कर्मियों को ड्रेस कोड में ड्यूटी करने से मरीजों व उनके परिजनों को किसी से जानकारी लेने में सहूलियत होती है। वह दलालों के चंगुल में नहीं फंस सकेंगे। अस्पतालों में मरीजों को अपने जाल में फंसाने की फिराक दलाल चक्कर लगाते फिरते हैं। ऐसे बाहरी तत्व पर नजर रखने व उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन किया जा सकता है। पहली बार ऐसे व्यक्ति को बाहर जाने की चेतावनी दी जाये। यदि दूसरी बार वह पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसा करने से सदर अस्पताल में दलाल प्रवेश नहीं कर पायेंगे। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि सदर अस्पताल में ड्रेस पहनकर ड्यूटी करने का निर्देश सभी डॉक्टर व स्टॉफ को दिया गया है। ड्रेस कोड में ड्यूटी नहीं करने पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी। सरकारी गाइड लाइन के अनुसार ओपीडी, इमरजेंसी व सरकारी अस्पतालों में कार्यरत सभी स्तर के स्वास्थ्य कर्मी और चिकित्सा पदाधिकारी को ड्यूटी के क्रम में ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य है। स्वास्थ्य विभाग के जानकार सूत्र बताते हैं कि अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, प्रसव वार्ड, पुरुष सर्जिकल, मेडिकल वार्ड, महिला वार्ड, ब्लड बैंक, ओपीडी, पैथोलॉजी जांच केंद्र, एक्स-रे सेंटर, सिटी स्कैन सेंटर आदि जगहों पर सभी स्तर के कर्मी को ड्रेस कोड में रहना है। अगर बड़े अधिकारी निरीक्षण में आते हैं और स्वास्थ्यकर्मी बिना ड्रेस के दिखे, तो उनपर वह कार्रवाई कर सकते हैं। स्थानीय पदाधिकारी भी विभागीय कार्रवाई कर सकते हैं।



NEWS इन ब्रीफ

## चिकित्सक पर पैसा उगाही का आरोप

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में बीते छह जनवरी को हुए महिला बंध्याकरण के दौरान चिकित्सक द्वारा टिवमर व अन्य बीमारी का बहाना बनाकर पैसा उगाही करने का आरोप लोंगो ने लगाया है। लाभुक असंबन्ध टोला के प्रिया देवी पति डब्लू राम से तीन हजार रुपये । शिंगहिताली निवासी विकास चौबे की पत्नी प्रियंका देवी के पेट में टियूमर के नाम पर ढाई हजार रुपया। तथा काण्डी थाना के उर्मिला देवी पति अजय साह से दो हजार रुपया लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस बावत चिकित्सा पदाधिकारी डा. दिनेश सिंह से पूछे जाने पर बताया कि छह जनवरी के बंध्याकरण में मैं खुद ओटी में था। पैसा मांगे जाने का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। फिर भी मैं जांचों उपरांत सम्बंधित कर्मी पर कर्रवाई करूंगा।

## छात्र छात्राओं को दी गयी पाठ्य सामग्री

**केतार (गढ़वा)।** प्रखंड के लोहरगाडा. पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेरौनी के छात्र-छात्राओं के बीच बुधवार को कॉपी का वितरण किया गया। कॉपी का वितरण मुखिया नीलम देवी और प्रधानाध्यापक रामानन्द प्रसाद ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने बताया की कक्षा प्रथम से आठवीं तक के छात्रों के बीच कॉपी वितरण किया जाना है। कक्षा छठी 59 और सातवीं के 87 छात्र- छात्राओं के बीच दस -दस सेट कॉपी वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि कॉपी मिलने से बच्चों को पढ़ाई करने में हो रही परेशानी दूर होगी। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अर्जुन राम, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, मुखिया प्रतिनिधि सिताराम शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## बाइक के धक्के से स्कूली छात्रा घायल

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** खरौंधी मोड़ के पास बाइक के धक्के से एक स्कूली छात्रा घायल हो गई। घायल छात्रा मकरी निवासी आमोद बैठा की पुत्री चंदा कुमारी है। घायलावस्था में स्थानीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए ले जाया गया। जहां आयुष चिकित्सक नितीश भारती द्वारा ईलाज किया गया। आमोद बैठा ने जानकारी देते हुए बताया कि बेटी बुनियादी विद्यालय से पढ़ कर घर जा रही थी। जाने के क्रम में खरौंधी मोड़ के पास अरसली निवासी गोविंद प्रजापती के पुत्र रितेश कुमार ने बाइक से धक्का मार दिया।

## झामुमो नेताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया

**धुरकी (गढ़वा)।** वन परिसर में झामुमो प्रखंड कमेटी एवं पंचायत कमेटी ने दिशोमगुरु का जन्मदिन मनाया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने केक काटकर गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य के संस्थापक एवं गरीब शोषित दलित आदिवासी के हक अधिकार के लिए पूरे जीवन संघर्ष में रहे हैं। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में सभी जरूरतमंदों को हक अधिकार मिल रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुरु जी का जन्मदिन सभी कार्यकर्ताओं ने जोश एवं उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर जिला कार्यसमिति सदस्य जानकी सिंह, अफजल अंसारी, उप प्रमुख धर्मेन्द्र यादव, महिला प्रखंड अध्यक्ष पचिया देवी, अख्तर अंसारी, शंकर यादव, पंचायत अध्यक्ष उमेश राम, असगर अंसारी, सिवकुमार कोरवा, अनिल कोरवा, उपस्थित थे।

## मुखिया ने बच्चों के बीच पोशाक का किया वितरण

**मंझिआंव (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पृथ्वीपुर उर्दू प्राथमिक विद्यालय एवं अंबेडकर टोला सरकोनी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रथम वर्ग से द्वितीय वर्ग तक 24 बच्चों के बीच करमडीह पंचायत के मुखिया मुसरत जहां एवं पृथ्वीपुर उर्दू विद्यालय के प्रधानाध्यापक गांव खान राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र राम ने पोशाक वितरण किया। वहीं मुखिया ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ने की अपील किया।

# शिक्षा से ही विकसित समाज की कल्पना संभव : मिथिलेश

## आधारभूत संरचना व सुदृढ़ीकरण के लिए छह करोड़ रुपए स्वीकृत

### गोवावल उवि डुमरिया में कक्षा व चहारदीवारी का भी होगा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के नौ उच्च विद्यालयों की आधारभूत संरचना का विकास एवं सुदृढ़ीकरण के लिए छह करोड़, 41 लाख, तीन हजार, 137 रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इनमें अत्यंत महत्वपूर्ण योजना गढ़वा सदर प्रखंड के राजकीयकृत गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया की आधारभूत संरचना के साथ-साथ चहारदिवारी का भी निर्माण कार्य शामिल है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले में अन्य सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए झारखंड सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर नौ उच्च विद्यालयों के आधारभूत संरचना का विकास एवं सुदृढ़ीकरण करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें राजकीय कृत उच्च विद्यालय डुमरिया, राजकीय कृत उच्च विद्यालय खरौंधा एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय उदयपुर रमकंडा प्रत्येक का एक करोड़, 38 लाख, 44 हजार 900 रुपए की लागत से उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय भवन का निर्माण कार्य किया जायेगा। जबकि राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोरटा का अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण के लिए 85 लाख, 21 हजार 700, मेराल प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाना, उच्च विद्यालय पेसका, गढ़वा प्रखंड का गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया का चहारदीवारी निर्माण के लिए एक करोड़, 33 लाख, 89 हजार 858 रुपए, राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी का सुदृढ़ीकरण के लिए चार लाख, 53 हजार, 760 रुपए तथा राजकीय



कृत उच्च विद्यालय टाटीदीरी का सुदृढ़ीकरण के लिए दो लाख, तीन हजार, 119 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इनमें गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया का अत्यंत ही महत्वपूर्ण योजना है। यह विद्यालय लंबे अरसे से उपेक्षित पड़ा हुआ था। यहां न तो बेहतर पढ़ाई के लिए आधारभूत संरचना उपलब्ध थी, और न ही इस विद्यालय की आज तक चहारदीवारी ही हो पाई थी। बताया जाता है कि इस क्षेत्र के पूर्व विधायक ने इसी विद्यालय से पढ़ाई भी की थी। साथ ही उन्हें 10 वर्षों तक इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का भी मौका मिला था। फिर भी यह विद्यालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा था। क्षेत्र के लोग विद्यालय की दयनीय स्थिति से काफी दुखी थे। परंतु अब यहां विद्यालय के विकास एवं निर्माण से क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी है। चहारदीवारी नहीं होने के कारण छात्राएं भी काफी असुरक्षित महसूस कर रही थी। अब छात्र-छात्राओं सहित पूरा विद्यालय परिवार चहारदीवारी में सुरक्षित महसूस करेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए धरातल पर काम करने एवं झूठ बोलकर जनता के साथ छल करने में काफी अंतर है। झूठ फरेब का लाईफ लंबा नहीं होता है। बल्कि धरातल पर इमानदारी पूर्वक किये गये कार्य आजीवन लोगों के जेहन में रहते हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा एवं शिक्षा सहित हर क्षेत्र में चौतरफा विकास कर रही है। आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में शिक्षा की बेहतरी के लिए कई कार्य किये जा रहे हैं। गांव-गांव में बेहतर शीक्षा की व्यवस्था की जा रही है। पहले गांव की छात्राएं नजदीक में व्यवस्था नहीं होने के कारण उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाती थी। यहां तक कि अधिकांश छात्र भी प्राईमरी एवं माध्यमिक के बाद पढ़ाई छोड़ देते थे। परंतु अब छात्र-छात्राओ को अपने गांव, घर के नजदीक ही माध्यमिक एवं प्लस टू तक की बेहतर शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक गरीबों के बच्चे पढ़ेंगे नहीं, हर क्षेत्र में शिक्षा का विकास नहीं होगा, तब तक विकसित समाज, विकसित राज्य एवं विकसित राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में अन्य विद्यालयों का भी विकास का कार्य किया जाएगा।

## बसपा सुप्रीमो का जन्म दिवस मनाने को लेकर बैठक



**गढ़वा।** जिला कार्यालय पर बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती के 67वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर जन कल्याणकारी दिवस मनाने को लेकर जिला कमिटी एवं विधानसभा कमिटी के साथ बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जन कल्याणकारी दिवस के रूप में गढ़वा सदर हॉस्पिटल में मरीजों के बीच फल का वितरण किया जायेगा। साथ ही बहन कुमारी मायावती के जन्मदिन के शुभ अवसर पर गढ़वा जिला कार्यालय पर केक काटकर जन्म उत्सव मनाया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव मनीष कुमार, सेक्टर प्रभारी गिरजानंदन उराव, विशिष्ट अतिथि सुनेश्वर सिंह, गढ़वा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र चंद्रवंशी, गढ़वा जिला सचिव सुनेश्वर राम, संदीप कुमार सुमन, गढ़वा विधानसभा अध्यक्ष राम आशीष राम, रामचंद्र राम, वहीद अंसारी, एवं तमाम जिला कमेटी के सदस्य एवं भवनाथपुर विधानसभा एवं गढ़वा विधानसभा कमेटी के सदस्य एवं प्रखंड कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## दिशोम गुरु का 79 वां जन्मदिन मना

**बड़गड़ (गढ़वा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी बड़गड़ के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पार्टी के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 79 वां जन्मदिन मनाया। मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित कर शिबू सोरेन के तस्वीर के समक्ष केक काटकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उनके जन्म दिवस का एक दूसरे को सुभकामनाएं दी। इस दौरान झामुमो के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य जयप्रकाश मिंज ने शिबू सोरेन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके लगातार संघर्ष के कारण राज्य में एक मजबूत संगठन के रूप में झामुमो पार्टी सामने उभर कर आई। झारखंड को अलग राज्य बनाने में इनके संघर्ष के रूप में अहम योगदान रहा है। शिबू सोरेन के बताए मार्ग पर चलकर हर समस्या के समाधान के लिए लगातार संघर्ष करने की जरूरत है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज, सचिव अमानत अंसारी, संदीप गुप्ता, अयूब हक, मिलयानुस केरकेट्टा, बुधलाल केरकेट्टा, सोपान कच्छप आदि उपास्थि थे।

## बुजुर्ग का शव तालाब में तैरता मिला

**चिनिया (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के बरवाडीह ओपी अंतर्गत बंदुआ गांव निवासी देवनारायण कोरवा उम्र 65 वर्ष के तालाब में डूब कर संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। इसकी जानकारी देते हुए बरवाडीह ओपी प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि 1 सप्ताह पूर्व बुधवार को गुमशुदगी की जानकारी दी गई थी। जिसे बीते एक सप्ताह से उसकी खोजबीन की जा रही थी। वही मंगलवार की शाम को तालाब में शव को तैरते हुए पाया गया है। इसकी सूचना पंचायत के उप मुखिया मनदीप यादव ने बरवाडीह ओपी को दी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही अपने दल बल के साथ ओपी प्रभारी अंजनी कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया है।

## झामुमो नेताओं ने शिबू सोरेन का मनाया जन्मदिन

**खरौंधी (गढ़वा)।** झामुमो प्रखंड कमेटी एवं पंचायत कमेटी ने दिशोमगुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने केक काटकर गुरुजी शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य के संस्थापक एवं गरीब, शोषित, दलित, पिछड़े, आदिवासी के हक अधिकार के लिए पूरे जीवन संघर्ष किया है। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की सरकार में सभी जरूरतमंदों को हक अधिकार मिल रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष गुरुजी का जन्मदिन सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक मनाया।

## सीआरसी से चयनित रसोईया की प्रतियोगिता आयोजित

**खरौंधी (गढ़वा)।** नव प्राथमिक विद्यालय कुम्हार टोली में मंगलवार को प्रखण्ड संसाधन केन्द्र स्तरीय सभी सीआरसी से चयनित रसोईया का प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में सभी रसोईया द्वारा मेनू के अनुसार स्वादिष्ट भोजन बनाया गया। सभी रसोइयों ने मेहनत कर विभिन्न तरह के स्वादिष्ट व्यजंन तैयार किया। सर्व श्रेष्ठ रसोईया का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में बीआरपी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, समाजसेवी ब्रिजविहारी द्विवेदी शामिल थे। सभी रसोईया द्वारा बनाये गए भोजन को निर्णायक मंडल के सदस्यों ने चखा। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने कहा कि सभी रसोईया के द्वारा बनाया गया भोजन स्वादिष्ट है। वहीं प्रतियोगिता में शामिल सभी रसोईया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीआरपी राजेन्द्र प्रसाद गुप्त के द्वारा बताया गया कि विभाग के आदेश के तहत चयनित प्रतिभागियों को विभागीय पुरस्कार की राशि देकर भी सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम मिड डे मिल प्रभारी सोनू कुमार चन्द्रवंशी की उपस्थिति में सभी सीआरपी के देखरेख में संपन्न कराया गया। मौके पर सभी सीआरसी के आये हुये रसोईया सहित बड़ी संख्या में छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रखण्ड स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखण्ड स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, मनरेगा लोकपाल सुशील तिवारी, डीआरपी सुनील कुमार तिवारी ने ज्यूरी के सदस्य अमित यादव, आशीष चतुर्वेदी के द्वारा प्रखण्ड के सभी पंचायतो में 2020-21 में स्वीकृत योजना में हुए अनियमिता के सवाल को उठाया। जिसके बाद ज्यूडीशियल के सदस्यों के द्वारा संबंधित विभाग के कर्मियों से जानकारी लेते हुए जुर्माना लगाया। जनसुनवाई के दौरान वितीय वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 की लंबित योजनाओं की जनसुनवाई की गई। इस दौरान विभिन्न पंचायतों से दर्जनों मामले ज्यूरी टीम के समक्ष आये। जहां मनरेगा के तहत आम बागवानी, वर्मी कम्पोस्ट, कुआं व शेड निर्माण आदि योजनाओं से जुड़े थे। सभी मामलों की समीक्षा के बाद ज्यूरी सदस्यों ने पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, मुखिया समेत संबंधित वेंडर को 100 रुपए से लेकर एक हजार रुपये तक जुमार्ना लगाया गया। साथ ही लंबित योजनाओं को पंद्रह दिन के अंदर पूरा करने का समय दिया गया। कुछ योजनाओं का ऑन द स्पॉट निबटारा कर दिया गया।

## राहुल दुबे बने सबरूम विधानसभा के कांग्रेस पर्यवेक्षक



**खरौंधी (गढ़वा)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने भारतीय कांग्रेस सेवादल के गढ़वा जिला अध्यक्ष प्रखंड के चंदनी निवासी राहुल दुबे को आगामी त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में सबरूम विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक बनाए जाने पर कांग्रेस नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। इससे संबंधित पत्र अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के त्रिपुरा राज्य प्रभारी डाक्टर अजय कुमार ने जारी की है। अध्यक्ष राहुल दुबे को आगामी त्रिपुरा राज्य विधानसभा चुनाव में सबरूम विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक बनाये जाने पर खरौंधी प्रखंडवासी मंटू सिंह, उपेन्द्र दास, एम खान, अहमद राजा, रामलखन यादव, समोद यादव, रवि ठाकुर, रविशंकर प्रसाद रजक, विकलेश राम, निरंजन मेहता, अरविंद गुप्ता, अभिमन्यु कुमार, सुनील कुमार सहित कांग्रेस पार्टी गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबेदुल्लाह अंसारी, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव अरविंद तुफानी, प्रदेश प्रतिनिधि सुशील चौबे, कांग्रेस पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष बिटु पाठक, इंटक के प्रदेश सचिव विवेका त्रिपाठी, कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के झारखंड प्रदेश संयोजक विक्रमजीत सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिषेक तिवारी, युवा कांग्रेस के पूर्व विश्रामपुर विधानसभा अध्यक्ष आशीष गर्ग, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के गढ़वा जिला संयोजक अच्युतानंद तिवारी ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। वहीं राहुल दुबे ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेवारी के लिए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व, अपने सभी सम्मानित राजनेता, अपने मित्रों और शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की ओर से दिये गये सभी महत्वपूर्ण जिम्मेवारीयों को मैं पूरे निष्ठा, समर्पण तथा ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करूंगा

## झामुमो नेताओं ने मनाया दिशोम गुरु का जन्मदिन



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** स्थानीय सिचाई विभाग के परिसर मे झामुमो कार्यकर्ताओ ने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष व दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 79 वा जन्मदिन मनाया। पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने केक काटकर तथा लोगो को केक खिलाकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अलग झारखंड राज्य को लेकर लम्बी लड़ाई लड़ी जिसका परिणाम आज झारखंड़ राज्य अलग हुआ। आज झारखंड राज्य मे झामुमो की सरकार ने राज्य के मुलवासी आदिवासी को 1932 का खतियान स्वीकृत कराकर उनका अधिकार दिलाने का काम किया है। उन्होने कहा कि दिशोम गुरु के आशीर्वाद से राज्य के पिछडी जाति के लोगो को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करा कर उनका अधिकार देने का काम किया है। उन्होने कहा कि दिशोम गुरु राज्य के हर तबके के लोगों के मान सम्मान के लिये लम्बी लडाई लड़ी जिसका परिणाम है की आज राज्य के लोगो को मान सम्मान मिल रहा है। मौके पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, जिला सहसचिव कामता प्रसाद, झामुमो नेत्री किरण देवी, नेहा कुमारी, मुकेश सिन्हा, अमर पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, चंदन पांडेय, बाबू लाल दुबे, गणेश राम, सुधीर प्रसाद, शमीम अंसारी, लालबाबू, मुकेश सिन्हा, सजन सिंह, राजकुमार राम, रमेश चंद्रवंशी, अजय प्रसाद मुखिया सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## ओजस्वी प्रतिभा के धनी हैं शिबू सोरेन : कामेश्वर

**केतार (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आरके सिंह पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 79 वां जन्मदिन मनाया। समारोह की शुरूआत शिबू सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर और केक काटकर किया गया। इस अवसर पर झामुमो नेता कामेश्वर सिंह ने कहा कि शिबू सोरेन का ही देन है की आज झारखंड राज्य अलग बना है। उन्होंने राज्य गठन के लिए वर्षों तक संघर्ष किया। इसका ही प्रतिफल रहा की आज राज्य में गरीब, दलित, शोषित, पीड़ितों की हित की बात करने वाली झामुमो की सरकार बनी है। इस मौके पर नागेन्द्र ठाकुर, ईश्वरी बैद, सुरेश प्रसाद, असर्फी मेहता, छोटन सिंह, नंदू प्रजापति, सुरेश दुबे, इमामुद्दीन अंसारी, अशोक ठाकुर, दिनेश वर्मा जयमाल प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बैरिया गांव में ग्रामीणों ने देखा आदमखोर तेंदुआ को

**भंडरिया (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में आतंक का पर्याय बने आदमखोर तेंदुआ को बुधवार की शाम 4:30 बजे गांव के ग्रामीणों ने देखा। इसकी सूचना वन विभाग एवं शुटर शफथ अली खान के टीम को दी गई। श्री खान के टीम और वन विभाग के लोगों ने बैरिया गांव पहुंचकर तेंदुआ की घेराबंदी शुरू कर दी है। शुटर शफथ अली खान ने कहा कि तेंदुआ रोज अपना लोकेशन बदल रहा है। बैरिया, कुशवार आदि गांव के जंगल में होने की लोकेशन मिलते रहती है। उन्होंने कहा कि इसके ताजा पग मार्क के निशान और इसके एस्केप मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं 5 तारीख को और 9 तारीख को अपनी आंख से तेंदुआ को देख चुके है। 10 तारीख को भी पग मार्क मिल चुका था। उन्होंने कहा कि उक्त तेंदुआ 28 दिसंबर के बाद अब तक कोई घटना को अंजाम नहीं दे सका है। जंगल में छोटे जानवर को पकड़ता होगा। उन्होंने कहा कि दिन रात 24 घंटे तेंदुआ के पीछा की जा रही है।

# बाबूलाल मरांडी का 65 वां जन्मदिन मना



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का 65 वां जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। जन्मदिन समारोह का शुभारंभ केक काटकर किया गया। जन्मदिन समारोह को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखण्ड के विकास पुरुष के रूप में जाने जाते है। शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे प्राथमिक शिक्षक के रूप में भी काम किये। इसी क्रम में इनका लगाव राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से हुआ और वहीं से वे राजीनीति से जुड़े। सर्व प्रथम 1998 में ये लोकसभा सदस्य के रूप में चुने गये। ये स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रिमंडल में वन व पर्यावरण मंत्री के रूप में शपथ लिये। 15 नवम्बर 2000 को जब झारखण्ड प्रदेश का गठन हुआ तो झारखण्ड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लिया। अपने मुख्य मंत्रित्व काल में झारखण्ड के विकास के लिये इन्होंने भागीरथ प्रयास किया। इन्होंने रांची को ग्रेटर रांची बनाने, सर्व शिक्षा अभियान के तहत झारखण्ड के सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में ग्राम शिक्षा समिति का गठन कराने, जनकल्याण विभाग से गरीबों के लिये बस योजना, प्राकृतिक संपदा बालू को समस्त झारखंडियों के लिये मुफ्त करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किया। वर्ष 2020 में झारखण्ड भाजपा विरोधी दल के नेता चुने गये। सभी वक्ताओं ने उनके दीघार्यु जीवन की कामना किया। जन्मदिन समारोह में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शारदा महेश प्रताप देव, विजय कुमार केसरी, सूरज गुप्ता, रघुराज पांडेय, शिवधारी राम, ओमप्रकाश गुप्ता, रविन्द्र कुमार पासवान, आनन्द कमलापुरी, कुमार कनिष्क सहित अन्य ने संबोधित किया । कार्यक्रम के अंत मे गरीब, असहाय, निःशक्तों के बीच ठंड से बचाव के लिये कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, मथुरा पासवान, सीताराम जायसवाल, नंदकिशोर यादव, रामेश्वर राम, सोबराती खां, सेवानिवृत्त शिक्षक शिवशंकर प्रसाद, संतोष चंद्रवंशी, रामेश्वर राम, धीरज जायसवाल, सलीम अंसारी, अरुण कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, रमेश प्रसाद, सोबरन चंद्रवंशी, उमाशंकर प्रसाद, कमला सिंह, इस्माइल अंसारी, सुजितलाल अग्रवाल, सरोज सेठ, इंद्रजीत कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**

**कारा निरीक्षणालय कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार**

E-Mail ID.-dj-latehar@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.latehar@gmail.com Phone No.-06565-247660

**ई०–निविदा सूचना e-Tender- HJ&DM/DJ-LATEHAR/Q-2/2023/160**
**e-Tender- HJ&DM/DJ-LATEHAR/Annual/2023-24/160**

1. कारा का नाम–**मंडल कारा, लातेहार।**
2. विषय–कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के निमित ई0–निविदा का आमंत्रण।
**(द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.04.2023 से 30.06.2023 तक) (वार्षिक निविदा दिनांक–01.04.2023 से 31.03.2024 तक)**
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में **संबंधित काराधीक्षक** के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है –
(i)₹ 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–₹ 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
(ii)₹ 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–₹ 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
(iii)₹ 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–₹ 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4. द्वितीय त्रैमासिक निविदा एवं वार्षिक निविदा का ***Tender Fee, EMD*** का ***Original copy*** एवं उल्लेखित नमूना ***(Sample)*** पृथक–पृथक देय होगा।
5-Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि–25.01.2023 से 31.01.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
6. निविदा जमा करने की तिथि–25.01.2023 से 31.01.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
7-Tender Fee, EMD का Original copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक–01.02.2023 के पूर्वाह्न 11:00 से 02.02.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यावधि में मंडल कारा, लातेहार के कार्यालय में जमा करना होगा।
8. निविदा खुलने की तिथि / समय / **स्थान–03.02.2023 को अपराह्न 03:00 बजे अपर समाहर्त्ता, लातेहार** की उपस्थिति में अपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय कक्ष में।
9. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त / स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
10. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0– अधीक्षक,
मंडल कारा, लातेहार

PR287274 (Prison)22-23*D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण अतिअल्पकालीन

ई– निविदा सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-31/2022-23**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिलान्तर्गत सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम नौदी में बैजु उरॉव के घर से अरविन्द उरॉव के घर तक लगभग 800 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 13,21,700.00 | 27000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | लोहरदगा जिलान्तर्गत सेन्हा प्रखण्ड के ग्र ाम सेन्हा आदिवासी मुहल्ला में आंगनबाड़ी से अनिल उरॉव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 13,46,600.00 | 27000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | लोहरदगा जिलान्तर्गत सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम सेन्हा में सेन्हा थाना के समीप PWD रोड से शि ावराम उरॉव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 16,13,400.00 | 33000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | लोहरदगा जिलान्तर्गत कुडू प्रखण्ड के ग्राम मकान्दु आंगनबाड़ी से मध्य विद्यालय तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 23,95,550.00 | 48000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 5 | लोहरदगा जिलान्तर्गत कुडू प्रखण्ड के ग्राम सिंजो नहर पुल से आगे महतो के घर (भाया आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, आदिवासी अखड़ा) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,79,750.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 6 | लोहरदगा जिलान्तर्गत कुडू प्रखण्ड मुख्यालय से पशु चिकित्सालय तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 18,32,750.00 | 37000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 7 | +2 नदिया हिन्दु उच्च विद्यालय, लोहरदगा परिसर में होमी जे0 भाभा कोचिंग सेन्टर लोहरदगा हेतु बिजली मरम्मति, शौचालय निर्माण, पेयजल अधिष्ठापन कार्य। | 19,30,300.00 | 39000.00 | 5000.00 | 3 माह |

2 वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 21.01.2023
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 28.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4 ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, **Bank Credit Certificate** एवं **Affidavit (Section X)** जमा करने की तिथि एवं समय :- 30.01.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक
5 निविदा खोलने का स्थान :- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6 तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 31.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :- **9934523795** (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 287249 Lohardaga(22-23)D

NEWS इन ब्रीफ

## आदिम जनजातियों के बीच कंबल और ऊनी कपड़ों का वितरण

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ की एनएसएस के बैनर तले प्रोफेसरों और विद्यार्थियों के एक टीम ने महुआडांड़ प्रखंड के सुदूरवर्ती बिरिया आदिम जनजाति बहुल गांव सुग्गा बांध का दौरा किया। सुग्गा बांध झारखंड का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, लेकिन विचारणीय बात यह है कि है कि इस गांव में जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं भी अभी तक पहुंच नहीं पाई हैं। इस गांव में सड़क, बिजली, साफ पेयजल, पक्के मकान आदि की सुविधा भी बहाल नहीं हो पाई है। सरकार कितना भी दावा कर ले विकास को लेकर लेकिन झारखंड में गांवों की जमीनी हकीकत बहुत ही दयनीय है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए महाविद्यालय टीम के द्वारा सुग्गा बांध गांव के ग्रामीणों तथा बच्चों के बीच में कंबल और ऊनी कपड़ों का वितरण किया गया। महाविद्यालय के विथार्थियों ने ग्रामीण जन-जीवन को करीब से देखा तथा उनके समस्याओं को भी जानने का प्रयास किया। इस अवसर पर एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर मैक्सेंसियस कुजूर, राजीव कुमार और विद्यार्थी एल्विन लकड़ा, अंकिता खलखो, आदि उपस्थित थे।

## नारायण समिति ट्रस्ट ने गरम कपड़ा वितरण

**लातेहार।** लातेहार जिला के मनिका प्रखंड के राकीं कला पंचायत में बुधवार को ग्राम नवाटोली टोला मे नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए सैकड़ों असहाय गरीब जरूरतमंदों ग्रामीणों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। इस ट्रस्ट के और से लोगों के बीच लगातार सेवा करने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष प्रसाद ने बताया कि समाज सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है वहीं उन्होंने बताया की हम लोग सुदूरवर्ती गांव में जाकर शिक्षा के प्रति गांव के लोगों को जागरूक करते हैं। वही गरम कपड़ा मिलने के बाद ग्रामीणों में काफी खुशियां देखी जा रही है। मौके में सत्येंद्र प्रसाद, राजू उरांव, लल्लू उरांव, विष्णु देव, गेंदा उरांव, सिरकिशुन उरांव, समेत अनेको लोग उपस्थित थे।

## चार नाबालिगों को सुधार गृह में भेजा

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के डढुआ गांव के चार नबालिगों को बुधवार को जेजेबी में पुस्तुत करने के बाद बाल सुधार गृह भेजा गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने बताया कि दधुआ गांव के चार नाबालिगों द्वारा किसान के खेत मे पटवन को ले लगाए गए मोटर की चोरी की सुचाना मिली थी, सुचाना के आलोक में चारो नबालिग को चोरी के मोटर के साथ निरुद्ध कर किशोर न्याय बोर्ड में पुस्तुत करने के उपरांत बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

# जनता महंगाई से त्रस्त, देश में नफरत फैलाया जा रहा है : सांसद धीरज साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** लातेहार जिला के प्रखंड महुआडांड़ में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रस्तावित भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया गया, यात्रा में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,कांग्रेस मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव अफताब आलम, प्रदेश प्रतिनिधी इस्तखार अहमद, कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य मजहर खान, प्रमोद प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र पासवान, पंकज तिवारी, सुरेन्द्र भारती, हरिशंकर यादव, जयप्रकाश रजक, नसीम अहमद शामिल हुए। प्रस्तावित भारत जोड़ो पदयात्रा विधायक रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में संत जेवियर्स महाविद्यालय स्थित से आंरभ हुई, जो एस एच 9 सड़क से बिरसा चौक पहुंची, बिरसा मुण्डा के



प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया, फिर रामपुर, डीपाटोली, अम्वाटोली, शहीद चौक, दुर्गा बाड़ी होते हुए यात्रा शास्त्री चौक पहुंची, जहां लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, फिर यात्रा जिला परिषद बस स्टैंड पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई, मंच की अध्यक्षाता प्रदेश प्रतिनिधी इस्तखार अहमद ने किया एवं संचालन आदिवासी नेता अजित पाल कुजुर ने किया, मंच पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं विधायक रामचंद्र सिंह समेत अन्य अतिथियों का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया गया।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार लोकतंत्र का गला घोटने का काम कर रही है। लोगो को गुमराह कर कार्पोरेट घराने को लाभ पहुंचा रही है। देश में आज डालर, पाउंड, युरो, आसमान छू रहा है, महंगाई से जनता त्रस्त है, देश में नफरत फैलाया जा रहा है, इस कारण आज देश की स्तिथि काफी खराब हो गई है, केंद्र की मोदी सरकार झूठ और फरेब की राजनिति करके सत्ता हासिल करने में कामयाब हुई थी, 15 लाख रूपए सभी के खाते में देने का झूठा वादा किया था, जिसकी हकिकत जनता आज समझ चुकी है, राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के द्वारा देश में फैलाये जा रहें नफरत को मिटाने का काम कर रहें है। मौके पर प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, मुखिया, उषा खलखो, रोशनी कुजूर, उप मुखिया राजेश टोप्पो, समेत भारी संख्या में पार्टी के समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### देश को गुलामी की ओर ले जाने की हो रही साजिश : रामचंद्र सिंह

**विधायक** रामचंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार संप्रदायक सौहार्द बिगाड़ने का काम कर रही है, महगाई, बेरोजगारी, और नफरत को फैलाकर देश अस्थिर कर दिया है, 2014 के पहले जो देश की हलात थी उसे पूरी तरह से बिगाड़ दिया है, जिसने भी प्रतिष्ठान है उसे प्राइवेटेसन किया जा रहा है, देश को गुलामी की ओर ले जाने की हो रही साजिश हो रही है, इस लिए राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के द्वारा देश के नफरत को मिटाने का काम कर रहे है, इसलिए लोगो को किसी बहकावे में नही आकर देश को नुकसान पहुंचाने वाले लोगो को उखाड़ फेकने की जरूरत है, उन्होंने उपस्थित लोगों से अहवान किया कि भारत जोड़ो यात्रा को जन जन तक पहुंचाने की अवसकता है, ताकि भाजपा के असली चेहरा पहचान सकें। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह वर्तमान जिला सचिव प्रमोद सिंह ने कहां कि भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य देश से नफरत की भावना को खत्म करके अमन चैन बहाल करना और देश को नुकसान पहुंचाने वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है।

# उपायुक्त ने जागरूकता रथ व जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार श्री भोर सिंह यादव ने सड़क सुरक्षा सप्ताह सप्ताह- 2023 अंतर्गत जागरूकता रथ एवं जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उपायुक्त लातेहार ने कहा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत दिनांक 11 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक आमजनों तथा छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला सड़क सुरक्षा समिति के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने लोगों से अपील किया किया कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात एवं सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रन फॉर सेफ्टी, बाइक रैली, प्रभात फेरी, विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित सेमिनार तथा क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, बड़े वाहनों के चालकों के आंख एवं स्वास्थ्य की जांच इत्यादि आयोजित किया



जाएगा।

इस मौके पर अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह एवं अन्य उपस्थित थे। समाहरणालय से माको डाक बंगला तक सड़क सुरक्षा से सम्बंधित जागरूकता रैली भी आयोजित किया गया। जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट ने हिस्सा लिया। जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों सड़क सुरक्षा के नियमों का हमेशा पालन करने का सन्देश दिया गया।

# झामुमो ने मनाया गुरु जी का जन्मदिन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन झामुमो कार्यकर्ताओं ने बुधवार को धूमधाम से मनाया। होटल हाईवे हिल में गुरु जी के जन्मदिन को लेकर विशेष तैयारी की गई थी। नेताओं ने उनके चित्र के समीप केक काटकर जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीघार्यु उम्र की कामना की, प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु ने कहा कि गुरु जी का जीवन काल काफी संघर्ष भरा रहा है उन्होंने जिस सुनहरे झारखंड का सपना देखा था उसे आज उनके पुत्र सह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरा कर रहे हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा, प्रखंड सचिव मो इजहार, प्रखंड उपाध्यक्ष मो सरफराज, शोशल मीडिया प्रभारी सुभम कुमार गिरी, असगर अली, सुरेंद्र उंराव, रशीद खान, कमल भुइयां, चन्द्रदेव उंराव, दिलीप गंझु समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### समाजसेवियों ने प्रथम सीएम को दी जन्मदिन की बधाई

**लातेहार।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और विपक्षी दल के नेता बाबूलाल मरांडी के जन्मदिवस के अवसर पर स्थानीय समाजसेवियों ने बधाई दी है। लातेहार के प्रसिद्ध व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मोती प्रसाद सोनी ने श्री बाबूलाल मरांडी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य को नई दिशा देने में और समाज को सही रास्ते पर ले जाने में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी हमेशा ही अग्रणी रहे हैं। इन्होंने हमेशा समाज की भलाई की राजनीति की है। वर्तमान की राजनीति व्यवस्था के बीच बाबूलाल मरांडी सकारात्मक राजनीति के एक मिसाल हैं। वर्तमान समय में ऐसे ही राजनीतिज्ञ की जरूरत है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार शौंडिक ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी राजनीति में समाज के लिए उदाहरण है। बेदाग छवि और सकारात्मक राजनीति ही इनकी पहचान है। मौके पर कई अन्य लोगों ने भी श्री मरांडी के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी।



## शिक्षकों के 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण समापन

**प्रतापपुर (चतरा)।** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के आयुष निदेशालय द्वारा प्रतापपुर प्रखंड में शिक्षकों का आयोजित पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण बुधवार को संपन हो गया। प्रखंड अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक सभी सरकारी स्कूल के एक-एक शिक्षकों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 75 शिक्षक शामिल थे। प्रशिक्षण जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अवध नाथ यादव के निर्देशानुसार योग प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉक्टर महबूब आलम के द्वारा किया गया। प्रतापपुर प्रखंड के एसएस $2 हाई स्कूल के प्रांगण में तीन क्लस्टर बनाये गये थे। योग प्रशिक्षक मोहित कुमार, अनुज कुमार यादव, किशोर कुमार के द्वारा योग का प्रशिक्षण क्रमवार दिया गया।

# बोदा में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

### संवेदक के कार्य में अनियमितता बरते जाने की कही बात

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बोदा पंचायत के चिरो गांव में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजु उंराव, सासंद प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव के द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य में संवेदक के द्वारा भारी पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही थी जिसे देख सभी लोगो ने नाराजगी जाहिर की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में निम्न स्तर का बालू इस्तेमाल किया जा रहा है साथ ही सड़क का थिकनेस इस्टीमेट से काफी कम है जिसकी शिकायत तत्काल दूरभाष पर जेई संतोष उंराव से की गई। शिकायत के बाद




जेइ के द्वारा तुरंत संवेदक को कार्य में गुणवत्ता लाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है। जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव ने कहा कि सड़क विकास का आइना होता है सड़क की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। उक्त सड़क पर चल रहे निर्माण कार्य का लगातार ग्रामीण शिकायत कर रहे थे उन्होंने काम करा रहे व्यक्ति से कार्य में गुणवत्ता लाने की बात कही है। मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों से स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण के दौरान जमीन संबंधित समस्या को भी रखा गया जिसपर जनप्रतिनिधियों ने संवेदक और ग्रामीणों को बैठकर इसका हल निकालने की बात कही। मौके पर बोदा मुखिया ललिता देवी, पंसस शुशीला टोप्पो, समाजसेवी इरशाद मुन्ना समेत स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# खतियानी जोहार यात्रा की सफलता पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के सामुदायिक भवन में मंगलवार को प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा इकाई की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अफजाल अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मनिका जिला परिषद सदस्य सह केंद्रीय कमेटी सदस्य बलवंत सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल मनोहर, जिला संयुक्त सचिव अरुण सिंह खरवार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में प्रदेश के मख्यमंत्री की जनवरी माह में लातेहार में होने



वाली खतियानी जोहार यात्रा की सफलता पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम का स्वागत करते हुए। बरवाडीह प्रखंड से अधिक से अधिक संख्या झामुमो सदस्यों को लातेहार चलने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की सफलता को लेकर रूपरेखा भी तैयार किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने हेमंत सोरेन सरकार द्वारा लाए गए 1932 खतियान को ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसका स्वागत किया। बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई को मजबूती प्रदान करने हेतु कई सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। वही बैठक में उपस्थित अतिथियों की देखरेख में झारखंड मुक्ति प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष अफजाल अंसारी, बाबू राम सिंह प्रखंड सचिव, उदयनाथ सिंह उपसचिव, अवधेश सिंह, रामजन्म सिंह, संजय सिन्हा प्रखंड उपाध्यक्ष, संगठन सचिव ललन तुरी, चंदेश्वर तूरी, कोषाध्यक्ष बनाए गए। वही बैठक में काफी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा सदस्य उपस्थित थे।

# झामुमो का झंडा बुलंद करने वाले महेंद्र उरांव नहीं रहे, शोक

### शिबू सोरेन को मानते थे अपना आदर्श

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** पलामू प्रमंडल में 80 के दशक में झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई करने वाले झारखंड आंदोलनकारी महेंद्र उरांव का अचानक देहांत हो गया।उन्होंने चंदवा कुसुम टोली स्थित निवास स्थान पर अंतिम सांस ली। श्री उरांव लगभग 68 के थे। इनका दाह संस्कार का कार्यक्रम इनके परिजनों के द्वारा देवनद नदी श्मशान घाट पर मंगलवार देर रात कर दिया गया, वे पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके राजनीतिक जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव आया पर मरते समय तक दिशोम गुरु शिबू सोरेन को अपना आदर्श मानते रहे और अपने को झारखंड मुक्ति मोर्चा से कभी अलग नहीं किया। श्री उरांव झारखंड अलग राज्य बनने तक आंदोलनरत रहे गांव देहात के लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए रात दिन एक कर कारवां को आगे बढ़ाते रहे। पर सरकार द्वारा गठित चिन्हितीकरण आयोग उन्हें नहीं कर पाई आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित। झारखंड को बने 22 वर्ष गुजर जाने के बाद भी झारखंड



आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग द्वारा चिन्हित नहीं किए जा सके महेंद्र उरांव को इस बात का मलाल रह गया। पलामू प्रमंडल में झामुमो का परचम लहराने वाले और अलग झारखंड के आंदोलन के आवाज को बुलंद करने वालो में उनका नाम सबसे ऊपर रहेगा। उनके निधन पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा,केंद्रीय सदस्य पपन खान,प्रखंड सचिव मो इजहार, चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव, मो सरफराज, मालहन मुखिया जतरु कुमार मुंडा,हरि कुमार भगत झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के जितेंद्र सिंह आदि लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस को लेकर समिति का गठन

**गिद्धौर (चतरा)।** बुधवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय सार्वजनिक नव युवक विकास संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष बबलू कुमार साव व संचालन विकास कुमार ने किया। बैठक में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि वर्षों बाद गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा एक ही दिन होने जा रहा है। जो काफी गौरव का क्षण है। पूजा के साथ गणतंत्र दिवस को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लेते हुए समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बबलू कुमार साव को अध्यक्ष, सुनील कुमार राणा को उपाध्यक्ष, विकास कुमार को सचिव तथा संतोष कुमार निराला को कोषाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही सूचना मंत्री गैंदलाल कुमार, शंकर कुमार साव, निर्देशक पूर्व मुखिया राजेश दांगी, विजय दांगी, कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, कमलेश कुमार, वहीं निगरानी समिति में बंसी दांगी, आशीष कुमार साव, लक्ष्मण दांगी, परमेश्वर दांगी, घनश्याम कुमार दास प्रयाग दांगी, मंटू कुमार, राजेश कुमार, दिनेश्वर राणा को शामिल किया गया।

# रैयती प्लॉटः दबंगों के पेड़ काटने पर कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड निवासी शंकर पासवान ने उपायुक्त को आवेदन देकर अपनी रैयती प्लॉट में दबंगों के द्वारा पेड़ काटने को लेकर अभिलंब कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया मनिका निवासी रंजीत प्रसाद पिता नरेश प्रसाद मनिका निवासी के द्वारा दिनांक 3/1/2023 को मेरा रैयाती प्लॉट में बहुत पुराना चिलबिल का एक विशाल पेड़ रात का फायदा उठाकर विशाल पेड़ को काट दिया। इसका शिकायत मैंने लिखित आवेदन वन विभाग को को दिया। लेकिन अभी तक वन विभाग के द्वारा कोई करवाई नहीं हुआ। दिनांक 9/1/2023 को जब मैं अस्थल में गया रंजीत प्रसाद के द्वारा जेसीबी मशीन से जड़ को कबार कर हटा दिया। जब हमने उससे पूछा मेरा जमीन में जेसीबी से जड़ क्यों हटा रहे गरीब को क्यों शोषण कर रहे हो। इतना ही पूछे जाने पर हम को धमकी देता है कुछ हमें नहीं कर सकते हो गाली गलौज करने लगा और बोला तुमको जहां जाना है तुम वहां चले जाओ हमें कुछ तुम उखाड़ नहीं पाओगे। अपने आपको असहाय पाकर जिला उपायुक्त भोर सिंह से आवेदन देकर न्याय का गुहार कि मांग किया हूं।

# लूटकांड में युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा(चतरा)।** दो दिन पूर्व जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में फेरीवाले से लूटपाट की घटना को पुलिस ने उद्भेदन करते हुए संलिप्त एक अपराधी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त जानकारी प्रेस वार्ता में देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गाडीलौंग निवासी नीरज पांडेय पिता राम अवधार पांडेय के 20 वर्ष फेरी कर जीविकोपार्जन करने वाले से अपराधियों द्वारा मारपीट कर कोयद एवं गोड़ब्रार गांव के बीच पड़ने वाले रास्ते में दिन दहाड़े 46 सौ रुपए तथा एक मोबाइल की लूट हुई थी। शिकायत के आलोक में कांड संख्या 13/23 में मामला दर्ज किया गया था। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ शंभू सिंह के निर्देश पर छापेमारी टीम का गठन किया गया। मोबाइल व प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**बैठक** पंचायत ज्ञान केंद्र व सक्षम ग्राम पंचायत कार्यक्रम के उन्मुखीकरण को लेकर डीडीसी की बैठक

# आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** बुधवार को उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर विकास भवन सभागार में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पंचायत ज्ञान केन्द्र तथा सक्षम ग्राम पंचायत कार्यक्रम के उन्मुखीकरण को लेकर बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से चतरा, सिमरिया एवं हंटरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायतों में जिला पंचायत राज पदाधिकारी तथा नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे पिरामल फाउंडेशन के



प्रतिनिधियों द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिलाओं तथा युवाओं के विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यें पर चर्चा करते हुए बताया गया कि विभिन्न विभागों में समन्वय स्थापित कर ग्राम पंचायतों में कार्य किया जाएगा, जिससे नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर्स में सुधार हो सके। जिले के कुल 17 पंचायतों को चिन्हित कर उन पंचायतों में मुलभुत सुविधाओं यथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, पेयजल एवं स्वच्छता इत्यादि के क्षेत्रों में विकास किया जाना है। साथ ही चिन्हित पंचायतों में पंचायत ज्ञान केन्द्र की स्थापना भी की जानी है। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों का सर्वे कर आधारभूत मूल्यांकन के उपरांत आवश्यक कार्रवाई करते हुए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उक्त बैठक में सिविल सर्जन श्याम नंदन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील निशांत, सदर बीडीओ गणेश रजक, पीएचईडी के कनीय अभियंता, बीईईओ चतरा, हंटरगंज, सिमरिया, पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि अमित भारती, प्रोग्राम लीडर दिपक मिश्रा, गांधी फेलो, नेहा एवं दिपांशी समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# चमातु में सांस्कृतिक उत्सव आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के गणेशपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम चमातू में सांस्कृतिक उत्सव सह लोक नृत्य समागम का आयोजन आज को होगा। इसका आयोजन जन जागरण परिषद के बैनर तले किया जाना है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बात की जानकारी प्रांत सह संयोजक लालू कुमार एवं जिला संयोजक चेतलाल राम दास ने दी। उन्होंने बताया कि प्रकृति ही हमारी संस्कृति है। इसके संरक्षण और बचाव के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया



जा रहा है। वहीं भाजपा नेता सह जिला संयोजक चेतलाल रामदास ने बतलाया कि प्रकृति ही हमारी संस्कृति है और हमारे पूर्वजों ने प्रकृति की पूजा अर्चना एवं देखभाल की है। उन्होंने कहा कि पूर्वजों के द्वारा संरक्षित मिली हुई प्रकृति को समन्वय स्थापित कर हम सभी युवाओं का दायित्व है कि इसका बचाव किया जाए।

### प्रकृति के संरक्षण पर जोर

**उन्होंने** बताया कि पूर्व से ही झारखंड के संस्कृति का बचाव एवं संरक्षण लोक नृत्य एवं गीत के माध्यम से किया जा रहा है। वहीं ध्रुव पांडे ने बताया कि प्राकृति से मिलने वाले सभी वस्तुओं से हमारा भाव जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रकृति का दोहन हो रहा है इसलिए जन जागरण के माध्यम से आम जनता को प्रकृति के संरक्षण का महत्व बताया जाएगा। मौके पर जिला महामंत्री बंसी यादव, पंकज सिंह, भाजयुमो जिला महामंत्री अश्विनी सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, मीडिया प्रभारी विनोद राणा मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

## कुडू उप प्रमुख ने झामुमो सुप्रीमो को जन्मदिन की बधाई दी



**कुडू/लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 79 वें जन्मदिन पर उनके रांची स्थित आवास पर जाकर कुडू प्रखंड उप प्रमुख सह झामुमो नेता ऐनुल अंसारी ने बुके देकर दिशोम गुरु को जन्मदिन की मुबारकबाद दी। इस दौरान राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व राज्य सभा सांसद महुआ माजी भी मौजूद थे। गुरुजी से मिलने पर उनके द्वारा आशीर्वाद मिला और क्षेत्र में जनहित के कार्यों को सूचीबद्ध कर निपटारा कराने हेतु बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। ऐनुल अंसारी ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन आंदोलन से उपजे हुए अलग झारखंड राज्य के योद्धा रहे हैं इन्ही के वजह से आज हम सभी अलग झारखंड राज्य में खुशी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

## पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जोराम मध्य विद्यालय में शिक्षकों के लिये योग प्रशिक्षण का आयोजन आयुष विभाग सिमडेगा द्वारा किया गया। प्रखंड के लगभग 100 शिक्षकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण में योग शिक्षकों ने विभिन्न योगासन से योग का प्रशिक्षण दिया। मुख्य प्रशिक्षक सत्य नारायण मेहर और अजित कुमार यादव शामिल थे। यह योग प्रशिक्षण 7 से 11 जनवरी तक दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक सत्य नारायण मेहर ने जानकारी देते हुवे कहा कि योग के बारे में सभी को निश्चित रूप से जानना चाहिए और प्रत्येक दिन योग करना चाहिए। उन्होंने जानकारी देते हुवे कहा कि योग करने से हमारे शरीर से अनेकों बीमारी ठीक हो जाती है साथ में मन शांत रहता है। इस योग प्रशिक्षण में ताड़ासन, वृक्षाआसन, ग्रीवा चालन, अनुलोम बिमोल, कपालभाति, पवन मुक्तासन आदि चीजों में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

# 70 प्रतिशत से अधिक आवेदन रिजेक्ट किये गये हैं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतर्गत जिला के प्राप्त लक्ष्य और उसके आलोक में प्राप्त आवेदनों पर बैंकों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा बैंकवार की गई। समीक्षा में जिला उद्योग केंद्र के द्वारा बैंकों में अग्रसारित कुल 384 आवेदनों पर बैंकों की ओर से की गई कार्रवाई संतोषप्रद नहीं पायी गई। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत अग्रसारित आवेदनों को लोहरदगा जिला में बैंकों द्वारा बड़ी संख्या में रिजेक्ट किया जा रहा है जो कि सरकार की भावना के विरूद्ध है। निदेश दिया गया कि जिन बैंक प्रबंधकों द्वारा 70 प्रतिशत से अधिक आवेदन रिजेक्ट



किये गये हैं, उन पर कार्रवाई के लिए राज्य स्तर के ऑथोरिटी को लिखें। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, एलडीएम रविंद्र प्रसाद, उद्योग विभाग के पदाधिकारी कुमार रविशंकर, सभी बैंकों के जिला समन्वयक पर अन्य उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक में 40 आवेदनों की समीक्षा

उपायुक्त की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक हुई। बैठक में कुल 40 आवेदनों की समीक्षा की गई और जिला स्तरीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से आवेदकों को दी जानेवाली राशि पर सहमति बनी। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल उपस्थित थे।

### हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ किया रवाना

**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत जिला सड़क सुरक्षा समिति, लोहरदगा के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ 17 जनवरी तक सभी प्रखंडों में भ्रमण करेगा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह में कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसमें आज विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम किया जायेगा। 13 जनवरी को व्यवसायिक/भारी वाहन चालकों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी जिसका दायित्व स्वास्थ्य व परिवहन विभाग का होगा। 14 जनवरी को गलत दिशा में वाहन चलाने और ओवरलोडिंग की जांच से संबंधित विशेष अभियान पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा चलाया जाएगा। 15 जनवरी को रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया जाएगा। 16 जनवरी को क्विज का कार्यक्रम होगा जिसमें विजेता को पुरस्कृत किया जायेगा। 17 जनवरी को सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बर्म्मन समेत अन्य सदस्य व परिवहन विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## बीएस कॉलेज की छात्रा ने विवि स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

**लोहरदगा।** खेलकूद व युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार और रांची विश्वविद्यालय रांची द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में बीएस कॉलेज लोहरदगा की छात्रा उम्मे रूमान ने प्रथम स्थान हासिल किया। उम्मे रूमान कॉलेज के उर्दू विभाग की छात्रा हैं। उक्त प्रतियोगिता खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा 12 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की कड़ी के रूप में आयोजित हुई थी। कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में गत 9 जनवरी को किया गया था, जिसका पुरस्कार वितरण 11 जनवरी को किया गया। बीएस कॉलेज के प्राचार्य शिवकुमार प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर शशि कुमार गुप्ता, प्रो नईम खान ने उम्मे रूमान को बधाई देते हुए कहा है कि उन्होंने न केवल बी एस कॉलेज का, बल्कि पूरे लोहरदगा जिले का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय और राज्य स्तर के कार्यक्रमों में प्रथम स्थान हासिल करना एक प्रशंसनीय कार्य है।

# अवैध बालू खनन व परिवहन में पुलिस ने ट्रैक्टर किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के उरांव मुहल्ला के समीप से पुलिस द्वारा रात्रि में अवैध बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को अवैध बालू खनन एवं परिवहन का गुप्त सूचना प्राप्त हुए था। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के निर्देशानुसार एस आई संतोष कुमार द्वारा कारवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं सहायक खनन पदाधिकारी तथा परिवहन विभाग को सूचना दिया गया। जब्त ट्रैक्टर में रजिस्टेशन नम्बर एवं ट्रॉली नम्बर अंकित नही है। जानकारी के अनुसार बता दें कि अवैध बालू खनन क्षेत्र में लगतार जारी है। जिसपर राज्य सरकार के आदेशनुसार कारवाई की जा रही है। परंतु बालू उठाव पर प्रशासन द्वारा रोक लगाने से विकास योजना भी बाधित हो रहा है। जिसपर विभाग व सरकार का ध्यान आकृष्ट नही हो रहा है। सरकार के निदेर्शानुसार एक तरफ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को मकान निर्माण नही होने पर प्रखंड क्षेत्र के 12 सौ से ऊपर लाभुक को नोटिस भी जारी किया गया है। वही दूसरी तरफ सरकार के दवाव से ट्रैक्टर मालिक बालू का उठाव चोरी छुपे करते है। जिसके कारण बालू नही मिलने से विकास कार्य बाधित हो रहा है।

# पीरामल फाउंडेशन ने बीआरपी सीआरपी को दिया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पिरामल फाऊंडेशन के द्वारा नीति आयोग के सहयोग से 112 जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के इंडिकेटर को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है। इसके तहत जिला में सभी बीआरपी सीआरपी के नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए दो दिवसीय 'नेतृत्व कार्यशाला' का आयोजन जिला प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षमतावर्धन करना एवं जिला के शिक्षक गण एवं बच्चों को गुणवतापूर्ण शिक्षा में सहयोग प्रदान करना। कार्यशाला में पिछले 3 महीने में किए गए बेहतर कार्य अनुभव, कौशल एवं उनके कार्य भूमिका में भावनात्मक बुद्धि



और विकास मानसिकता कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है विषयों पर चर्चा किया गया। प्रशिक्षण के अंत मे प्रशिक्षक द्वारा आने वाले 4 महीनों तक किए जाने वाले कार्यों को विस्तृत रूप से बताया गया जिसके तहत पिरामल फाऊंडेशन द्वारा बीआरपी एवं सीआरपी को कार्य क्षेत्र में तकनीकी सहयोग एवम पठन सामग्री मे सहयोग दिया जाएगा। इस कार्यशाला में जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज के द्वारा बीआरपी एवं सीआरपी के कार्य भूमिका को कैसे गुणवता पूर्ण बना जाए उस पर विशेष जोर दिया गया। इस कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में पिरामल फाऊंडेशन के संजीव जैन, सीमा चक्रवर्ती एवं दीपशिखा कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जिले के सभी बीआरपी एवम सीआरपी, पिरामल फाऊंडेशन के सभी गांधी फेलो एवं प्रोग्राम लीड ने भाग लिया।

## दिशोम गुरु का जन्म दिवस मनाया गया

**बानो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखण्ड कमिटी बानो द्वारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 79 जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इन्सर्ट अस्पताल सोय अस्पताल में सामुहिक रूप से केक काट कर जन्मदिन मनाया गया। साथ ही शिबू सोरेन को बधाई दिया गया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ललित बड़ाईक ने कहा कि झारखंड के महान नेता दिशोम गुरु, पार्टी के प्रमुख शिबू सोरेन के जन्मदिन के अवसर पर उनके दीघार्यु होने की मंगल कामना करते हैं। इस अवसर पर सोय स्थित अस्पताल के मरीजों के बीच फलों का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ललित बड़ाईक, इन्सर्ट अस्पताल के डॉक्टर गोलक नाथ मांझी, दिलीप टोप्पो, सबिता कुमारी, मो तनवीर, बिष्णु महतो जकरियस कंडुलना आदि लोग उपस्थित थे।

# पारा चिकित्सा कर्मी 16 जनवरी से सीएम आवास का करेंगे घेराव, करेंगे हड़ताल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ सिमडेगा द्वारा अपनी मांगों को लेकर 16 जनवरी से मुख्यमंत्री आवास घेराव करने एवं 17 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की सुचना सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार को सौंपा है। उक्त ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास घेराव अपनी विभिन्न मांगों को लेकर की जाएगी तथा 17 जनवरी से अनिश्चितकालीन सभी पारा शिक्षक कर्मी हड़ताल पर चले जाएंगे जिसको लेकर यह सूचना दी जा रही है उन्होंने कहा कि राज्य में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए लेकिन अभी तक स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मियों की स्थिति जस



की तस बनी हुई है। सरकार के गठन से अब तक स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मी, फार्मेसिस्ट, लैब टेक्नीशियन, एएनएम जीएनएम, नेत्र सहायक आदि अभी तक नियमितीकरण के नाम पर सरकार चुनावी वादों के साथ घोषणा पत्र में शामिल किया था लेकिन 10-15 वर्षों से मानदेय पर वर्तमान गम्भीर जैसी परिस्थिति में फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में काम करने के बावजूद सरकार ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि पारा मेडिकल नियमावली 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सभी पारा मेडिकल कर्मियों को विभागीय नियमितीकरण करें जिससे कि उन्हें दिक्कत न हो।

# अवैध शराब के विरूद्ध कुरडेग पुलिस ने चलाया छापेमारी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** कुरडेग पुलिस के द्वारा अवैध देशी शराब के कारोबारियों एवं देशी शराब बनाने वालों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान जारी है ताकि क्षेत्र में शान्ती कायम रहे।क्योंकि लोग अक्सर शराब के नशे में आपस में लड़ाई झगड़े कर लेते हैं। बुधवार को पुलिस अधिक्षक सिमडेगा के आदेशानुसार कुरडेग पुलिस ने थाना क्षेत्र के प्रकाला, घाघमुंडा सहीत कई गांवों में छापेमारी कर जावा महुआ, देशी शराब, शराब बनाने के बर्तन और भट्ठी को पुरी तरह नष्ट कर दिया।

थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 40 किलो ग्राम जावा महुआ सहित बनी हुइ शराब एवं



अर्द्ध निर्मित शराब को नष्ट कर दिया गया। वहीं उन्होने वताया कि पुलिस के आने की भनक लगते ही अवैध शराब के घंधेबाज मौके से भाग निकले। वहीं अवैध शराब के कारोबारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह के अबैध कारोबार करते हुए पकड़े जायेगें तो कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए सीधे जेल भेजे जाएगें समय रहते हुए अवैध कारोबार करना छोड़ दें। पुलिस की इस कार्रवाई से अबैध शराब के कारोबार करने वालों के बीच हड़कम्प मचा हुआ है। थाना प्रभारी ने कहा कि अपराध और अवैध शराब के विरूद्ध पुलिस का अभियान निरतंर जारी रहेगी। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी श्री मुन्ना रमानी, एसआई अजीत प्रकाश, एसआई नरेश मराण्डी और थाना के सशस्त्र बल उपस्थित रहे।

## शिबू सोरेन के 79वें जन्मदिन पर बांटी मरीजों में फल व कंबल

**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पार्टी सुप्रीमों दिशोम गुरू शिबू सोरेन के 79 वें जन्मदिन पर लोहरदगा झामुमो सचिव अनिल उरांव की अगुवाई में सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों के बीच फल सामग्री वितरण कर गुरूजी का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान झामुमो जिला सचिव अनिल उरांव ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो दिशोम गुरू शिबू सोरेन के 79 वें जन्मदिन मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि गुरुजी के मार्गदर्शन पर पूरे झारखंड प्रदेश में हेमंत सोरेन की अगुवाई में विकास कार्यो को गति मिला है। अनिल उरांव ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन कर अलग राज्य लिया।

### गांधी मेला को लेकर डाक प्रक्रिया हुई संपन्न

# 45,57,000 रुपये की लगायी गयी बोली

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में 26 जनवरी के मौके पर लगने वाले ऐतिहासिक गांधी मेला को लेकर सिमडेगा नगर परिषद कार्यालय में बुधवार को दिन के 12:00 बजे डाक बंदोबस्ती का आयोजन किया गया। इस मौके पर डाक बंदोबस्ती कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू के द्वारा की गई। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार के द्वारा सभी प्रकार के कागजातों की जांच करते हुए दो संवेदक जिसमें दीपक कुमार एवं सत्येंद्र शर्मा का चयन किया गया। इस दौरान प्रथम चक्र से डाक की बोली रू. 4552275 से शुरू हुई जो 5 राउंड तक चलते हुए रू. 45,57000 में संपन्न हुई। इधर डाक प्रक्रिया संपन्न होने के साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आवश्यक



जानकारी देते हुए आवेदक को मेला परिसर पर विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही मेला परिसर पर साफ सफाई, वॉलिंटियर्स की प्रतिनियुक्ति, शौचालय की व्यवस्था सहित मेला में आने वाले लोगों की पार्किंग सुगम तरीके से हो इस चीज को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। वहीं इसके अलावा सड़क किनारे दोनों और लगाने वाले दुकान को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सड़क जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए वॉलंटियर्स रहे और सड़क किनारे 8 फीट की दूरी छोड़कर दुकान लगाने की बात कही गई। जिससे कि यातायात आवागमन में लोगों को दिक्कत ना हो। इधर मौके पर उपस्थित पुलिस अंचल निरीक्षक रवि प्रकाश एवं सिमडेगा थाना प्रभारी राज कपूर सेठ ने विधि व्यवस्था को लेकर संवेदक से आवश्यक जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कहा कि सिमडेगा पुलिस बल मेले परिसर पर प्रतिनियुक्त किए जाएंगे ताकि किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत ना हो। उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से मेला परिसर पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही जगह-जगह पर पोस्टर के माध्यम से सीसीटीवी लगाए जाने की जानकारी देने को कहा ताकि असामाजिक तत्वों के द्वारा मेला में किसी प्रकार की उपद्रव ना कर सके। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि ऐतिहासिक मेला को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी लोगों का कर्तव्य है इसके लिए सभी लोग सहयोग करें और इस मेले को लेकर सजग नागरिक का कर्तव्य पूरा करें। डाक बंदोबस्ती के मौके पर मुख्य रूप से प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी हर्षवर्धन सिटी मैनेजर प्रफुल्ल बोदरा, आकाश डेविड सिंह, दंडाधिकारी किशोरी यादव,मनोज मिश्रा सहित नगर परिषद के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक

### उपायुक्त ने की सरकार की संचालित योजनाओं की समीक्षा

# निर्धारित लक्ष्य को जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में जिले में संचालित सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, वित्तीय वर्ष 2022-23 प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना, सहित केसीसी ऋण माफी योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा कर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 8 से 12 वीं कक्षा



तक के छात्राओं को लाभ मुहैया कराने हेतु विभाग से प्राप्त निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कितना आवेदन स्वीकृति किया गया है, कितना छात्राओं का आवेदन लंबित है तथा कितने छात्राओं का पीएफएमएस पोर्टल पर भुगतान संबंधित आ रही समस्याओं की समीक्षा की। उन्होंने पीएफएमएस पोर्टल भुगतान संबंधित आ रही समस्याओं का त्रुटि निराकरण कराते हुए ससमय भुगतान कराने की दिशा में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध जिस प्रखंड शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति नहीं किया है, उसे छात्राओं एवं विद्यालयों से आवेदन प्राप्त करते करते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कराने निर्देश दिया। इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन प्रतिशत को बढ़ाने की बात कहीं। के.सी.सी ऋण वितरण योजना की समीक्षा कर इस वित्तीय वर्ष में केसीसी योजना से अधिक से अधिक किसानों को आच्छादित करने की बात कहीं, तथा बैंक में लंबित आवेदनों का जांच कर ससमय स्वीकृति कराने हेतु एलडीएम को महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। उन्होंने केसीसी ऋण माफी योजना की समीक्षा के क्रम में कहा कि प्रखंड में कैंप का आयोजन कर योग्य किसानों को इसका आवश्य लाभ पहुचायें। साथ ही केसीसी ऋण माफी से संबंधित बैंकवार अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने अन्य आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, एलडीएम, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को डीसी ने दिखाई हरी झंडी

**बुधवार** को उपायुक्त आर. रॉनीटा ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान के अंतर्गत यह रथ 11 से 17 जनवरी 2023 तक जिले के सभी क्षेत्रों में आमजनों को सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारियों के बारे में जागरूक करेगा। साथ ही स्पीकर, बैनर, हार्डिंग, रोड शो, एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ-साथ झारखंड गुड सेमेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत सरकार की ओर से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डेन आवर यानि कि 1 घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाने पर गुड सेमेरिटन के तहत सहायता करने वाले व्यक्तियों को मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी पहुंचाने का कार्य भी करेगी। मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार, अपर समाहर्ता श्री अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव, आपूर्ति पदाधिकारी पूनम कच्छप सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

# संस्कारों में ही शिशुओं का विकास संभव : प्रधानाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा द्वितीय एवं तृतीय के भैया बहनों की अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमे प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने कहा कि शिशु के विकास में संस्कार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पठन-पाठन के साथ-साथ बच्चों के अंतर्गत उनके संस्कारों के माध्यम से ही उनका सर्वांगीण विकास होता है। विद्या भारती के पांच प्राण, शिशु, अभिभावक, आचार्य, समाज इन शिशु के विकास में क्रमबद्ध तरीके से सहयोगी होते हैं ।बच्चा अपने परिवार में प्रथम ज्ञान प्राप्त करता है। विद्यालय में सरस्वती पूजा पर विद्यारंभ संस्कार कराया जाएगा। भैया बहनों के अंतर्गत संस्कारों के माध्यम से ही विकास होता है। महेंद्र




कुमार मिश्र ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ उनके अंतर्गत शारीरिक विकास हेतु खेल प्रतिभा का विकास हो इसके लिए अनेक खेल आयोजित किए जाते हैं। वर्तमान समय में विद्यालय के भैया बहनों ने पूरे प्रांत में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब जीता। इसके पूर्व में विद्यालय के तीन भैया बहन ओलंपियाड खेल हेतु चयनित किए गए थे। जिनके संपूर्ण पठन-पाठन की जिम्मेदारी झारखंड सरकार उठा रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### नायरा एनर्जी में अपनी हिस्सेदारी बेचेगी ट्रैफिगुरा

**नयी दिल्ली।** पेट्रोलियम कारोबार से जुड़ी ट्रैफिगुरा नायरा एनर्जी में अपनी 24.5 प्रतिशत हिस्सेदारी इटली की कंपनी जेनेरा समूह को बेचेगी। ट्रैफिगुरा ने विगत मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। हालांकि, कंपनी ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया है। इटली की कंपनी विशेष उद्देश्यीय इकाई हारा कैपिटल सार्ल के जरिये हिस्सेदारी खरीदेगी। नायरा एनर्जी के पास भारत में देश की तीसरी सबसे बड़ी रिफाइनरी है। उसके पास 6,500 से अधिक पेट्रोल पंपों का नेटवर्क है। कंपनी में रूस की रोसनेफ्ट की बहुलांश हिस्सेदारी है।

### सोना और चांदी की कीमतों में आई तेजी

**नयी दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से वायदा कारोबार में सोने की कीमत 95 रुपये बढ़कर 55,807 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। वहीं चांदी की कीमत 632 रुपये की तेजी के साथ 68,995 रुपये प्रति किग्रा हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में फरवरी में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 95 रुपये यानी 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,807 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें 12,568 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से सोना वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,886.20 डॉलर प्रति औंस रह गया।

# संभावना: इस वित्तीय वर्ष में 6.6% की रफ्तार से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था




**एजेंसी। नयी दिल्ली**
भारत की आर्थिक वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष (2023-24) में घटकर 6.6 प्रतिशत रह जाएगी। विश्व बैंक ने यह अनुमान लगाया है। चालू वित्त वर्ष 2022-23 में वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपने ताजा अनुमान में कहा, हालांकि, भारत सात सबसे बड़े उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वित्त वर्ष 2021-22 में आर्थिक वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। बयान में कहा गया है, वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी और बढ़ती अनिश्चितता का निर्यात और निवेश वृद्धि पर असर पड़ेगा। सरकार ने बुनियादी ढांचे पर खर्च और कारोबार के लिए सुविधाओं पर खर्च बढ़ाया है। हालांकि, यह इससे निजी निवेश जुटाने में मदद मिलेगी और विनिर्माण क्षमता के विस्तार को समर्थन मिलेगा। विश्व बैंक ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर धीमी होकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके बाद यह घटकर छह प्रतिशत से कुछ ऊपर रह सकती है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सालाना आाार पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत रही है। इससे निजी खपत और निवेश में वृद्धि का संकेत मिलता है। पिछले साल ज्यादातर समय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर रही। इसके चलते केंद्रीय बैंक ने मई से दिसंबर के बीच प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि की है। वर्ष 2019 के बाद भारत का वस्तुओं का व्यापार घाटा दोगुना से अधिक हो गया है और यह नवंबर में 24 अरब डॉलर था। कच्चे पेट्रोलियम एवं पेट्रोलियम उत्पादों (7.6 अरब डॉलर) और अन्य वस्तुओं मसलन अयस्क और खनिज मामले में इसके 4.2 अरब डॉलर रहने के कारण व्यापार घाटा बढ़ा है। विश्व बैंक ने कहा कि भारत ने रुपये के मूल्यह्रास पर अंकुश लगाने के लिए विनिमय दर में उतार-चढ़ाव को रोकने को अपने अंतरराष्ट्रीय भंडार (नवंबर में 550 अरब डॉलर, या सकल घरेलू उत्पाद का 16 प्रतिशत) का उपयोग किया।

# रिलायंस कैपिटल के दूसरे दौर की नीलामी के लिए वोटिंग पूरी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**
बैंकक्रप्ट हो चुकी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल के दूसरे राउंड की ई-नीलामी के लिए कर्जदातओं ने वोटिंग की है। रिपोर्ट के मुताबिक नीलामी 9,500 करोड़ रुपये से शुरू की जाएगी, जिसमें 8,000 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान शामिल होगा। बता दें कि पहले दौर की बोली 21 दिसंबर, 2022 को हुई थी, जिसका बेस प्राइस 6,500 करोड़ रुपये था। रिलायंस कैपिटल के नीलामी के लिए वोटिंग सोमवार को शुरू हुआ था और यह विगत मंगलवार दोपहर को खत्म हुआ। नीलामी 16 जनवरी 2023 को हो सकती है। साथ ही पहले राउंड में हुए बोली को भी मान्य रखा जाएगा, जिस कारण कोई भी बोलीदाता अपना बिड प्राइस बढ़ा सकता है। टोरंट और हिंदुजा ग्रुप के अलावा दूसरे राउंड की बोली में अन्य बोलीदाता को मौका मिलेगा। रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए कॉस्मिया पिरामल कंसोर्टियम और ओकट्री कैपिटल के पास बोली लगाने का यह नया अवसर है। हालांकि एक लेंडर का कहना है कि पहले राउंड में कम बोली लगाने वाले इन बोलीदाताओं के अधिक बोली लगाने की संभावना कम है। टोरंट इंवेस्टमेंट्स ने नेशलन कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में रिलायंस कैपिटल के दूसरे दौर की मतदान प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की थी।

## चीन में टेस्ला कार के शोरूमों पर लोगों ने किया जमकर हंगामा

**नयी दिल्ली।** चीन में दुनिया की सबसे बढ़िया इलेक्ट्रिक कार निमार्ता कंपनी टेस्ला को अपने ही फैसले के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल 2022 में टेस्ला कंपनी से कार खरीदने वाले सैकड़ों कार मालिकों ने चीन में कार के शोरूम पर जाकर जमकर हल्ला बोला है। ग्राहकों में गुस्से का माहौल साफ तौर पर देखा जा सकता है। ये वे ग्राहक हैं, जिन्होंने कुछ महीनों पहले ही टेस्ला की कारें खरीदी हैं।

# शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 60,000 के नीचे फिसला




**एजेंसी। नयी दिल्ली**
भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत गुरुवार लगभग सपाट हुई थी पर बाजार खुलने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट गहरा गई है। सेंसेक्स अहम स्तर 60,000 के नीचे फिसल गया है और निफ्टी में भी 18,000 से नीचे के लेवल देखे जा रहे हैं। आज बीएसई का सेंसेक्स 60,134.56 के लेवल पर खुला था और बाजार खुलने के बाद सेंसेक्स में इस समय तक 200 अंकों से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। सेंसेक्स 208.41 अंक यानी 0.35 फीसदी की गिरावट के साथ 59,907.07 पर कारोबार कर रहा है और शुरूआती ट्रेड में तो ये 59,900 के भी नीचे फिसल गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी आज 17,924.25 पर खुला था और इस तरह इसमें भी 18,000 से नीचे के लेवल देखे जा रहे हैं। सुबह 9 बजकर 38 मिनट पर बीएसई के सेंसेक्स के 30 में से 11 शेयरों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है और 19 शेयरों में गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके अलावा एनएसई के निफ्टी में 20 शेयरों में तेजी है और 29 शेयरों में गिरावट के साथ कारोबार देखा जा रहा है। एक शेयर बिना किसी बदलाव के साथ कारोबार कर रहा है। ऑटो, रियल्टी, फार्मा, बैंक, एफएमसीजी, हेल्थकेयर इंडेक्स और ऑयल एंड गैस सेक्टर्स के शेयरों में गिरावट देखी जा रही है और इन सेक्टर्स के शेयरों में लाल निशान देखा जा रहा है। इसके अलावा आज के चढ़ने वाले सेक्टर्स की बात करें तो बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, मीडिया, मेटल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स शेयरों में तेजी के साथ ट्रेड देखा जा रहा है। शेयर इंडिया के वीबी, हेड ऑफ रिसर्च डॉ रवि सिंह का कहना है कि आज निफ्टी की शुरूआत 17900-17950 के लेवल के आसपास होकर दिन भर में 17800-18100 के बीच की रेंज में देखा जा सकता है। इसके अलावा आज बाजार के लिए नजरिया गिरावट का ही है। आज पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों में गिरावट देखी जाएगी और ऑटो, कंज्यूमर प्रोडक्ट्स शेयरों में तेजी देखी जाएगी।

# अंजना देवी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया गया वितरण



**सिल्ली।** लोटा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अंजना देवी ने इलाके में ठंड से निजात दिलाने के लिये लोटा पंचायत के खेदाडीह के मंदिर परिसर में गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के दो सौ जरूरमन्दों के बीच कम्बलों का वितरण किया। जिसमें खेदाडीह, केंदुआडीह, सुरगुंजाडीह एवं धधकीडीह के दो सौ असहाय, वृद्ध एवं विधवा लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। अंजना देवी ने अपने निजी खर्च पर कम्बलों का वितरण किया। इस मौके पर अंजना देवी ने कहा कि पंचायत के सभी गांव के लोगों के हितों का ख्याल रखना मेरी जिम्मेवारी है इसी कारण किसी सरकारी योजना की प्रतीक्षा किये बिना ही निजी खर्च पर ही कम्बल बांटे गए है ताकि ठंड से राहत मिल सके। वहीं कंबल पा कर लोगों ने अंजना देवी एवं उनके पति पुर्व उप मुखिया जगदीश चन्द्र महतो का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के समाजिक एवं धार्मिक कार्यों के साथ साथ हमेशा किसी न किसी माध्यम से गरीबों को सहायता करते हैं। इस मौके पर उप मुखिया अनिता देवी रमेश हाजाम, योगेश महतो, बरुन महतो, लखीराम नायक, अंगद महतो, अघनु नायक प्रेम दोहरा सबिता देवी, बसंती देवी, सभी राम महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।


## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा)

**—: आम सूचना :—**

NH-75 (SEC-V) खजुरी 219.600 कि0मी0 से विढ़मगंज 260.483 कि0मी0 तक फोरलेन में (लम्बाई 40.883 कि0मी0) योजना अन्तर्गत रैयतों को सूचित किया जाता है कि निम्न ग्रामों में कैंप कर मुआवजा राशि की भुगतान से संबंधित विभिन्न राजस्व कागजात प्राप्त किया जाना है। संबंधित ग्राम के रैयतों से अनुरोध है कि निम्न तिथियों को आयोजित स्थान पर उपस्थित होकर अपना वांछित राजस्व कागजात जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही भूमि स्वामित्व प्रमाण एवं वंशावली प्रमाण पत्र ग्राम में कैंप लगाकर संकलन करना है। शिविर की निर्धारित तिथि निम्नवत है :—

| क्र0 सं0 | मौजा | अंचल | स्थान | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अकलवानी, मेराल | मेराल | पंचायत भवन मेराल पूर्वी | 16.01.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 2 | गोंदा, लातदाग | | पंचायत भवन गोंदा | 16.01.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 3 | मर्चवार, सिंहपुर नरही, कोदवरिया | नगर उँटारी | पंचायत भवन नरही | 17.01.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 4 | अधौरा, कोल्हुआ | | पंचायत भवन अधौरा | 17.01.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 5 | उसका, जतपुरा, पाल्हेकला | | पंचायत भवन पाल्हेकला | 18.01.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 6 | चितविश्राव, बराहपट्टी | | पंचायत भवन चितविश्राव | 18.01.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 7 | नरखोरिया कला, बभनी, | | पंचायत भवन, हुलहुला कला | 19.01.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 8 | महदेईया, सरहसताल कला | | | 19.01.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |

अतः NH-75 (SEC-V) खजुरी 219.600 कि0मी0 से विढ़मगंज 260.483 कि0मी0 तक फोरलेन में (लम्बाई 40.883 कि0मी0) योजना संबंधित रैयतों से अनुरोध है कि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली आदि में किसी भी प्रकार की आपत्ति के निराकरण हेतु उक्त स्थल पर ससमय निम्न आवश्यक कागजात के साथ पहुँचें।

**आवश्यक कागजात :—** खतियान, केवाला, अद्यतन रसीद, पासबुक की छाया प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शपथ पत्र/क्षतिपूर्ति बॉण्ड (कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत), सह–हिस्सेदारों का सहमति पत्र, दो कलर फोटो एवं तीन रेवेन्यु टिकट के साथ–साथ यदि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र/वंशावली (अंचल से निर्गत) हो तो।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.287297 District(22-23):D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड हंटरगंज में निर्मित न्यू डाकबंगला को तीन वर्षो के लिए बंदोबस्ती/लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् है–

| क्र.सं | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि तीन वर्ष का | जमानत की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | हंटरगंज डाकबंगला | 3876 sqft | 418608.00 | 41861.00 |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक 31/01/2023 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद,चतरा के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्रकिया की जायेगी।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 500.00 (पांच सौ) रू0 का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते है, जो लौटायी नहीं जायेगी।

शर्त :–

1. बन्दोबस्ती तीन वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम–5 में वर्णित राशि जमानत के रूप में बैंक ड्राफ्ट द्वारा उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद,चतरा के पदनाम से जिला परिषद,चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोबस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अनिवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाकबंगला आवंटित होगा।
6. बन्दोबस्तधारी को बन्दोबस्ती की पूर्ण राशि का 50 प्रतिशत बन्दोबस्ती के तुरंत बाद तथा अवशेष राशि को एक पक्ष के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
8. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. निविदा में कोविड–19 के दिशा निर्देश (मास्क पहने एवं समाजिक दूरी) का आक्षरशः अनुपालन करते हुए भाग लेगें।
10. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdiction में सुनवाई होगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद्, चतरा

PR 287307 District (22-23)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/16/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आई डेन्टिफिकेसन न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के गढ़वा सदर प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-1 |
| 2 | गढ़वा जिला के मेराल प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-2 |
| 3 | गढ़वा जिला के भवनाथपुर प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-3 |
| 4 | गढ़वा जिला के नगरउंटारी प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-4 |
| 5 | गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-5 |
| 6 | गढ़वा जिला के डंडई प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-6 |
| 7 | गढ़वा जिला के रमना प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/ चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-7 |
| 8 | गढ़वा जिला के बड़गड़ प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/16/Gr.-8 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 24.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 25.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझाी जायेगी।
6. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –27.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
12. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

PR 287310 Rural Development(22-23)#D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।
(Mail id-db chatra@jharkhandmail.gov.in)

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

– सुचना –

चतरा जिला परिषद क्षेत्राधीन सिमरिया प्रखण्ड में निर्मित दूकान के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा विगत कई माह से दुकान किराया जमा नहीं किया गया है। जिसके कारण जिला परिषदके राजस्व में हानि हो रही है।

निदेश दिया जाता है कि प्रेस विज्ञाप्ति के एक सप्ताह के अन्दर बकाया किराया जो कॉलम–04 में उनके नाम के सामने अंकित है जमा करना सुनिश्चित किया जाय। निर्धारित समयावधी में बकाया किराया जमा नही होने की स्थिति में एकरारनामा के शर्त कण्डिका –03 के आलोक में आपके दूकान को एकरारनामा को रद्द करते हुए दूकान अन्य लाभुक को आवंटित करने की कार्रवाई की जायेगी। जिसपर आपका कोई भी दावा मान्य नही होगा। बकाया राशि की विवरणी निम्नवत् है–

| क्र | लाभुक/पिता का नाम एवं पता | आवंटित दूकान संख्या | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **डाकबंगला परिषर सिमरिया में निर्मित दूकान** | | | |
| 1 | अजीत कुमार सिंह/पिता– गया प्रसाद सिंह,गोवा खूर्द,सिमरिया | 22 | 15422 |
| 2 | राजेन्द्र साव/ पिता–नेमधारी साव,खपिया, सिमरिया | 28 | 10924 |
| **डाकबंगला परिषर प्रथम तल सिमरिया** | | | |
| 1 | शिव कुमार सिंह/ पिता– योगनारायण सिंह इचाक खूर्द सिमरिया | 03 | 8996 |
| 2 | रूपमनी देवी/विनय कुमार सिंह, सोनपुर चतरा | 06 | 43664 |
| 3 | रंजीत सिंह/ पिता–स्व0 षिवनारायण सिंह | 07 | 7408 |
| 4 | मो0 सरफुदीन मियॉं/ पिता–मो0 गोपाल, सिमरिया | 11 | 18930 |
| 5 | अहमद मियॉं/ पिता–करामत मियॉं, सिमरिया | 15 | 18592 |
| 6 | मो0 जकिर , खपिया सिमरिया | 16 | 18292 |
| 7 | मो0 मोकिम, पिता–स्व0 समसुदीन, बन्हे, सिमरिया | 17 | 18292 |
| 8 | मो0 नेसार/ पिता–अब्दुल कुदुस, बन्हे सिमरिया | 21 | 14094 |
| **डाकबंगला परिषर सिमरिया** | | | |
| 1 | श्रीमती गीता सहनी/पति–संजय प्रसाद साहु बानासाडी सिमरिया | 03 | 7712 |
| 2 | अशोक कुमार साहु/पिता–रामदेव साहु, गोवा कला सिमरिया | 06 | 16460 |
| 3 | बसन्त शर्मा/पिता–बिन्देश्वर पाठक, बानासाडी सिमरिया | 08 | 27570 |
| 4 | रंधीर कुमार सिंह/पिता–मुनेष्वर सिंह, टिकुलिया सिमरिया | 09 | 12757 |
| 5 | किसुन साहु/पिता–थनेश्वर साव, गोवाकला सिमरिया | 10 | 13170 |
| 6 | सतीस कुमार/पिता–रामप्रकाश सिंह, गोवाखूर्द सिमरिया | 13 | 26748 |
| 7 | रामकुमार यादव/पिता–उमाशंकर यादव, टिकुलिया सिमरिया | 16 | 11522 |
| 8 | बिनोद प्रसाद/पिता–स्व0 जयराम साव, दुन्दुआ सिमरिया | 20 | 20574 |
| 9 | सुबोध प्रसाद/पिता–स्व0 राजदीप प्रसाद,दुन्दुआ सिमरिया | 22 | 17322 |
| 10 | संजय प्रसाद/पिता–प्रमेश्वर प्रसाद,दुन्दुआ सिमरिया | 24 | 17322 |
| 11 | शिवनारायण प्रसाद/पिता–झल्लु साव, दुन्दुआ सिमरिया | 27 | 8300 |
| **निरिक्षण भवन परिषर सिमरिया** | | | |
| 1 | खुशियाल साव/पिता–भागवत साव, एदला सिमरिया | 16 | 8568 |
| 2 | फागु शर्मा /पिता–स्व0 बुद्धन राणा, तुम्बापतरा सिमरिया | 20 | 9638 |
| 3 | दिपक कु0 टोनी/पिता–हेमराज राम, खपिया सिमरिया | 22 | 14993 |
| 4 | रंजीत कुमार/पिता–बजरंग सिंह बानासाडी सिमरिया | 26 | 22498 |
| 5 | युसुफ आजाद/पिता–बंधु मियॉं बकचुम्बा सिमरिया | 27 | 22498 |
| 6 | बसन्त प्रसाद/पिता–खुषियाल साव,दुन्दुआ सिमरिया | 28 | 17135 |
| 7 | मो0 इलियास /पिता–हुसैनी मियॉं बकचोमा सिमरिया | 32 | 18205 |
| 8 | जमरूदीन अंसारी/पिता–मोजिम मियॉं बकचोमा,सिमरिया | 33 | 38552 |
| **निरिक्षण भवन टण्डवा रोड सिमरिया** | | | |
| 1 | मो0 शरीफ/पिता–मो0 शलीम, सबानो सिमरिया | 03 | 7198 |
| 2 | मो0 मोबीन/पिता–मो0 मुस्तकीम फतहा सिमरिया | 14 | 13793 |
| 3 | बिरेन्द्र प्रसाद/पिता–स्व0 बजरंग साव | 15 | 3997 |
| **अस्पताल परिषर चौक पर सिमरिया** | | | |
| 1 | शम्भु प्रसाद केशरी/पिता–स्व0 लाटो साहु | 05 | 17134 |
| 2 | संजीत कुमार/पिता–बजरंग सिंह, बानासाडी सिमरिया | 03 | 7496 |
| 3 | अरूण सिंह/पिता–स्व0 शिवशंकर सिंह सिमरिया सिमरिया | 04 | 11780 |
| **टण्डवा रोड पुराना दूकान सिमरिया** | | | |
| 1 | मो0 एकराम/पिता–अब्दुल लतीफ, बन्हे सिमरिया | 03 | 10710 |
| **बेसिक स्कुल परिषर बगरा रोड सिमरिया** | | | |
| 1 | मो0 तसलीम/पिता–सिधर मियॉं बरहमनी चतरा | 44 | 7766 |
| 2 | मो0 फारूक/पिता– मो0 हसीव बन्हे सिमरिया | 35 | 9996 |
| 3 | मो0 हुसैन/पिता–स्व0 सलीम मियॉं सिमरिया सिमरिया | 48 | 7996 |
| 4 | मो0 सिराज/पिता–बेदी मियॉं सबानो सिमरिया | 49 | 9496 |
| 5 | मौलाना मोहम्मद अनवर/पिता–सुहानी मियॉं आरूगडा कान्हाचट्टी | 34 | 7496 |
| **अस्पताल परिषर हजारीबाग रोड सिमरिया** | | | |
| 1 | बाबुलाल कुमार गुप्ता/ पगार सिमरिया | 11 | 28412 |
| 2 | मंजु देवी/शम्भु प्रसाद सिमरिया सिमरिया | 19 | 17134 |
| 3 | रामप्रकाश सिंह/पिता–सुदेष्वर सिंह | 21 | 22489 |
| **अस्पताल परिषर चतरा रोड सिमरिया** | | | |
| 1 | अजय कुमार/पिता–स्व0 लखन साव बानासाडी सिमरिया | 60 | 7496 |
| 2 | संजय कुमार जैन /पिता–शिवकरण जैन सिमरिया सिमरिया | 52 | 6426 |
| 3 | न्सीम मल्लिक/पिता– अल्लाउदीन मल्लिक इचाक खुद सिमरिया | 56 | 29985 |
| 4 | अर्जुन साहु /गोवाकला सिमरिया | 57 (ए) | 12866 |
| 5 | रामस्वरूप रजक/पिता–स्व0 रामेश्वर रजक सिमरिया सिमरिया | 58 (ए) | 30022 |

यह अन्तिम नोटिश समझा जाय।

कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, चतरा

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद चतरा

PR 287340 District(22-23)D

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार 12 जनवरी 2023



ज्ञान की बात

**अगर हिंदुओं का चरित्र गिरा हुआ न होता, तो विदेशी कैसे यहां आकर शासन करने लगते? हम ईर्ष्या-द्वेष के मारे एक-दूसरे के विरुद्ध विदेशियों की सहायता न करते, तो वे हमारे देश में पग भी कैसे रख सकते थे? पहले हिंदुओं ने अपना धर्म, कर्तव्य, देश प्रेम और बलिदान का आदर्श त्यागा या पहले विदेशी आक्रांता आकर उनकी छाती पर बैठ गए? विचार करना होगा। *-ठाकुर जी***



# जलवायु परिवर्तन

***इस*** संदर्भ में भारत पहले ही सौर ऊर्जा जैसे वैकल्पिक स्रोतों का इस्तेमाल शुरू कर चुका है। इसी कड़ी में हाइड्रोजन मिशन को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। इसके तहत पचास लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसका उपयोग ईंधन के रूप में वाहनों और इस्पात तथा तेल शोधन संयंत्रों में किया जायेगा। हाइड्रोजन के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन नहीं होता। स्वाभाविक ही इसे बढ़ावा मिलने से कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी लाई जा सकेगी। जलवायु परिवर्तन के खतरों को ध्यान में रखते हुए तमाम देशों से अपने यहां कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने को कहा जा रहा है। इस बार के जलवायु सम्मेलन में तो कार्बन उत्सर्जन के अनुपात में मुआवजे के प्रावधान पर भी सहमति बनी है। ऐसे में हरित हाइड्रोजन के उपयोग से कार्बन पर काबू पाने में काफी मदद मिलेगी।

**जैव ईंधन में एथेनाल आदि मिला कर बाहरी देशों पर ईंधन की निर्भरता घटाने की कोशिश की जा रही है। हरित हाइड्रोजन का उत्पादन चूंकि पानी में से आक्सीजन और हाइड्रोजन को अलग करके किया जाता है।**

फिर हाइड्रोजन मिशन में आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश का अनुमान लगाया जा रहा है। 2030 तक सवा लाख मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि का अनुमान है। इस मिशन के तहत छह लाख तक नये रोजगार सृजित होने की संभावना भी है। भारत में कुल ऊर्जा खपत की करीब अस्सी फीसद बिजली कोयले से पैदा होती है। इससे कार्बन उत्सर्जन सबसे अधिक होता है। इसलिए बिजली की खपत कम करने और इसके वैकल्पिक स्रोतों पर ध्यान देने पर जोर दिया जाता है। इस संबंध में सौर ऊर्जा उत्पादन का विशाल तंत्र विकसित किया जा रहा है। इसके लिए दुनिया के तमाम देशों से करार भी किया गया है। इस तरह नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में हरित हाइड्रोजन बड़ा सहभागी साबित होगा। इसी तरह तेल शोधन और इस्पात शोधन संयंत्रों से कार्बन उत्सर्जन बहुत होता है। इनमें हरित हाइड्रोजन के इस्तेमाल से इस पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकेगी। फिर, जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ पूरी दुनिया में यह चिंता पैदा हो गई है कि जैव ईंधन के भंडार पर बहुत लंबे समय तक निर्भर नहीं रहा जा सकता। जिस तरह औद्योगिक इकाइयों में बढ़ोतरी हो रही है, सड़कों पर वाहन बढ़ रहे हैं और हर काम-धंधा बिजली पर निर्भर होता जा रहा है, उसमें जैव ईंधन और बिजली संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति चुनौती बनती जा रही है। इसलिए तेल संबंधी जरूरतों को कम करने के लिए सौर ऊर्जा चालित वाहनों का चलन बढ़ रहा है। जैव ईंधन में एथेनाल आदि मिला कर बाहरी देशों पर ईंधन की निर्भरता घटाने की कोशिश की जा रही है। हरित हाइड्रोजन का उत्पादन चूंकि पानी में से आक्सीजन और हाइड्रोजन को अलग करके किया जाता है, इसलिए भारत को इसके लिए अधिक संसाधन जुटाने की भी आवश्यकता नहीं है। जिस तरह पूरे साल यहां सूरज की रोशनी मिलती है, जिससे सौर ऊर्जा का उत्पादन आसान है, उसी तरह हरित हाइड्रोजन के लिए भी पर्याप्त जल भंडार है।

# यह राहुल की भारत जोड़ो या भारत तोड़ो यात्रा?



एस.एन. सिंह



***कांग्रेस*** नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने अब एक सौ बीस से अधिक दिन पूरे कर लिए हैं। यात्रा के दौरान हुयी गतिविधियां और राहुल गांधी के बयानों ने इसे भारत तोड़ो यात्रा बना दिया है। राहुल गांधी भले ही कह रहे हों कि नफरत के इस बाजार में वो मोहब्बत का पैगाम लेकर चल रहे हैं जबकि हकीकत कुछ और ही है। राहुल गांधी की यह यात्रा एक प्रायश्चित यात्रा है क्योंकि उनके पूर्वजों ने भारत को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उनकी यात्रा का अब तक का पूरा समय या तो ऐसे लोगों से मिलने में बीता है जो या तो देश के विकास, राष्ट्रवाद और हिन्दू विरोधी रहे हैं या फिर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द का इस्तेमाल करते रहने में। चीन ने अरुणाचल के तवांग में शरारत करने की हिमाकत की जिनको हमारे वीर जवानों ने सबक सिखाया और उनको दुम दबाकर भागने के लिए मजबूर कर दिया लेकिन दुर्भाग्यवश राहुल गांधी इन वीर सैनिकों का मनोबल बढ़ाने की बजाय प्रधानमंत्री को घेरने के लिए उनका अपमान करते रहे। लगता है, कांग्रेस 1962 की लड़ाई का इतिहास भूल चुकी है। एक वो भी दौर था जब देश का कोई भी प्रधानमंत्री अरुणाचल सहित पूर्वोत्तर राज्यों की यात्रा करने से परहेज करता था और इन राज्यों का विकास न के बराबर हो रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत चीन सीमा से सटे आखिरी गांवों तक की यात्रा कर रहे हैं और सैनिकों का हौसला बढ़ाने के साथ ही विकास कार्यों को ग्रामीणों की भागदारी को बढ़ाने में लगे हैं।

भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी हर राज्य में अलग-अलग बयान देते हैं। जितनी बयानबाजी करते हैं, उतनी ही उनकी कलई खुलती जाती है। जब उनकी यात्रा ने महाराष्ट्र में प्रवेश किया था तब उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके कारण महाराष्ट्र की राजनीति में उनकी खूब फजीहत हुई। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में शिवभक्ति का नाटक करते हुए उज्जैन में महाकाल के दर्शन किये और एक बार फिर जयश्रीराम बनाम जय सियाराम बोल कर भ्रम फैलाने की कोशिश की। इतना ही नहीं, यात्रा के दौरान राहुल गांधी बीजेपी और आरएसएस को झूठ के आधार पर बदनाम करने के लिए तरह-तरह की कहानियां सुना रहे हैं जिससे वो खुद ही मजाक का पात्र बन रहे हैं। मध्य प्रदेश की एक जनसभा में स्थानीय भील आदिवासी क्रांतिकारी टंटया मामा पर उन्होंने झूठ बोला। उन्होंने सफेद झूठ बोला कि आरएसएस के कारण ही टंटया मामा को फांसी हुई थी, जबकि हकीकत ये है कि जब टंटया को फांसी हुई थी, उस

**मध्य प्रदेश की एक जनसभा में स्थानीय भील आदिवासी क्रांतिकारी टंटया मामा पर उन्होंने झूठ बोला। उन्होंने सफेद झूठ बोला कि आरएसएस के कारण ही टंटया मामा को फांसी हुई थी, जबकि हकीकत ये है कि तब संघ का वजूद ही नहीं था...**

**इन दिनों**

समय आरएसएस अस्तित्व में ही नहीं था। राहुल गांधी की इस तरह की बयानबाजी से सम्पूर्ण भारतीयता का अपमान हो रहा है। राजस्थान में अलवर की जनसभा में उन्होंने हिंदी भाषा और हिंदी भाषियों का ये कहकर अपमान किया कि बीजेपी वालों को अंग्रेजी सीखनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका-इंग्लैंड वालों से बात करते समय हिंदी वालों को काफी दिक्कत होती है। वैसे हिंदी भाषा का अपमान कांग्रेस के लिए कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर, पी चिदंबरम और दक्षिण भारत के राज्यों के कांग्रेसी नेता समय-समय पर हिंदी को अपमानित करते रहते हैं। शशि थरूर ने तो एक बार कहा था कि हिंदी को संयुक्त राष्ट्र की मान्यता नहीं मिलनी चाहिए क्योंकि जब कोई दक्षिण का नेता पीएम बनेगा तो उसे समस्या होगी। पी. चिदंबरम भी हिंदी विरोध में लिखते रहते हैं। जबकि वास्तविकता ये है कि हिंदी भाषा के कारण ही देश एकजुट है। आजादी के बाद अभी तक कांग्रेस के किसी भी मंत्री ने संसद में रेल और आम बजट हिंदी में नहीं पेश किया। कांग्रेस के शासनकाल में संसद और सरकारी कार्यालयों में अंग्रेजी और उर्दू का बोलबाला हो गया था। तमिल सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के साथ निचले स्तर का बर्ताव किया जाता था। स्वर्गीय मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश में हिंदी भाषा को अहमियत मिली है। जरा सोचिये कि कांग्रेस आए दिन स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान कर रही है, देश की सीमाओं पर खड़े प्रहरियों को गाली दे रही है, हिन्दुओं की सांस्कृतिक विरासत को नुकसान पहुंचा रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कह रही है और राहुल गांधी कहते हैं कि वो भारत जोड़ो यात्रा के जरिये मोहब्बत बांटने निकले हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी? जो लोग भारत को तोड़ने के लिए जिम्मेदार हैं, जिनकी नीतियों ने समाज को तोड़ा, जिन्होंने कश्मीर में धारा-370 लगाई, जिसने जातिवाद, परिवारवाद, सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद, आतंकवाद, नक्सलवाद को बढ़ावा दिया, वो आज भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं। जिनका इतिहास भारत को तोड़ने का रहा है, जिन्होंने देश में लोकतंत्र को कमजोर करने काम किया वो भारत जोड़ो यात्रा से लोगों को भ्रमित करने की कोशिश में जुटे हैं।

***(लेखक भाजपा के प्रवक्ता हैं और लखनऊ में रहते हैं)***

**बोधि वृक्ष**

## सुनें महादेव की कहानियां

**(गतांक से आगे)**

***गद्गद*** स्वर में यक्ष ने कहा कि हे शंभो! हे पार्वतीपते! हे शंकर! आपकी जय हो। आपके कर-कमलों का स्पर्श पाकर मेरा यह शरीर अमृतरूप हो गया। इस प्रकार प्रिय वचन सुनकर भगवान शिव बोलेः हे यक्ष! तुम इसी क्षण मेरे वर से मेरे क्षेत्र के दंडनायक हो जाओ। आज से तुम दुष्टों के दंडदायक और पुण्यवानों के सहायक बनो और दंडपाणि नाम से विख्यात होकर सब उद्भट गणों का नियंत्रण करो। मनुष्यों में सत्य, अर्थ नामवाले संभ्रम और उद्भ्रम ये दोनों गण सदा तुम्हारे साथ रहेंगे। तुम काशीवासी जनों के अन्नदाता, प्राणदाता, ज्ञानदाता होओ और मेरे मुख से निकले तारक मंत्र के उपदेश से मोक्षदाता होकर नियमित रूप से काशी में निवास करो। भगवान शिव की कृपा से वही हरिकेश यक्ष काशी में दंडपाणि के रूप में स्थित हो गया और भक्तों के कल्याण में लग गया।

यह भी एक तथ्य है कि शिव की नगरी में टिक वही पाता है, जो उस नगर के कोतवाल अर्थात काल भैरव की पूजा करता है। कहते हैं, काल भैरव की पूजा के बाद अगर किसी ने महादेव के दर्शन कर लिए तो उसका काशी में रहना आसान हो जाता है। अगर किसी ने कालभैरव के दर्शन के बगैर ही काशी में रहना शुरू कर दिया तो उसके लिए हर दिन बेहद कष्टकारी होता है। इस शहर को दंडपाणि के रुप में एक ऐसा प्रहरी मिला है, जो हर कर्मों की सजा खुद से देते हैं। इन्हें प्रसन्न करना आसान है।

**(समाप्त)**

# जी-20 में दिखेगा भारत का स्वस्थ विश्व विजय



मनसुख मंडाविया

***'सर्वे*** भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चिद् दुख भागभवेत।' यानी सभी प्रसन्न रहें, सभी स्वस्थ रहें, सबका भला हो, किसी को भी कोई दुख ना रहे। जी-20 में हमारा नीति-वाक्य भी यही है 'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर' जो 'वसुधैव कुटुंबकम' की हमारी अवधारणा से निकला है। तिरुवनंतपुरम में इसी महीने से शुरू हो रही जी-20 हेल्थ वर्किंग ग्रुप की बैठकों में भारत इसी मंत्र के साथ एक वैश्विक स्वास्थ्य संरचना के प्रति अपने विजन और कमिटमेंट को पूरी दुनिया के सामने रखेगा। कोविड-19 महामारी ने सभी देशों के स्वास्थ्य ढांचे को हिला कर रख दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के जी-20 की अध्यक्षता के मूल उद्देश्य को 'उपचार, सद्भाव और आशा' के रूप में परिभाषित किया है। उन्होंने वैश्वीकरण को और अधिक मानव-केंद्रित करने का विजन रखा है जो सार्वभौमिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है। कोविड आपदा से सीख लेते हुए जब इंडोनेशिया जी-20 की अध्यक्षता कर रहा था तब उसने वैश्विक स्वास्थ्य संबंधी ढांचे को मजबूत करने का आह्वान किया था। भारत के संदर्भ में बात करें तो हमारे लिए वैश्विक स्वास्थ्य संबंधी ढांचा तीन प्राथमिकताओं पर टिका है। पहला, रोग के प्रकोप को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर क्षमताओं को मजबूत करना। विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक, जी7, एक्सेस टू कोविड19 टूल्स एक्सीलेटर जैसे कई संगठनों के साथ हम प्रयास कर रहे हैं कि मौजूदा संसाधनों को समन्वित करके व्यवस्था में व्याप्त खामियों को पहचानें और उन्हें ठीक करें। हमारा 'वन हेल्थ' उद्देश्य मनुष्य, जीव और पर्यावरण के बीच की कड़ी के रूप में कार्य करेगा। जी-20 इंडिया हेल्थ ट्रैक और वैश्विक स्वास्थ्य आपातकालीन ढांचे को मजबूत करने के साथ ही, आपदा रोधी तौर-तरीकों को इसमें समाहित करने की दिशा में काम करेगा। भविष्य की ऐसी चुनौतियों को देखते हुए, सऊदी अरब, इटली और इंडोनेशियाई प्रेसीडेंसी ने महामारी की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए फाइनेसियल इंटरमेडीयर फंड बनाया है। दूसरी प्राथमिकता फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सहयोग मजबूत कर गुणवत्तापूर्ण टीकों, चिकित्सा और निदान तक सबकी समान पहुंच बनाना है। भारतीय जेनरिक दवाइयों की पूरी दुनिया में अलग अहमियत है। वित्त वर्ष 2022 में भारत ने 200 देशों को 24.47 बिलियन डॉलर के फार्मा उत्पादों की आपूर्ति की। पूरी दुनिया ने जीवन रक्षक टीकों की असमानता को दूर करने में भारत की भूमिका को सराहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'वैक्सीन मैत्री' के जरिये भारत ने सबसे कठिन समय में 100 से अधिक देशों को कोविड वैक्सीन दी। भारत कई निम्न और मध्यम आय वाले देशों को सस्ती एचआईवी दवाएं और एंटी-टीबी जेनरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। हमारी पूरी कोशिश है कि इनके लिए क्लिनिकल टेस्ट, अनुसंधान, विकास सहायता और किफायती चिकित्सा उपायों के लिए एक अनुकूल ढांचा तैयार हो। फार्मा सेक्टर को मजबूत करने के लिए सरकार ने प्रॉडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम शुरू की है। तीसरी प्राथमिकता सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास और नवाचार को बढ़ावा देना है। कोविड-19 से मिले अनुभवों ने हमें यह दिखाया है कि कैसे डिजिटल तकनीक दूरस्थ क्षेत्रों के डेटा कलेक्शन, चिकित्सा समाधान और आभासी देखभाल में मदद कर सकती हैं। वैक्सीन लगवाने के लिए लाखों नागरिकों ने कोविन ऐप का उपयोग किया, दूरस्थ क्षेत्रों में टेली-परामर्श जीवन रक्षक साबित हुई। भारत सरकार की मुफ्त टेली मेडिसिन सेवा ई-संजीवनी ने आठ करोड़ टेली-परामर्श दिये हैं। इस प्राथमिकता के तहत हम ग्लोबल डिजिटल पब्लिक हेल्थ गुड्स- टेली-मेडिसिन, टेली-रेडियोलॉजी, टेलीओप्थाल्मी और यहां तक कि एक ई-आईसीयू को बढ़ावा देने की योजना बना रहे हैं। आशा है कि जी-20 सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से एक ऐसा ईकोसिस्टम बनेगा जो निम्न-मध्यम आय वाले देशों को एक समान स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का मंच प्रदान करेगा।


**कोविड-19 महामारी ने सभी देशों के स्वास्थ्य ढांचे को हिला कर रख दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के जी-20 की अध्यक्षता के मूल उद्देश्य को 'उपचार, सद्भाव और आशा' के रूप में परिभाषित किया है...**

**स्वास्थ्यनामा**

कोविड महामारी के कठिन समय के दौरान, भारत ने अपने सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के जरिये पूरे विश्व में अपना लोहा मनवाया है। इसी अनुभव को लेकर चलते हुए जी-20 अध्यक्षता ने हमें दुनिया के सामने एक 'स्वस्थ विश्व' के नये विजन को प्रस्तुत करने का मंच प्रदान किया है।

**(लेखक देश के स्वास्थ्य मंत्री हैं)**

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**

**Dr. Shalabh Mani Tripathi**
@shalabhmani

श्रीलंका और चीन के बाद अब आटे के लिए लड़ते पाकिस्तान की हालत देख लीजिए और चैन मनाइए कि आप श्री @narendramodi जी के भारत में हैं !!

**फेसबुक वॉल से**




# विदेशी यूनिवर्सिटी से क्या फायदा होगा बच्चों और भारत का?



रामानन्द

***यूनिवर्सिटी*** ग्रांट्स कमिशन ने हाल ही में विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में शैक्षणिक संस्थान खोलने से जुड़ा एक मसौदा जारी किया है। इसमें कहा गया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कुछ शर्तों के साथ विश्व के 500 शीर्ष विश्वविद्यालयों को भारत में अपने परिसर खोल कर संचालित करने की अनुमति देगा। भारत सरकार की अपनी रिपोर्ट और अनेक अध्ययनों से यह बात सामने आती रही है कि भारत के लोग अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा शिक्षा पर खर्च करते हैं। इसी आय से एक बड़ा हिस्सा उन देशों में भी जा रहा है जहां भारत के स्टूडेंट्स पढ़ने जा रहे हैं। यह प्रक्रिया दशकों से चल रही है जिसके कारण न केवल देश की आर्थिक क्षति हो रही है बल्कि इसका मानव संसाधन भी जाया हो रहा है। पहले भी हुए प्रयास : ऐसा नहीं है कि पिछली सरकारों ने इसके लिए प्रयास नहीं किये। इस संबंध में पहला प्रयास 1995 में हुआ था। 2005-2006 में फिर कोशिश हुई, मगर यह भी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाया। आखिरी बार ऐसी कोशिश 2010 में हुई जब इससे संबंधित बिल संसद में पेश किया गया था। तब उसे फिर स्टैंडिंग कमेटी को भेज दिया गया। उसके बाद इस विषय पर 2016 से चर्चा जरूर होती रही मगर कोई ठोस कदम नहीं दिखा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भी इस पर चर्चा हुई। इस बीच कोविड-19, यूक्रेन युद्ध और अन्य अनुभवों ने भी इस धारणा को पुख्ता किया कि भारतीय स्टूडेंट्स को भारत में ही अधिकतम अवसर मिलने चाहिए। अगर भारतीय छात्रों के विदेश में उपलब्ध शैक्षणिक विकल्पों को देखें तो पायेंगे कि अधिकतर स्टूडेंट्स मध्यम या निम्न मध्यम संस्थानों की तरफ ही रुख करते हैं। इस दृष्टि से यह वास्तव में अच्छा कदम है कि विदेशी संस्थानों को भारत में शैक्षणिक परिसर खोलने के लिए नियमों में परिवर्तन किये जा रहे हैं। मौजूदा व्यवस्था इस बात के लिए बधाई की पात्र है कि उसने वह कदम फिर से उठाने का विचार किया जो पहले कई बार असफल हो गया था। भारत में डिजिटल शिक्षा ने भी विदेशी विश्वविद्यालयों और भारतीय छात्रों के बीच की दूरी को काफी कम किया है। आज के समय में भारतीय कैंपसों में अनेक ऐसे छात्र मिलेंगे जिन्होंने विदेशी संस्थानों से ऑनलाइन कोर्स किया है। यहां तक कि कुछ संस्थानों ने डिस्टेंस मोड में भी कोर्स संचालित करने का प्रयास किया, जिस पर बाद में नियामक संस्थाओं की ओर से हस्तक्षेप किया गया। यह बात पहले भी कई बार स्पष्ट हो चुकी है कि भारत की बढ़ती शैक्षणिक आवश्यकताओं को उपलब्ध भारतीय शैक्षणिक संस्थान पूरा करने में असमर्थ हैं। यह असमर्थता केवल गुणात्मक ही नहीं, मात्रात्मक भी है। भारत की जनसंख्या और हर साल निकलने वाले छात्रों के अनुपात में भारत में शैक्षणिक संस्थान नहीं हैं। यही कारण है कि भारत सरकार पिछले कई वर्षों से औद्योगिक समूहों से उच्च शिक्षा में निवेश का आग्रह करती रही है। विदेशी शैक्षणिक संस्थानों को भारत बुलाना उसी कड़ी में अगला कदम है। अगर विश्व के टॉप 100 संस्थान यहां अपना कैंपस खोलते हैं तो भारतीय शैक्षणिक परिसरों के लिए यह अच्छा अनुभव होगा। लेकिन यदि मध्यम श्रेणी के संस्थान (100-500 रैंक वाले) भी आते हैं तो भारत के लिए आर्थिक और अन्य दृष्टिकोणों से लाभकारी ही होगा क्योंकि भारत के छात्र इन्हीं संस्थानों में पढ़ने बाहर जा रहे हैं। यह भारत की मुद्रा को न केवल बाहर जाने से रोकेगा बल्कि भारतीय छात्रों को भारत में कम खर्च में बेहतर विकल्प देगा।

**कैसी है तैयारी :** अब सवाल उठता है कि क्या मौजूदा व्यवस्था इस बदलाव के लिए तैयार है? इस प्रश्न के लिए हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तरफ देखना होगा जो तमाम तरह के बुनियादी बदलावों की बात करती है। इनमें से एक नियामक संस्थाओं में सामंजस्य स्थापित करना भी है। अभी भी भारत में एक विश्वविद्यालय को चलाने के लिए अलग-अलग नियामक संस्थानों से अनुमति लेनी पड़ती है। यह प्रक्रिया बेहद खचीर्ली और थकाऊ है। विभिन्न नियामक संस्थानों के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए एक संस्था की संस्तुति राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में की गई है, मगर अभी भी वह धरातल पर उतर नहीं पाई है। कुछ नियामक संस्थाएं ऐसी हैं जिनका शिक्षा से कोई लेना नहीं, मगर कोर्स चलाने के लिए उनसे भी अनुमति लेनी पड़ती है। भारत में नियामक संस्थाओं की छवि कभी भी बहुत सकारात्मक नहीं रही है। इसकी एक वजह इसका केंद्रीकृत स्वरूप और पारदर्शिता की कमी भी है।

**2005-2006 में फिर कोशिश हुई, मगर यह भी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाया। आखिरी बार ऐसी कोशिश 2010 में हुई जब इससे संबंधित बिल संसद में पेश किया गया था। तब उसे फिर स्टैंडिंग कमेटी को भेज दिया गया।**

**शिक्षा**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय** : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# छाती में जमा कफ को निकालने के असरदार घरेलू उपाय



प्रदूषण और मौसम में बदलाव बहुत सी हेल्थ संबंधी परेशानियों का कारण है। सीने में कफ जमा होना और गले की खराश इसी का हिस्सा है। कमजोर इम्युनिटी, ज्यादा जंक फूड का सेवन और प्रदूषित हवा में सांस लेने से बॉडी में कफ बनता है। यह बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण भी हो सकता है। ठण्ड के मौसम में सर्दी खांसी की परेशानी आम है, सर्दी खांसी की परेशानी को दूर करने के लिए एंटी-बायोटिक दवाओं का सहारा लेते हैं। जिससे सर्दी तो ठीक हो जाती है लेकिन अक्सर सीने में कफ जमा होने की दिक्कत हो जाती है। सीने में जमा कफ को दूर करने के लिए कई तरह के उपाय और दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है।

## अदरक का सेवन

अदरक के औषधीय गुणों को सभी जानते हैं, सर्दी-जुकाम की समस्या में इसका प्रयोग सदियों से किया जाता रहा है। अदरक का सेवन सीने में जमा कफ और गले की खराश जैसी परेशानी को दूर करने में सहायक है। अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो बैक्टीरियल इंफेक्शन से राहत दिलाने में मददगार है। एक चम्मच अदरक के रस में नींबू के रस की कुछ बूंदे मिलाकर सेवन करें फायदा होगा या अदरक के छोटे टुकड़े करके नींबू के रस में मिला लें और इसका सेवन करें।

## पुदीने का तेल

गरम पानी में पुदीने के तेल की कुछ बूंदे मिलाकर भाप लें, ऐसा कुछ दिनों तक करने से सीने में जमा कफ बाहर निकल जाएगी। यह गले की खराश में भी फायदेमंद है।

## शहद और काली मिर्च

शहद और काली मिर्च का सेवन सीने में जमा कफ को निकालने में असरदार है। काली मिर्च एंटी-बैक्टीरियल होती है और इम्युनिटी स्ट्रांग बनाने का बेहतरीन सोर्स है। एक चम्मच पिसी हुई काली मिर्च को एक चम्मच शहद में मिलाकर सेवन करें। यह सीने में जमा कफ को दूर करने के साथ ही गले की खराश दूर करने में मददगार है।

## गरम पानी के गरारे

सीने में जमा कफ और गले की खराश से राहत पाने के लिए गरम पानी से गरारा करना फायदेमंद होगा। यह बहुत पुराना लेकिन असरदार उपाय है। गरम पानी में थोड़ा सा नमक मिलाकर दिन में दो से तीन बार गरारा करें। इससे कफ और गले की खराश दोनों से आराम मिलेगा।

## काढ़ा पियें

लौंग, सोंठ, कालीमिर्च, तेजपत्ता, तुलसी, और दालचीनी का काढ़ा सीने में जमा कफ से छुटकारा दिलाने में असरदार है। लौंग, सोंठ, तेजपत्ता, तुलसी काढ़ा बनाकर दो से तीन बार सेवन करें। इससे आपको जल्द ही सीने में जमा कफ की परेशानी फायदा होगा। यह सीने में जमा कफ को बाहर निकाल कर आपकी इम्युनिटी को मजबूत बनाएगा।

❖ सूर्या मिश्रा

# नसों से जुड़ी गंभीर समस्याएं होगी दूर...

उम्र के बढ़ने के साथ-साथ नसों से संबंधित समस्याएं होने लगती है। इसके कारण ब्लड सकुर्लेशन भी प्रभावित होता है। नसों में किसी भी तरह की खराबी होने का असर स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। नसों से संबंधित समस्याएं होने पर हैल्दी और पोषण से भरपूर डाइट की जरुरत होती है। आप अपनी डाइट में ऐसे खाद्य पदार्थ शामिल कर सकते हैं जो नसों के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं।

## क्यों होते हैं नसों के लिए ड्राई फ्रूट्स जरुरी?

ड्राई फ्रूट्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन, फाइबर, कार्ब्स और कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। नियमित रुप से ड्राई फ्रूट्स का सेवन करने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण मिलता है। नसों को हैल्दी रखने के लिए ड्राई फ्रूट्स बहुत ही फायेदमंद माने जाते हैं।

**बादाम :** बादाम भी सेहत के लिए बहुत ही लाभकारी माने जाते हैं। इसमें विटामिन-ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड और कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से आपकी नसें सुस्त नहीं होती और शरीर में ब्लड सकुर्लेशन भी ठीक रहता है।

**अंजीर :** अंजीर में विटामिन्स, मिनरल्स काफी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं यह भी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद मानी जाती है। नियमित अंजीर का सेवन करने से शरीर में ब्लड सकुर्लेशन अच्छा रहता है।

**काजू :** नसों को हैल्दी रखने के लिए काजू भी बहुत ही लाभकारी माना जाता है। यह शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा भी नियंत्रित रखता है। इसमें पाए जाने वाले गुण हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या में बहुत ही फायदेमंद होता है। काजू का सेवन करने से आपकी नसें हैल्दी रहती हैं।

**पिस्ता :** पिस्ता में विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो नसों के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। नियमित पिस्ता खाकर आप नसों को हैल्दी रख सकते हैं।

**अखरोट :** अखरोट भी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी माना जाता है। बढ़ती उम्र के साथ नसें सिकुड़ने और सुस्त होने लगती हैं। ऐसे में आप अखरोट का सेवन कर सकते हैं। इसमें पाया जाने वाला ओमेगा-3 फैटी एसिड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है। नियमित अखरोट खाकर आप नसों से संबंधी समस्याओं से बच सकते हैं।

# कड़ाके की ठण्ड और कोरोना के खतरे से बचाव के आसान उपाय

कड़ाके की ठण्ड में संक्रामक बीमारियों और कोरोना के खतरे से बचाव के लिए जरुरी है, स्ट्रांग इम्युनिटी और खुद की सुरक्षा। बेहतर इम्युनिटी के लिए हेल्दी डाइट, नियमित योगासन और मेडिटेशन को डेली रूटीन का हिस्सा बनायें। यह इम्युनिटी को बूस्ट करने में मददगार है, जिससे सामान्य संक्रमण और कोरोना के खतरे से बचा जा सकता है। सर्दियों में इम्युनिटी कमजोर होना आम बात है, इस मौसम में सर्दी-जुकाम और अन्य संक्रामक बीमारियां आसानी से अपनी गिरफ्त में ले लेती हैं। कड़ाके की ठण्ड के साथ ही कोरोना का खतरा भी अभी बना हुआ है, दोनों से खुद को सुरक्षित रखने के लिए हेल्थ से संबंधी कुछ आसान टिप्स अपनाकर आप इम्युनिटी बढ़ा सकते हैं।



**गर्म पानी और गर्म पेय पदार्थो का सेवन :** गरम पानी पीने से सर्दी जुकाम और गले की खराश जैसी बीमारियां दूर रहती हैं, यह कोरोना संक्रमण से बचाव में भी सहायक है। ग्रीन टी, अदरक और दालचीनी का काढ़ा, हर्बल-टी, तुलसी, अदरक और काली मिर्च की चाय का संतुलित मात्रा में सेवन संक्रमण से बचाव में लाभदायक है।

**तुलसी स्टीम लें :** गरम पानी में तुलसी अर्क की कुछ बुंदे डालकर भाप लें, इससे आप मौसमी बीमारियों और कोरोना संक्रमण के खतरे से बचे रहेंगे। भाप सप्ताह में तीन से चार बार ले सकते हैं, यह सर्दी- जुकाम, खांसी और गले के इंफेक्शन में राहत देगा।

**मजबूत इम्युनिटी के लिए अपनाएं योगासन :** सर्दियों में नियमित वर्क आउट थोड़ा आलसभरा हो सकता है लेकिन यह आपको सामान्य बीमारियों के संक्रमण और कोरोना के खतरे से दूर रखने में मददगार है। स्ट्रांग इम्युनिटी के लिए पश्चिमोत्तासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, उज्जाई प्राणायाम, पर्वतासन जैसे आसनों की सहायता ले सकते हैं। इसके अलावा स्ट्रेचिंग, वॉकिंग करना भी लाभकारी होगा।

**हेल्दी डाइट अपनाएं :** स्ट्रांग इम्युनिटी के लिए पोषक तत्वों से भरपूर डाइट अपनाएं। भोजन की थाली में एक चौथाई हरी सब्जियां और मोटे अनाज शामिल करें। अधिक चिकनाई युक्त आहार से परहेज करें। विटामिन्स, एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर मौसमी फलों का सेवन प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूती प्रदान कर सकता है।

**भरपूर नींद लें :** अच्छी सेहत और बेहतर इम्युनिटी के लिए 7-8 घंटे की नींद लें। यह फिजिकल और मेन्टल रिलीफ प्रदान करने के साथ ही अवसाद जैसी परेशानी को दूर करने में मददगार है। भरपूर नींद आपके डाइजेस्टिव सिस्टम को दुरुस्त रखने के साथ ही दिनभर की थकान से राहत दिलाने में हेल्पफुल है।

**विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन :** मजबूत प्रतिरक्षा तंत्र के लिए विटामिन सी से भरपूर आहार लें, आँवला, नींबू, अमरुद ,संतरे जैसे खट्टे फलों का सेवन लाभदायक है।

# सर्दियों में शिशु की आँखों में सूजन के कारण और दूर करने के घरेलू उपाय

अन्य मौसम की तुलना में सर्दियों में शिशुओं की इम्युनिटी कमजोर हो जाती है जिससे कई तरह की मौसमी बीमारियां शिशु को आसानी से संक्रमित करती हैं। इसी तरह की समस्या है आँखों में सूजन, अक्सर सर्दियों में छोटे शिशुओं की आँखों में सूजन और लालिमा की परेशानी हो जाती है। इसका कारण मौसम का प्रभाव या कोई सेहत से जुड़ी परेशानी हो सकती है। आँखे शरीर का सबसे कोमल हिस्सा है और बात अगर छोटे शिशु की आँखों की हो तब तो माता-पिता की परेशानी बढ़ जाती है। ठण्ड के मौसम में शिशु की आँखों से पानी आना और सूजन एक सामान्य समस्या है जो अधिकांश शिशुओं में देखी जा सकती है। इसका कारण एलर्जी, ठण्ड लगना और गन्दगी हो सकती है। शिशु की आँखों को गंदे हाथों से छूना भी आँखों के इंफेक्शन का कारण हो सकता है। अगर घर में कोई पालतू जानवर है तो उसके इफेक्शन से शिशु की आँखों में सूजन हो सकती है।

## सर्दियों में शिशु की आँखों में सूजन का कारण



जन्म के समय शिशु की आँख में सामान्य सूजन होती है जो समय के साथ धीरे-धीरे कम होती है। सर्दियों के प्रभाव से शिशु की आँखे लालिमायुक्त और सूज जाती है जिससे शिशु असहज हो जाता है। ठण्ड से बचाने के लिए शिशु को रोज नहलाया नहीं जाता है जिससे गन्दगी के कारण आँखों में संक्रमण होता है। ब्लॉक टियर डक्ट्स भी इसका कारण हो सकता है ब्लॉक टियर डक्ट्स एक प्रकार का बैक्टीरियल संक्रमण है। किसी चीज से एलर्जी भी शिशु की आँखों में संक्रमण का कारण हो सकती है। कम तापमान के कारण भी शिशु की आँखे संक्रमित हो जाती है।

## शिशु की आँखों में सूजन के प्रकार

यदि शिशु की आँखे खुल पा रही हैं और सूजन सिर्फ आँखों की पलकों में है तो यह सामान्य सूजन है। यदि पलकों के आस-पास भी सूजन है और आँखे खुल पा रहीं हैं तो यह सामान्य से ज्यादा है। अगर आँखों के आस-पास की त्वचा में सूजन हैं और आँखें नहीं खुल पा रहीं हैं तो यह गंभीर है इसके लिए आप डॉक्टर की सलाह लें।

## घरेलू उपचार

कुछ आसान घरेलू उपायों से शिशु की आँखों की सूजन को कम किया जा सकता है। इन उपायों को आँखों की सूजन का स्तर देखकर ही अपनाएं।

## गुनगुने पानी की सिकाई

तेज गुनगुने पानी में एक साफ कॉटन बॉल या सूती कपड़ा भिगोएं और इसको निचोड़ कर शिशु की आँखों की सिकाई करें। इससे आँखों की सूजन से राहत मिलेगी और लालिमा कम होगी। ऐसा दिन में दो से तीन बार करें।

## आँखों की सफाई

शिशु की आँखों की नियमित सफाई करें। शिशु का चेहरा और आँखों के किनारे के हिस्से और नाक के किनारे के हिस्से की रोजाना गुनगुने पानी से सफाई जरुरी है। इससे शिशु की आँखे सामान्य संक्रमण से बची रहेंगी।

## साफ बिस्तर

शिशु के बिस्तर की सफाई का विशेष ध्यान रखें, इससे बैक्टीरियल इंफेक्शन कम होगा। साफ बिस्तर से शिशु को किसी प्रकार की एलर्जी नहीं होगी। प्रतिदिन शिशु की बेडशीट बदलना भी आँखों के संक्रमण से बचाव करने में सहायक है।

## ग्रीन टी

यदि शिशु की उम्र एक साल से ज्यादा है तो ग्रीन-टी बैग को गुनगुने पानी में भिगोकर शिशु की आँखों पर रखें। ध्यान रहे टी-बैग आँखों के ऊपर रखें, आँखों के अंदरूनी हिस्से में इसका इस्तेमाल आँखों को नुकसान पहुंचा सकता है।

## एंटी वॉयरल ड्राप

एंटी वॉयरल ड्राप आँखों की सूजन कम करने में सहायक है यह सामान्य संक्रमण को कम करता है।

## एंटी बायोटिक आईड्रॉप

अगर शिशु की उम्र एक वर्ष से ज्यादा है तो डॉक्टरके परामर्श से एंटी बायोटिक आई ड्राप का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है। एनसीबीआइ की रिसर्च के मुताबिक यह बच्चों की आँखों के लिए सुरक्षित है।

## डॉक्टर की सलाह लें

अगर आँखों में सूजन सामान्य संक्रमण है तो इन घरेलू उपचारों से एक-दो दिन में कम हो जाएगी, यदि घरेलू उपायों से शिशु की आँखों की सूजन कम नहीं हो रही है तो डॉक्टर की सलाह लें।

# 27 से कालचक्र मैदान में आयोजित होगा बौद्ध महोत्सव

27 जनवरी से शुरू हो रहा है बौद्ध महोत्सव, इस तीन दिवसीय आयोजन में दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु और बौद्ध अनुयाई उत्साह से भाग लेते हैं। इसमें कई देशों के कलाकार शामिल हो रहे हैं तथागत की इस नगरी में यदि आप भी जाने की सोच रहे हैं तो बौद्ध महोत्सव सुनहरा मौका है। बोधगया वह स्थान है जहां महात्मा बुद्ध को बोध या ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यहां महाबोधि मंदिर के दर्शन करने के लिए देश- विदेश से श्रद्धालु आते हैं। यह पावन स्थान बिहार में स्थित है, बोधगया जाने के लिए सोच रहे हैं तो 27 से 29 जनवरी के बीच में जा सकते हैं। इस समय बोधगया महोत्सव की शुरूआत होने वाली है। इस तीन दिवसीय आयोजन में शामिल होने के लिए दुनिया के कोने-कोने से लोग आते हैं। पूरी दुनिया में बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायी मौजूद है जो बहुत ही उत्साह के साथ इस महोत्सव में हिस्सा लेते हैं।

## बौद्ध महोत्सव

बौद्ध महोत्सव की शुरूआत 1998 में हुई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया था। बौद्ध महोत्सव की तैयारियां पूरे जोरों पर है, इस महोत्सव के दौरान कालचक्र मैदान में व्यंजन मेला और ग्राम श्री



स्टाल लगाया जाता है। इसमें ग्राम श्री मेला में 35 और व्यंजन मेला में कुल 20 स्टाल लगाए जा रहे हैं। मुख्य मार्गों को विशेष रूप से लाइटों से सजाया जा रहा है। यह सजावट महाबोधि मंदिर से लेकर चिल्ड्रेन पार्क और वर्मा मोड़ तक होगी। होटल के मालिकों को होटल्स की विशेष रूप से सजावट करने के लिए निर्देश दिया गया है जिससे बोधगया नगरी दिव्य और भव्य दिखाई दे।

## 28 जनवरी को होगी ज्ञानयात्रा

बौद्ध महोत्सव के दूसरे दिन ज्ञान यात्रा का आयोजन किया जायेगा। पहले यह यात्रा महोत्सव शुरू होने के एक दिन पहले होती थी लेकिन इस बार गणतंत्र दिवस के चलते इसका आयोजन 28 जनवरी को किया जायेगा। इसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं के साथ ही अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। ज्ञान यात्रा सुबह तथागत की तपस्थली ढूंडेश्वरी से शुरू होगी और महाबोधि तक जाएगी। ग्राम श्री मेला के अंतर्गत महिलाओं के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## बोध गया का धार्मिक महत्व

माना जाता है प्रभु श्री राम ने अपने पितरों का पिंडदान बोधगया में ही किया था। मान्यता है गया में पिंडदान करने से पितरों की आत्मा को शांति प्राप्त होती है और पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश बोधगया में ही दिया।

## कैसे पहुंचे बोधगया

बोधगया रेलवे स्टेशन देश के हर हिस्से से जुड़ा हुआ है। यहां आप आसानी से पहुंच सकते है।

# यूरिक एसिड से छुटकारा दिलाने में सहायक है हल्दी

बॉडी में यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ो में दर्द, जॉइंट्स में सूजन, हाथ-पैरों में जकड़न, त्वचा पर लाल चकत्ते जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं, इस परेशानी को दूर करने में हल्दी आपकी सहायता कर सकती है। हल्दी में पाया जाने वाला करक्यूमिन यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के साथ ही जॉइंट्स की सूजन करने में हेल्प करता है। यूरिक एसिड बढ़ने से जॉइंट्स पेन, किडनी प्रॉब्लम और बहुत सी स्वास्थ्य संबंधी परेशानिया होने लगती हैं। यूरिक एसिड की अधिकांश मात्रा यूरिन के द्वारा शरीर से बाहर निकल जाती है। लेकिन बॉडी में यूरिक एसिड की जरूरत से ज्यादा मात्रा को किडनी नहीं निकाल पाती जिससे हेल्थ प्रॉब्लम्स की शुरूआत होती है। इसे हाइपरयूरिसिमिया कहते हैं। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन कम्पाउंड बढ़े हुए यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में सहायक है। यूरिक एसिड की परेशानी में आप हल्दी वाला दूध पी सकते हैं, हल्दी में मौजूद एंटीबायोटिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण आपको इन समस्याओं से राहत दिलाते हैं। इससे डाइजेस्टिव सिस्टम बेहतर होता है



जिससे बॉडी में मौजूद हानिकारक तत्व बाहर निकल जाते हैं और यह रक्तचाप को भी कंट्रोल करने में हेल्पफुल है।

## यूरिक एसिड की अधिक मात्रा से गठिया

यूरिक एसिड की अधिक मात्रा से आप गठिया के दर्द से परेशान हो सकते हैं साथ ही हड्डियों से जुडी अन्य बीमारियां जैसे ऑस्टियोपोरोसिस भी आपको जकड़ लेती हैं, एक सामान्य व्यक्ति में 3.5 से 3.7 तक यूरिक एसिड की मात्रा होनी चाहिए। समय रहते यूरिक एसिड की समस्या पर नियंत्रण नहीं होने से गठिया भयानक रूप ले सकता है। यदि किडनी बढ़े हुए यूरिक एसिड की मात्रा को पूरी तरह नहीं बाहर करती है तो इससे पथरी की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

## यूरिक एसिड की समस्या में हल्दी कैसे है गुणकारी

एक रिसर्च के द्वारा गठिया की बीमारी में हल्दी के प्रभाव का पता लगाया गया, जिसमें हल्दी में मौजूद करक्यूमिन को हड्डियों की सूजन कम करने में प्रभावी पाया गया,यह सूजन बढ़ने के जिम्मेदार कारको को नष्ट करने में सहायक है। करक्यूमिन आइकेबीए नाम के प्रोटीन को नष्ट करता है जो सेल्स में उपस्थित माइटोकांड्रिया को क्षतिग्रस्त करता है। जिससे हड्डियों में सूजन की समस्या होती है।

## कैसे करें हल्दी का सेवन

दूध में एक चम्मच हल्दी पाउडर डालकर सेवन करें शीघ्र परिणाम के लिए इसमें एक चुटकी काली मिर्च पाउडर मिक्स करें।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और कारोबार विस्तार की योजनाएं बनेंगी, लेकिन नए कार्यों की शुरूआत करने से बचें, वरना बड़ा नुकसान होने की संभावना रहेगी।

**वृष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने से खुश रहेंगे। आय में वृद्धि के योग भी बन रहे हैं। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी और कार्यों सफलता के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।

**मिथुन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में योजनाएं बनाकर काम करने से सफलता मिलेगी, लेकिन कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी और दिन भागदौड़ में व्यतीत होगा।

**कर्क राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कामकाज अच्छा चलेगा और धनलाभ के योग भी रहेंगे, लेकिन छोटी-छोटी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है।

**सिंह राशि :** आज का मिश्रित फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आकस्मिक धनलाभ के योग भी बन रहे हैं।

**कन्या राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। गृह-नक्षत्रों की स्थिति अनुकूल रहने से भाग्य-वृद्धि के योग बन रहे हैं। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**तुला राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापारिक गतिविधियां मध्यम रहेंगी और छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा और कार्यभार की अधिकता रहने से दिन भागदौड़ में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में आशानुरूप सफलता नहीं मिलने से मन में व्यग्रता रहेगी।

**धनु राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और कार्य सफलता के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

**मकर राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार विस्तार की योजनाएं बनाएंगे। कार्यक्षेत्र में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा और सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे कार्य आसानी से पूरे होंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा और सहकर्मियों का सहयोग भी मिलेगा, लेकिन आशानुरूप कार्यों में सफलता नहीं मिलने से मन व्यथित रहेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय में लाभ और नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। कारोबार विस्तार को लेकर योजनाएं शुरू कर सकते हैं।




## NEWS इन ब्रीफ

### पीएम का हैदराबाद दौरा स्थगित

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 19 जनवरी को होनेवाला हैदराबाद दौरा स्थगित कर दिया गया है। उनका सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने और कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास करने के लिए शहर का दौरा करने का कार्यक्रम था। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बुधवार को पीएमओ से स्थगन के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### जापान के पीएम ब्रिटेन जाएंगे

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा सहयोगी पश्चिमी देशों की यात्रा के दौरान ब्रिटेन का दौरा करेंगे और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात करेंगे। इस दौरान किशिदा अपने समकक्ष के साथ पारस्परिक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, जो दोनों देशों में संयुक्त सैन्य अभ्यास आयोजित करने की सुविधा प्रदान करेगा।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर खुले में पेशाब करनेवाला गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक यात्री को खुले में पेशाब करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह मामला 8 जनवरी का है। उस दिन एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों ने खुले में पेशाब करते देखा तो उसे रोकने का प्रयास किया। उस शख्स ने रोके जाने पर इन लोगों के साथ झगड़ा कर बवाल काटा। बाद में वहां पुलिस आई और उसे गिरफ्तार कर ले गई। उसकी पहचान जौहर अली खान के रूप में हुई है। वह 39 साल का है और बिहार का रहनेवाला है।

### करणी सेना आंदोलन खत्म करे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को कहा कि वे करणी सेना से सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा कर उनसे आंदोलन खत्म करने का आग्रह करेंगे। डॉ. मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान करणी सेना के आंदोलन को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि करणी सेना के लोग हमारे अपने हैं, कोई गैर नहीं।

### गोपनीय दस्तावेज मिलने से बाइडन आश्चर्यचकित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि उन्हें यह जानकर हैरानी हुई कि उनके एक निजी कार्यालय में कुछ गोपनीय दस्तावेज मिले हैं, जिनका इस्तेमाल उन्होंने कभी वाशिंगटन थिंक टैंक कार्यालय के रूप में किया था। उन्होंने कहा कि वह इन दस्तावेजों की समीक्षा में पूरी तरह से सहयोग करेंगे।

# शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत को समझें : बिरला

### लोस अध्यक्ष ओम बिरला की न्यायपालिका को नसीहत

**एजेंसी। जयपुर**


लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यायपालिका को नसीहत देते हुए कहा है कि उसे अपने संवैधानिक मैनडेट का प्रयोग करते समय सभी संस्थाओं के बीच संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों के पृथक्करण और संतुलन के सिद्धांत का अनुपालन करना चाहिए। राजस्थान विधानसभा में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के 83वें सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हमारे देश में विधान मंडलों ने न्यायपालिका की शक्तियों और अधिकारों का सदैव सम्मान किया है।



हमारे विधान मंडलों के पीठासीन अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि न्यायपालिका के साथ उनके संबंध संविधान की मर्यादा और भावना के अनुरूप रहे। लेकिन इसके साथ ही न्यायपालिका से भी यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने संवैधानिक मैनडेट का प्रयोग करते समय सभी संस्थाओं के बीच संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों के पृथक्करण और संतुलन के सिद्धांत का अनुपालन करे। बिरला ने आगे कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका- तीनों ही अपनी शक्तियां तथा क्षेत्राधिकार संविधान से प्राप्त करते हैं। प्रत्येक अंग को एक-दूसरे का और क्षेत्राधिकार का ध्यान रखते हुए आपसी सामंजस्य, विश्वास और सौहार्द के साथ कार्य करना चाहिए।

बिरला ने देशभर से आए विभिन्न राज्यों के विधान सभाओं और विधान परिषदों के अध्यक्षों को संबोधित करने के दौरान भारत को मिली जी-20 की अध्यक्षता का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विश्वभर में लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है। लोकतंत्र की हमारी अवधारणा पश्चिम से नहीं ली गई है। ऐतिहासिक प्रमाण है कि भारत में लोकतंत्र प्राचीन काल से विद्यमान है और विचारशील प्रतिनिधि निकाय और लोकतान्त्रिक संस्थाओं के साक्ष्य हमारे देश में मौजूद हैं। अपनी जी-20 ग्रुप की अध्यक्षता में भी भारत वैश्विक मंचों पर अपने प्राचीनतम लोकतंत्र एवं सांस्कृतिक विविधता के विषय को मजबूती से प्रस्तुत करेगा।

# म्यांमार के लड़ाकू विमानों ने की बमबारी, तीन लोगों की मौत



### म्यांमार के फाइटर जेट्स ने कैंप विक्टोरिया पर की बमबारी

### इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग हैं घायल

**एजेंसी। नैपयीडॉ**

म्यांमार के फाइटर जेट्स ने बुधवार को कैंप विक्टोरिया पर बमबारी की। यह कैंप भारत के राज्य मिजोरम से सटा हुआ है। फाइटर जेट्स ने चिन नेशनल आर्मी के हेडक्वाट्र्स पर हमला किया। यह संगठन म्यांमार का सबसे ताकतवर सशस्त्र संगठन है। जो खबरें आ रही हैं उसके मुताबिक इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग घायल है। जो वीडियो आया है उसमें साफ देखा जा सकता है कि हमला कितना भयानक रहा होगा। चिन नेशनल आर्मी की तरफ से बताया गया है कि हमले अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा के एकदम करीब थे। संगठन ने कहा है कि इन हमलों को मिजोरम-म्यांमार बॉर्डर पर बहने वाली तियाउ नदी के करीब हुए हैं लेकिन म्यांमार की तरफ। मिजोरम के गांवों खॉबुंग और फरकॉन तक धमाकों की आवाज सुनी गई थी। यह दोनों गांव बॉर्डर पर ही हैं।

धमाके भारतीय समयानुसार करीब 3 बजकर 33 मिनट पर हुए हैं। गांववालों ने बताया है कि ब्लास्ट्स की वजह से उनके घरों की दीवारें तक हिल गईं। विक्टोरिया कैंप के कमांडर की तरफ से जानकारी दी गई है कि जेट्स ने पांच बम कैंप के अंदर गिराए हैं। उन्होंने उन फैमिली क्वाट्र्स को निशाना बनाया है जहां पर संगठन के स्थानीय सशस्त्र सदस्य रहते हैं और उन्हें ट्रेनिंग दी जाती है।

# दुनिया का भारत में भरोसा बढ़ा : मोदी

**एजेंसी। इंदौर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत में राजनैतिक स्थिरता और मजबूत लोकतंत्र के चलते अब सब संभव हो रहा है और दुनिया के बड़े संस्थानों का भारत में लगातार भरोसा बढ़ रहा है। यहां आयोजित दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मोदी ने कहाः ये निवेशक सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब आजादी का अमृत काल चल रहा है। हर भारतीय इस समय विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पित है। ऐसे में सिर्फ भारतीय लोग ही नहीं, दुनिया की हर संस्था भारत के प्रति आश्वस्त दिख रही है। इसी क्रम में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, मोर्गन स्टैनली और मैकेंजी जैसी बड़ी संस्थाओं और कंपनियों के भारत के प्रति वर्तमान रुख संबंधित वक्तव्य भी बताए। उन्होंने कहा कि कई संस्थाओं और स्थापित व्यक्तित्वों ने भारत के प्रति अभूतपूर्व विश्वास प्रदर्शित किया है। ये आशावादिता मजबूत लोकतंत्र और राजनीतिक स्थिरता के कारण आई है। पिछले आठ वर्षों में सरकार ने बैंकिंग, वित्त और अर्थव्यवस्था और इससे जुड़े क्षेत्रों में अनेक सुधार किए गए हैं। इन फैसलों ने निवेश की बाधाएं दूर की हैं। नया भारत अपने निजी क्षेत्र की ताकत पर भी उतना ही भरोसा करता है, भारत ने रक्षा और खनन जैसे क्षेत्रों को भी निजी क्षेत्र के लिए खोला है।



### मप्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी इन्वेस्टर्स समिट : नरोत्तम

***भोपाल।*** *इंदौर में बुधवार से शुरू हुई दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर राज्य के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि यह समिट प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगी। डॉ. मिश्रा ने यहां कहा कि बदल रहा है मध्य प्रदेश, आ रहा है निवेश। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्य प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि गर्व की बात है कि प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।*

### मध्य प्रदेश अजब, गजब के साथ सजग भी : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विकसित भारत के निर्माण में मध्य प्रदेश की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि ये प्रदेश अजब, गजब होने के साथ विभिन्न क्षेत्रों को लेकर सजग भी है। यहां आयोजित दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएस) के उद्घाटन सत्र को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मध्य प्रदेश की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। आस्था, आध्यात्म से लेकर पर्यटन तक, कृषि से लेकर शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट तक, एमपी अजब, गजब और सजग भी है। मध्यप्रदेश के सामर्थ्य और संकल्प निवेशकों की प्रगति में दो कदम आगे चलेंगे, इसका वे विश्वास दिलाते हैं।

# मंगलुरु ब्लास्ट केस में पांच ठिकानों पर ईडी की दबिश

### कांग्रेस नेता से भी जुड़े बलास्ट के तार

**एजेंसी। बेंगलुरु**

मंगलुरु धमाका मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। खबर के मुताबित, केंद्रीय जांच एजेंसी ने कर्नाटक के पांच ठिकानों पर दबिश दी है। इनमें मुख्य आरोपी शारिक का शिवमोगा स्थित घर भी शामिल है। खास बात है कि ईडी की छापामार कार्रवाई में ब्लास्ट केस में कांग्रेस पार्टी का भी एंगल सामने आया है। ईडी अधिकारी तीर्थहल्ली स्थिति कॉम्प्लेक्स पहुंचे। सोपा गुड्डा स्थित यह भवन शारिक के पिता का है। इसी कॉम्प्लेक्स में कांग्रेस ने भी दफ्तर किराए पर लिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस का दफ्तर मंगलुरु के ऑटो रिक्शॉ धमाके के आरोपी परिवार से लीज पर लिया गया था।

## FILMY हलचल

### 17वां भोजपुरी फिल्म अवार्ड मुंबई में 21 को

**एजेंसी। मुंबई**

भोजपुरी सिनेमा जगत का जूरी बेस्ट अवार्ड '17वां भोजपुरी फिल्म अवार्ड' 21 जनवरी को मुंबई में आयोजित होगा। 17वां भोजपुरी फिल्म अवार्ड फिल्म ट्रेडिंग और आईटी कंपनी आई ईव एरा प्रस्तुत करेगी। आईवीरा के प्रमुख अशोक प्रसाद अभिषेक ने बताया कि भोजपुरी फिल्म अवार्ड के 17वें संस्करण का भव्य आयोजन मुंबई के अथरवा कॉलेज में होगा, जहां फिल्मों सितारों का महाकुंभ लगनेवाला है। यह एक निष्पक्ष अवॉर्ड शो है, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इस अवॉर्ड शो में भोजपुरी फिल्म से लेकर इससे जुड़े तमाम लोगों को विभिन्न कैटेगरी में अवार्ड दिए जाएंगे। आई ईव एरा भोजपुरी फिल्म अवार्ड के 17वें संस्करण में अवॉर्ड के अलावा भोजपुरी सिने दुनिया की सुपर स्टार का एक से बढ़कर एक धमाकेदार परफॉर्मेंस होगा। भोजपुरी इंडस्ट्री आज कल काफी ग्रो कर रही है। ऐसे में यहां काम करनेवाले लोगों को प्रोत्साहन देने के लिए इस अवॉर्ड शो का आयोजन किया गया है। यह बेहद खास होने वाला है। फिल्मों का चयन से लेकर सभी के योगदान को शॉर्ट लिस्टेड किया जा रहा है।



### राखी सावंत ने दोस्त आदिल से की शादी



**एजेंसी। मुंबई**

मनोरंजन जगत की ड्रामा क्वीन के नाम से मशहूर राखी सावंत ने अपने पुरुष मित्र आदिल दुर्रानी से कोर्ट मैरिज कर ली है। दोनों की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वो हाथ में कोर्ट मैरिज का सर्टिफिकेट लिए नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में दोनों के गले में वरमाला नजर आ रही है। इन तस्वीरों में राखी ने व्हाइट और पिंक कलर का शरारा पहना हुआ है और दूसरी तरफ आदिल अपने सिंपल लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने ब्लैक शर्ट के साथ डेनिम जींस पहनी है। सामने आई तस्वीर में दोनों ने अपनी कोर्ट मैरिज का सर्टिफिकेट भी पकड़ रखा है। दूसरी तस्वीर में दोनों अपनी शादी के पेपर्स साइन करते हुई नजर आ रहे हैं।

# विस चुनाव में स्थानीय प्रत्याशियों को दी जाएगी प्राथमिकता : कमलनाथ

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण के फार्मूले को लेकर बुधवार को कहा कि स्थानीय प्रत्याशियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो लोग जमीन पर अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें टिकट दिया जाएगा। यहां पत्रकारों से चर्चा में कमलनाथ ने कहा : विधानसभा चुनाव 2023 के लिए टिकट वितरण का फार्मूला यही होगा कि स्थानीय प्रत्याशी को प्राथमिकता दी जाएगी। जो लोग जमीन पर अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें टिकट दिया जाएगा। जो सीटें कांग्रेस कई चुनाव से हार रही है, वहां भी फीडबैक मिल रहा है कि जनता बदलाव के मूड में है। पार्टी में किसी तरह की गुटबाजी नहीं है। कोई किसी नेता का ज्यादा करीब होता है कोई किसी दूसरे नेता का, इसमें कोई बुराई नहीं है। 'माई के लाल' वाले बयान से कांग्रेस को फिर से फायदा होगा या नहीं, इस सवाल पर कमलनाथ ने कहा कि सरकार को सबसे बातचीत करनी चाहिए।

# यूक्रेन में 21 हजार से अधिक चेचन लड़ाकों ने लिया हिस्सा

**एजेंसी। ग्रोजनी**

यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान में 21 हजार से अधिक चेचन लड़ाकों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 9,000 अब अग्रिम पंक्ति में हैं। चेचन्या के प्रमुख रमजान कादिरोव ने यह जानकारी दी। श्री कादिरोव ने टेलीग्राम पर लिखा : मैंने चेचन गणराज्य की संसद के अध्यक्ष एवं गणतंत्र के विशेष सैन्य अभियान के मुख्यालय के प्रमुख मैगोमेद दाउदोव की एक रिपोर्ट सुनी है।

# गाना नाटू-नाटू को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड



**एजेंसी। मुंबई**

**दक्षिण** भारतीय फिल्मकार एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' के गाना नाटू-नाटू को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड 2023 दिया गया है। एस एस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' ने पूरी दुनिया में तहलका मचाया है। राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर इस फिल्म की रिलीज को एक साल होने आ रहा है। इस फिल्म के गाने 'नाटू-नाटू' को दर्शकों से मिले प्यार के बाद अब इसे 'गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स 2023' में बेस्ट ओरिजिनल गाने के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हॉलीवुड फिल्मों के बेहतरीन गानों को पछाड़ राम चरण और जूनियर एनटीआर के इस गाने ने देश में ही नहीं, बल्कि विदेशी फैंस को भी डांस करने के लिए मजबूर कर दिया। नाटू-नाटू गाने को गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स 2023 में मिले पुरस्कार के बाद फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने आरआरआर की पूरी टीम को बधाई दी हैं। एसएस राजामौली की इस फिल्म की अभिनेत्री आलिया भट्ट ने भी पूरी टीम को जीत की बधाई देते हुए अवॉर्ड फंक्शन की तस्वीर शेयर की और उन्होंने कैप्शन में 'नाटू-नाटू' लिखते हुए हार्ट वाला इमोजी पोस्ट किया है।

# गणेश आचार्य और अपर्णा शेट्टी स्टारर डांस नंबर 'मसालेदार तेरा प्यार' रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने कोरियोग्राफर- अभिनेता गणेश आचार्य और अभिनेत्री अर्पणा शेट्टी का नया डांस नंबर 'मसालेदार तेरा प्यार' रिलीज हो गया। राजघराना फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत गाना मसालेदार तेरा प्यार आरजीएफ म्यूजिक के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने में मास्टर जी गणेश आचार्य बेहद आकर्षक नजर आ रहे हैं और उनके साथ अभिनेत्री अपर्णा शेट्टी की केमिस्ट्री भी लाजवाब नजर आ रही है। इस गाने की लिरिक्स को प्रणव वत्स ने तैयार किया है, जिसे माधव राजपूत ने संगीत के सुरों को सजाया है। इस गाने को प्रतिज्ञा कुमारी और अब्दुल शेख ने आवाज दी है। इस गाने को लेकर प्रोड्यूसर आदित्य कुमार झा ने कहा है कि मसालेदार तेरा प्यार एक शानदार डांस नंबर है।

## संविधान उद्यान : देश की आजादी के बाद की पहली अनूठी पहल

# संवैधानिक मूल्यों के कला-रूप का है अनुपम उदाहरण

**एजेंसी। जयपुर**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान राजभवन में निर्मित संविधान उद्यान को अभूतपूर्व बताया व कहा कि संविधान से जुड़ी संस्कृति और संवैधानिक मूल्यों के कला-रूप में देशभर में यह अनुपम उदाहरण है। बुधवार की सुबह धनखड़ ने संविधान उद्यान में निर्मित संविधान के कला-रूपों का बारीकी से अवलोकन किया। संविधान उद्यान भ्रमण के बाद उन्होंने राज्यपाल कलराज मिश्र से विशेष रूप से संवाद कर संविधान के मूर्तरूप की इस पहल के लिए उन्हें विशेष रूप से बधाई दी और कहा कि आजादी के बाद इस तरह की यह अनूठी पहल राजस्थान में उनके प्रयासों से ही संभव हो पाई है। उन्होंने राजभवन में चरखा कातते महात्मा गांधी की उस प्रतिमा की भी सराहना की, जिसने स्वदेशी के जरिए आजादी आंदोलन को गति प्रदान करने में महती भूमिका निभाई। उन्होंने इस प्रतिमा, मयूर स्तम्भ और महाराणा प्रताप की अपने प्रिय घोड़े चेतक के साथ विश्रांति मुद्रा में निर्मित प्रतिमा के समक्ष फोटो भी खिंचवाया।



## NEWS इन ब्रीफ

### कांग्रेस कमेटी की नवगठित विस्तारित कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

**रांची ।** बुधवार को पूर्वाह्न 10 बजे से कटहल मोड़ स्थित लालगुटुवा, रांची में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की नवगठित विस्तारित कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में आहूत की गई है। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के राज्य पर्यवेक्षक अर्जुन मोधवाडिया, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर के0 राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर तथा अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

### मेडिका अस्पताल में भर्ती सुमित केसरी से मिले दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने मेडिका अस्पताल में भर्ती पार्टी नेता सुमित केसरी के परिजनों से मुलाकात की। उनके साथ राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय भी मौजूद थे। दीपक प्रकाश ने परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गुमला जिला भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री सुमित केसरी को अपराधियों ने मंगलवार को गोली मार दी थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए मेडिका में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### विवेकानंद महोत्सव पर निकाली गई प्रभातफेरी

**रांची।** विवेकानंद महोत्सव के तहत बुधवार को डोरंडा स्थित विवेकानंद चौक से प्रभातफेरी निकाली गई। इसमें 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रभात फेरी में शामिल विद्यार्थियों ने लोगों से रांची को साफ और सुंदर बनाए रखने के साथ पौधे लगाने और जल संरक्षण की अपील की। कार्यक्रम में दिव्यम फाउंडेशन और युवा सोच की संयुक्त भागीदारी रही। प्रभात फेरी विवेकानंद चौक से हिनू चौक तक गई। मौके पर प्रिंस आजमानी, आशुतोष सिंह, सुमित कुमार, अमित गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

### अब ऑनलाइन होगा नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन

**रांची।** झारखंड नर्स पंजीकरण परिषद (जेएनआरसी) ने राज्य के करीब 29 हजार नर्सों को रहत देने की कवायद शुरू कर दी है। परिषद अपनी वेबसाइट को डेवलप कर रहा है और लगभग 90 प्रतिशत काम भी पूरा हो गया है। फरवरी से इस व्यवस्था के तहत नर्सें ऑनलाइन ही अपना नर्सिंग रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। गौरतलब है कि पांच साल में एक बार राज्य की नर्सों को जेएनआरसी से अपना सर्टिफिकेट का रिन्यूअल कराना पड़ता है।

### केंद्रीय टीम के साथ सुखाड़ को लेकर कृषि मंत्री ने की बैठक

# प्रभावित किसानों को केंद्र से मुआवजा मिलने की उम्मीद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में सूखे की स्थिति का आकलन करने आई केंद्र की टीम के साथ बुधवार को कृषि मंत्री श्री बादल ने बैठक की और राज्य के हालात के बारे में जानकारी दी। नेपाल हाउस मैं हुई बैठक के बाद राज्य के कृषि मंत्री श्री बादल ने कहा कि 226 प्रखंड सुखाड़ की चपेट में आए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीम को सभी बिंदुओं से अवगत करा दिया गया है साथ ही उम्मीद है कि केंद्रीय टीम जो रिपोर्ट सबमिट करेगी उस उस पर केंद्र सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी और सुखाड़ से प्रभावित किसानों के उत्थान के लिए उचित कदम उठाएगी। श्री बादल ने कहा कि हमने पूर्व से ही सारी तैयारी कर ली थी और बीज वितरण से लेकर अन्य कार्य भी कर लिए थे लेकिन राज्य में बारिश कम होने की वजह से करीब 65% कम उपज हुई है। 15 अगस्त तक 658 मिलीमीटर की जगह मात्र 426.3 मिलीमीटर बारिश हुई जिसकी वजह से राज्य के 226 प्रखंड प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के 58 लाख किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार काम कर रही है। केंद्रीय टीम की नेतृत्वकर्ता एवं संयुक्त सचिव एस रुक्मणी ने कहा कि हमने रांची के चांहों प्रखंड में जायजा लिया है साथ ही 7 जिले मैं जाकर हमारी टीम सूखे की स्थिति का आकलन करेगी और अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार की उप समिति को भेजेगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारी टीम जो अनुशंसा भेजेगी उसपर केंद्रीय कमेटी सकारात्मक निर्णय लेगी।

## खेल मैदान जल्द तैयार करने का निर्देश दिया डीडीसी ने

**रांची।** रांची जिले के वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना को जल्द पूरी करने का निर्देश उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने दिया है। स्थानीय श्रमिकों से इसका निर्माण कराने को कहा गया है। बुढ़मू, अनगड़ा, सिल्ली, लापुंग, बुंडू, राहे एवं रातू प्रखंड में खेल मैदान निर्माण पूर्ण नहीं होने पर प्रखंड विकास पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने बुधवार को जिला समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए ये निर्देश दिए। बैठक में प्रखंडों के मनरेगा मजदूरों की शत प्रतिशत आधार सीडिंग 31 जनवरी तक पूरा करने का निर्देश दिया गया। खराब प्रदर्शन करने वाले प्रखंड- कांके, रातू, नामकुम, लापुंग, तमाड़, नगड़ी, बुढ़मू, बुंडू के प्रखंड विकास पदाधिकारी को उप विकास आयुक्त ने कड़ाई से निर्देश देते हुए तय समय में काम पूरा करने का निर्देश दिया।

# कांग्रेस भवन में शास्त्री जी की पुण्यतिथि मनायी गयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में मनाई गयी और उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित की गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री कठिन से कठिन परिस्थिति का सामना करने व समस्याओं को सुलझाने की क्षमता रखते थे। शास्त्री जी का जीवन बहुत ही कठिनाईयों से भरा जीवन रहा है। कठिनाईयों के अनुभव ने उनके हृदय में गरीबी के प्रति एक असीम करूणा भरी थी। पिछड़े वर्गों, उपेक्षित तथा आश्रयहीन व्यक्तियों को उपर उठाने में उनकी विशेष रूचि रही थी। वक्ताओं ने कहा कि पं. नेहरू के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जब भारतीय गणतंत्र का




मंत्रीमण्डल बना उसमें शास्त्री जी रेल और परिवहन मंत्री बनाये गये। उनके कार्यकाल में छोटे-छोटे स्टेशनों का निर्माण और विकास हुआ तथा हजारों मिल लम्बी नई रेल की पटरियां बिछायी गयी। इंजन, माल गाड़ियां तथा सवारी गाड़ियों के डिब्बों के वर्कशॉप बने। तीसरी श्रेणी के यात्रियों की सुख-सुविधा देने आदि का कार्य उनके हीं मंत्रीत्वकाल में हुआ। वक्ताओं ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री उच्च कोटि के विचारक, प्रशासन और राजनितिज्ञ थे। वे शासन के प्रमुख पदों पर रहे। परन्तु सत्ता और शक्ति का त्यागपूर्वक उपभोग और मानवता में अटूट विश्वास हीं शास्त्री जी का धर्म था।

# उम्मीद फाउंडेशन उपलब्ध करायेगा सुजीत मुंडा को प्रतिमाह राशन, पहल शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** टी20 ब्लाइंड वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के विजेता भारतीय टीम के सदस्य सुजीत मुंडा को उम्मीद फाउंडेशन आर्थिक मदद कर रहा है। फाउंडेशन उन्हें घर चलाने के लिए प्रत्येक माह राशन का खर्च देगा। जनवरी माह से ही उम्मीद फाउंडेशन मदद कार्य शुरू कर दिया है। उम्मीद फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष रितेश उरांव, सचिव निरंजन भारती, उपाध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, राजेंद्र ठाकुर, सोनू खलखो सहित टीम के अन्य लोगों के साथ सुजित मुंडा का घर पहुंचकर जनवरी महीने का राशन 50 किलो चावल, 10 किलो आटा, 10 किलो आलू, तेल, दाल इत्यादि जरूरत के सभी चीजें उपलब्ध कराया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष रितेश उरांव ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन यह चाहती है कि सुजित मुंडा स्वतंत्र होकर क्रिकेट खेले और अपने राज्य और देश का नाम इसी तरह रौशन करते रहे। यह मदद उम्मीद फाउंडेशन तब तक करता रहेगा, जब तक सरकार उसको समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराती है। श्री उरांव ने कहा कि अगर राज्य सरकार राज्य के वैसे खिलाड़ियों को जिन्होंने अपनी अपनी मेहनत और संघर्ष के बदौलत अपनी प्रतिभा का लोहा देश सहित विदेशों में फहराया है। अगर समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराती है तो उम्मीद फाउंडेशन खिलाड़ियों को उनके हक और अधिकार के लिए आंदोलन करेगा। उन्होंने राज्य सरकार से यह अपील किया है कि सरकार सुजीत मुंडा को घर और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करें।

## कोयला खनन में आ रही बाधाओं को दूर करने के उपायों पर हुई चर्चा

**रांची ।** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह की अध्यक्षता में भारत सरकार के खनन सचिव अमृत लाल मीणा के साथ बुधवार को प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित झारखण्ड मंत्रालय के सभागार में राज्य के अधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और राज्य के खनन सचिव अबू बकर सिद्दीकी के अलावा कई अन्य वरीय अधिकारी और कई जिलों के उपायुक्त मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से राज्य में कोयला खनन में आ रही बाधाओं को दूर करने के उपायों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय खनन सचिव ने कहा कि बैठक में झारखण्ड की तीनों कोयला कंपनियों के नए प्रोजेक्ट और पुराने प्रोजेक्ट जिनका विस्तारीकरण होना है, वहां जल्द और निर्बाध खनन कैसे तेजी से लागू हो, इसपर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि कोयला खनन से सम्बंधित कार्यक्रमों में राज्य सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

### नवंबर 2022 में सीए फाइनल व सीए इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित

# सीए फाइनल में आरएन शिवानी और इंटरमीडिएट में विधि अग्रवाल रहीं टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, नयी दिल्ली के द्वारा नवंबर 2022 में सीए फाइनल और सीए इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित किया गया। घोषित परीक्षाफल के अनुसार रांची परीक्षाकेंद्र के परीक्षार्थियों का प्रदर्शन काफी उल्लेखनीय रहा है। कुछ परीक्षार्थियों ने अखिल भारतीय स्तर पर टॉप 50 की लिस्ट में स्थान भी बनाया है। सीए फाइनल की परीक्षा में रांची परीक्षा केंद्र में दोनों ग्रुप में कूल 115 परीक्षार्थियों में 14 परीक्षार्थियों ने दोनों ग्रुप में , 12 परीक्षार्थियों ने ग्रुप - । और 7 परीक्षार्थियों ने ग्रुप - ।। में सफलता प्राप्त किया है। सीए फाइनल ग्रुप - । में कूल 129 परीक्षारती शामिल हुए जिसमे 19 ने उत्तीर्ण किया और सीए फाइनल ग्रुप -।। में





कूल - 113 में से 22 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है। घोषित परीक्षफल के अनुसार सीए फाइनल में अखिल भारतीय स्तर पर हर्ष चौधरी, नयी दिल्ली ने प्रथम स्थान, शिखा जैन, इंदौर और रामयाश्री, मंगलुरु ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान और मानसी अग्रवाल, नयी दिल्ली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सीए इंटरमीडिएट में अखिल भारतीय स्तर पर दीक्षा गोयल, करनाल प्रथम स्थान, तूलिका श्रवण जालान, मुंबई ने दूसरा स्थान और सक्षम जैन, जयपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

सभी सफल परीक्षार्थियों को उनके उल्लेखनीय सफलता के लिए इंस्टिट्यूट के रांची शाखा के अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार, सचिव सीए अभिषेक केडिया और सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए निशांत मोदी ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया कंबल वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शुभेच्छा कार्यक्रम के अंतर्गत शीत ऋतु की इस विषम परिस्थिति में कंबल वितरण कर जरूरतमंद लोगों की सहायता की। छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ रांची जिले के अनगड़ा ब्लॉक स्थित पाइका, चतरा, सिरपा और बोंगई बेरा गांव के वृद्ध और अभावग्रस्त लोगों के मध्य कम्बल वितरण किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यालय द्वारा किए गए प्रयास की प्रशंसा की।

# 31 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह 22 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड सेवा विभाग के सहयोग से लायंस क्लब ऑफ रांची द्वारा आगामी 22 जनवरी रविवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर सेवा सदन पथ (सेवा सदन) बड़ा तालाब, अपर बाजार रांची में 31 शोषित वंचित आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग की लड़कियों का चौथा 'आशीर्वाद सामूहिक विवाह समारोह' आयोजित होने जा रहा है। लायंस क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष राजेश कुमार मोर और आशीर्वाद विवाह समारोह के संयोजक राजेश चौधरी ने बताया कि लायंस क्लब का उद्देश्य केवल सहायता करना मात्र नहीं है, बल्कि समाज को एक नयी दिशा देने



का उद्देश्य भी है. उन्होंने बताया सामूहिक विवाह एक आंदोलन है यह कोई चैरिटी नहीं, इस समारोह के माध्यम से हम समाज के सक्षम वर्ग को ऐसे समाज से जोड़ना चाहते हैं जो आज आर्थिक रूप से पिछड़ेपन के कारण विवाह का खर्च उठाने में अक्षम है, उनका सामूहिक विवाह कर बहुत से अंधविश्वासों को तोड़ना और सामाजिक कुरीतियों जैसे नशा-पान, भोजन की बबार्दी, दिखावे पर होने वाले अनावश्यक खर्चों को रोकना भी है। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांत प्रमुख अशोक अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस विवाह समारोह के लिए गुमला, लोहरदगा, खूंटी व रांची जिले के सुदूर क्षेत्रों से 31 वर-वधु की जोड़ियों का चयन कर उनका सामूहिक विवाह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करना समाज का दायित्व है। आर्थिक सामाजिक विषमताओं के इस दौर में दिखावे और फिजूलखर्ची तथा दिखावे के अंधानुकरण की दौड़ से समाज को बचाने के लिए नई दिशा देने की आवश्यकता है।

# आपदा प्रबन्धन, दुर्घटना राहत व बचाव पर सेमिनार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को रांची रेल मण्डल के चिकित्सा विभाग एवं संत जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा मण्डल रेल अस्पताल परिसर हटिया में आपदा प्रबन्धन तथा दुर्घटना राहत एवं बचाव विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य रेल दुर्घटना के समय त्वरित बचाव एवं राहत कार्य, घायल यात्रियों का प्राथमिक उपचार तथा चिकित्सकिय सहायता संबन्धित विषयों पर विस्तार से चर्चा करना था। मण्डल के चिकित्सा विभाग एवं संत जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के लगभग 100 कर्मचारियों को सेमिनार के दौरान पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दुर्घटना राहत एवं बचाव तथा चिकित्सकीय सहायता की जानकारी दी गये। सेमिनार का संचालन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस के बेहरा के मार्गदर्शन में मण्डल चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक सहाय द्वारा किया गया।

# पृष्ठ एक के शेष

**पलामू : माड़-भात पर भी...**

सदस्यों को बताया कि यह सूखा वर्ष 1966 में पड़े सूखे से भी भयावह है। किसानों ने कहा कि अभी फसल नहीं हुआ है तो किसान पलायन कर दूसरे राज्य में जाकर दो पैसा कमा ले रहें हैं । हमलोगों की चिंता भविष्य में पेयजल को लेकर है। गांव के तालाब सूख चुके हैं । चापाकल भी जवाब दे रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि पेयजल को लेकर कोई व्यवस्था नहीं हुई तो लोग पानी बिना कैसे रहेंगे। सभी लोगों ने एक साथ टीम से डीप बोरिंग व पेयजल के अन्य संसाधन उपलब्ध करवाने की मांग की। किसान आदित्य नारायण पांडे ने कहा कि उन्होंने अपने 70 वर्ष के उम्र में ऐसी स्थिति नहीं देखी । सूखे के कारण तो माड़-भात पर भी संकट आ गया है। इसी तरह टीम ने बंदुवा गांव का भी दौरा कर लोगों से सूखे के कारण उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया।

**परिसदन में की...**

जानकारी मांगी है। हाल में ही झारखंड सरकार द्वारा किसानों को सुखाड़ राहत के रूप में प्रति किसान 3500 रुपए वितरण किया गया है। इस राहत पैकेज के बारे में भी किसानों की संख्या और स्थिति के बारे में जानकारी ली है। दरअसल राज्य सरकार ने पलामू के सभी प्रखंडों को सुखाड़ घोषित किया है। पलामू में 21 प्रखंड है। इन प्रखंडों में 83 प्रतिशत कम बारिश हुई है, जिससे धान की रोपनी बहुत कम हुई। कुछ दिनों पहले राज्य सरकार ने पलामू के सभी प्रखंडों को सुखाड़ घोषित किया है। पलामू में पहले चरण में 50 हजार से अधिक किसानों ने सुखाड़ राहत की राशि ली है। केंद्रीय टीम ने पलामू में सिंचाई सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली है। टीम ने नदियों की स्थिति देखी और जलाशयों में भी पानी का आकलन किया है।

**आईईडी विस्फोट...**

जानकारी मिलते ही तुरंत चॉपर भेजकर सभी घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। सूत्रों के अनुसार घायल जवानों में कोबरा जवान अजय लिंडा, शाहरुख खान, भरत सिंह, मुकेश सिह और आलोक दास शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ जारी है।

**माओवादियों को भी उठाना...**

बटालियन, झारखंड जगुआर के साथ सीआरपीएफ के 60, 174 और 197 बटालियन की टीम संयुक्त अभियान चला रही थी। अभियान के दौरान दिन के एक बजे संयुक्त बलों की टीम मौके पर पहुंची, तब माओवादियों की तरफ से फायरिंग की गई। इसी दौरान माओवादियों ने आईईडी ब्लास्ट भी किया।

**संघ प्रमुख के बयान पर भड़के...**

बर्दाश्त नहीं कर सकता। मोहन को हिन्दुओं का प्रतिनिधि किसने चुना? 2024 में चुनाव लड़ रहे हैं? अगर ऐसा है तो हम स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि भागवत ने कहा था कि हिन्दू हमारी पहचान, राष्ट्रीयता और सबको अपना मानने और साथ लेकर चलने की प्रवृति है और इस्लाम को देश में कोई खतरा नहीं है, लेकिन उसे 'हम बड़े हैं' का भाव छोड़ना पड़ेगा। भागवत ने कहा, 'हिन्दू हमारी पहचान, राष्ट्रीयता और सबको अपना मानने और साथ लेकर चलने की प्रवृति है।

**तिलकुट व चूड़ा की सौंधी खुशबू...**

वेराइटी बिक रही है। इसमें अरवा चूड़ा में भी अलग-अलग क्वालिटी रेट है। दूध और दही के साथ खाने के लिए अरवा चूड़ा बेचा जा रहा है। इनकी कीमत 40 से 80 रुपए किलो है। बासमती चूड़ा 120 रुपए किलो बिक रहा है। उसना चूड़ा की कीमत सबसे कम 30 से 50 रुपए किलो है।

**क्या कहना है खरीददारों का :** तिलकुट का खरीददारी करने आये ग्राहक मनोज ने बताया की बच्चों को तिलकुट बहुत पसंद आते हैं। ठंड के मौसम में डॉक्टर भी तिलकुट खाने को कहते हैं। पिछले साल की अपेक्षा इस साल कीमत कुछ ज्यादा है, फिर भी अन्य मिठाइयों की अपेक्षा यह सस्ता ही पड़ता है। इस बार खोया तिलकुट में नई वेराइटी देखने को मिल रही है।

**क्रूज की रवानगी की पूर्व...**

इतिहास रहा है। इसको देखते हुए इस संगीत कार्यक्रम में अलग-अलग राज्यों से अलग-अलग फ्लेवर देने के लिए गानों को चुना गया है। असम, बिहार और बंगाल के लोक संगीतकार गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र नदियों को श्रद्धा भाव प्रदर्शित करने के लिए लोकप्रिय गायक शंकर महादेवन के साथ शामिल होंगे। तकरीबन एक घंटे के शो का समापन शंकर महादेवन की कर्तव्य गंगा की स्तुति के साथ होगा। 'कर्तव्य गंगा' नदी देवी से वादा करता है कि हर भारतवासी हमेशा उसकी देखभाल करेगा। उसके जल की रक्षा के लिए हम सबलोग सब कुछ करेंगे जैसे वह हमेशा हमारी रक्षा करती रही है। कार्यक्रम के दौरान ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से नदी, और उसकी चिरस्थायी प्रासंगिकता को प्रदर्शित किया जाएगा।

**पीएम वाराणसी में दुनिया के सबसे लंबे क्रूज को दिखाएंगे हरी झंडी**

: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को सुबह 10.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज-एमवी गंगा विलास को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और वाराणसी में टेंट सिटी का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई अन्य अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## एन0आर0ई0पी0, चतरा

### ई–अति अल्पकानीन् निविदा आमंत्राण सूचना

ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/05/2022-23 दिनांक–11.01.2023

1. मद का नाम: राज्य योजना अनावद्ध के अन्तर्गत

| क्र. सं. | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चतरा | चतरा | चतरा | गोवा पर्यटक स्थल में सिमेंटेड बेंच, डेस्क का निर्माण। | 1645900.00 | 33000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | चतरा | चतरा | चतरा | खैवा बंदारू के कॅम्पस में सिमेंटेड बेंच, डेस्क का निर्माण। | | | | |
| | कुंदा | कुंदा | कुंदा | महादेव मठ एवं राजा का किला कैम्पस में सिमेंटेड बेंच, डेस्क का निर्माण। | | | | |
| | कान्हाचट्टी | कान्हाचट्टी | कान्हाचट्टी | तमासीन कैम्पस में सिमेंटेड बेंच, डेस्क का निमार्ण। | | | | |
| | | | | | 1645900.00 | 33000.00 | 5000.00 | |

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.01.2023
3. ई – पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –27.01.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 28.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 30.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 6201014532 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई– पुनर्निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www. jharkhand tenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कर्यापालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा

PR 287248 NREP(22-23)#D

NEWS इन ब्रीफ

### आईपीएल 2023 से बाहर हुए ऋषभ पंत

**मुंबई।** आईपीएल 2023 के शुरू होने से पहले दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, हाल ही में कार हादसे का शिकार हुए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पंत दिल्ली के कप्तान थे, अब उनका बाहर होना फ्रेंचाइजी के लिए तगड़ा नुकसान है। सौरव गांगुली को हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स का डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट नियुक्त किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि पंत अब आईपीएल के इस सीजन नहीं खेल पाएंगे।

### कोहली वनडे क्रिकेट के मास्टर : गंभीर

**नयी दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के शतक की बदौलत भारत ने श्रीलंका के खिलाफ गुवाहाटी में खेला गया पहला वनडे 67 रन से जीत लिया है। कोहली का यह वनडे करियर का 45वां शतक है, जबकि पूरे अंतर्राष्ट्रीय करियर का 73वां शतक है। कोहली के इस शतक की तारीफ करते हुए भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम ने कहा कि इस स्टार बल्लेबाज ने समय के साथ दिखा दिया है कि वह वनडे क्रिकेट का मास्टर है।

### ऑस्ट्रेलिया ने टॉड मर्फी को टीम में बुलाया

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत में फरवरी-मार्च में होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा बुधवार को की, जिसमें 22 वर्षीय ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फी को शामिल किया गया है। विक्टोरिया से आनेवाली मर्फी बिग बैश लीग (बीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स के लिए खेलते हैं और उन्हें पहली बार टेस्ट स्क्वाड में तलब किया गया है।

### आर्थर ने पाकिस्तान का कोच बनने की पेशकश ठुकराई

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए तलाश का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है। मिकी आर्थर ने यह पेशकश ठुकरा दी है। पीसीबी ने मंगलवार को कहा कि मुख्य कोच के पद के लिए वह दक्षिण अफ्रीका के आर्थर से बात कर रहे थे, लेकिन उन्होंने कहा कि डर्बीशर के साथ दीर्घकालिन अनुबंध के कारण वह पद स्वीकार नहीं कर सकेंगे।

### बाबर को कमजोर करने का हो रहा प्रयास

**कराची।** पूर्व कप्तान और कोच मिसबाह उल हक का मानना है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में कुछ लोग मौजूदा कप्तान बाबर आजम की स्थिति को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इससे टीम के ड्रेसिंग रूम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मिसबाह ने लाहौर में संवाददाताओं से कहा : मैं देख रहा हूं कि टीम में बाबर आजम की स्थिति कमजोर हो रही है।

# रणजी ट्रॉफी : पृथ्वी शॉ ने 379 रनों की तूफानी पारी खेल रचा इतिहास

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने तूफानी पारी खेलते हुए इतिहास रच दिया है। इसके पारी के साथ ही पृथ्वी ने टीम इंडिया के चयनकर्ताओं को मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। मुंबई बनाम असम के रणजी ट्रॉफी मुकाबले में पृथ्वी ने 379 रन बनाए हैं। वह 400 रन के एतिहासिक आंकड़े से महज 21 रन से चूक गए। शॉ को असम के गेंदबाज रियान पराग ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। बता दें कि श्रीलंका के खिलाफ भी 23 वर्षीय पृथ्वी शॉ को टीम इंडिया में शामिल नहीं किया गया है। पृथ्वी शॉ ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया के चयनकर्ताओं को बल्ले से मुंहतोड़ जवाब दिया है।

गुवाहाटी के अमीनगांव क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई और असम के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच खेला जा रहा है। जिसमें पृथ्वी शॉ ने 379 रनों की जबरदस्त पारी खेली है। इस पारी के साथ ही पृथ्वी भारतीय फर्स्ट क्लास क्रिकेट और रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सबसे बड़ा दूसरा स्कोर बनानेवाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 1991 में मुंबई के लिए हैदराबाद के खिलाफ संजय मांजरेकर के 377 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। अब उनसे आगे सिर्फ महाराष्ट्र के ही बीबी निम्बालकर हैं, जिन्होंने 1948 में काठियावाड़ के खिलाफ 443 रनों की नाबाद पारी खेली थी।




### रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ स्कोर

- बीबी निम्बालकर - नाबाद 443 रन (महाराष्ट्र बनाम काठियावाड़ 1948 में)
- पृथ्वी शॉ - 379 रन (मुंबई बनाम असम 2023 में)
- संजय मांजरेकर - 377 रन (बंबई बनाम हैदराबाद 1991 में)
- एमवी श्रीधर - 366 रन (हैदराबाद बनाम आंध्रा 1994 में)
- विजय मर्चेंट - नाबाद 359 रन (बंबई बनाम महाराष्ट्र 1943 में)
- सुमित गोहेल- नाबाद 359 रन (गुजरात बनाम ओडिशा 2016 में)

#### खेली ताबड़तोड़ पारी

पृथ्वी शॉ ने 383 गेंदों का सामना करते हुए 379 रनों की तूफानी पारी खेली है। सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे पृथ्वी ने अपनी पारी में चार छक्के और 49 चौके जड़े हैं। पृथ्वी का स्ट्राइक रेट 98.96 का रहा। बता दें कि पहले दिन मंगलवार को 240 रनों पर नाबाद पारी खेलकर पवेलियन लौटे थे। वहीं, बुधवार को पृथ्वी शॉ 379 रन बनाकर आउट हो गए, अगर वह थोड़ी देर और क्रीज पर रुकते तो 400 रनों का रिकॉर्ड बना देते। वह मुंबई को 598 के मजबूत स्कोर तक पहुंचाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। जबकि टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी शतकीय पारी खेली।

# दूसरा वनडे जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने उतरेगा भारत

**एजेंसी। कोलकाता**

पहले वनडे में मेहमान टीम को 67 रन से रौंदने के बाद भारत यहां ईडन गार्डन में गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ दूसरा एक दिवसीय मुकाबला जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने उतरेगा। गुवाहाटी में खेलेगये पहले मुकाबले में जहां रोहित शर्मा और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिए हुई 143 रन की साझेदारी ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, वहीं विराट कोहली के 73वें अंतर्राष्ट्रीय शतक की मदद से टीम 373 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर सकी। भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने भले ही बड़े स्कोर बनाये, लेकिन निचला क्रम ज्यादा कुछ कमाल नहीं दिखा सका। इसका नतीजा यह हुआ कि भारत ने आखिरी पांच ओवरों में सिर्फ 70 रन जोड़े। यूं तो श्रेयस अय्यर (28) और केएल राहुल (39) दोनों ही अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके, लेकिन राहुल की खराब फॉर्म कुछ समय से भारत के लिए चिंता का विषय रही है। राहुल ने 2022 में भारत के लिए 10 वनडे मैच खेले, जिसमें उन्होंने 27.9 की औसत से सिर्फ 251 रन बनाये।



साथ ही उनका स्ट्राइक रेट 80.2 का रहा जो एक फिनिशर की भूमिका निभानेवाले बल्लेबाज के लिहाज से कम है।

ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में भारत के विकेटकीपर की भूमिका निभाने वाले राहुल को दूसरे वनडे में बड़ा स्कोर बनाने की जरूरत होगी। दूसरी ओर, श्रीलंका को गुरुवार से पहले ऊपरी क्रम की लचर बल्लेबाजी का कुछ इलाज ढूंढना होगा। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका (72) की अर्द्धशतकीय पारी के अलावा किसी बल्लेबाज ने महत्वपूर्ण योगदान नहीं दिया। अंत में कप्तान दसुन शनाका ने आकर 88 गेंदों पर 108 रन की पारी खेली, लेकिन तब तक मैच उनकी टीम के हाथ से निकल चुका था। श्रीलंका के पास गेंदबाजी और फील्डिंग से जुड़ी हुई कुछ चिंताएं भी हैं। गेंदबाजों ने जहां शुरूआती ओवरों में ढीली गेंदबाजी करके रोहित और गिल को हाथ खोलने का मौका दिया, वहीं खराब फील्डिंग के कारण भी श्रीलंका को कई रनों की क्षति हुई। कसुन रजिता की गेंदबाजी पर रन मशीन विराट कोहली का कैच क्रमशः 51 और 82 रन पर दो बार छूटा और उन्होंने इसका भरपूर फायदा उठाते हुए 113 रन जड़ डाले। शनाका की टीम अगर ईडन गार्डन में जीत दर्ज करके सीरीज 1-1 से बराबर करना चाहती है तो उसे इन गलतियों को दोहराने से बचना होगा।

### आईसीसी रैंकिंग में विराट और रोहित ने लगाई छलांग

**दुबई।** भारत ने श्रीलंका के खिलाफ जारी तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। मंगलवार को गुवाहाटी में खेले गए मैच में विराट कोहली ने सेंचुरी ठोकी, जबकि रोहित शर्मा ने ताबड़तोड़ 83 रनों की पारी खेली। दोनों को इन पारियों का फायदा ताजा जारी आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में मिला है। विराट कोहली दो पायदान के फायदे के साथ नंबर छह पर पहुंच गए हैं, जबकि रोहित शर्मा एक पायदान के फायदे के साथ नंबर-8 पर आ गए हैं।

**टॉप-10 बल्लेबाज -**

- बाबर आजम
- रैसी वैन डर डसन
- इमाम उल हक
- क्विंटन डिकॉक
- डेविड वॉर्नर
- विराट कोहली
- स्टीव स्मिथ
- रोहित शर्मा
- जॉनी बेयरस्टो
- फखर जमां


### उर्वशी की मां ने ऋषभ पंत को लेकर शेयर की इंस्टा पोस्ट

**मुंबई।** उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत के बीच एक समय अफेयर की खबरें जोरों पर थी, लेकिन अब उनके बीच सब खत्म हो चुका है। उर्वशी कई बार ट्रोल हो चुकी हैं। अब उर्वशी की मां एक सोशल मीडिया के कारण चर्चा में हैं जिस पर लोगों द्वारा ट्रोल करने के बाद उन्हें इस पोस्ट को डिलीट तक करना पड़ा। दरअसल, उर्वशी की मां मीरा ने पंत को लेकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की थी जिसके बाद वह लोगों के निशाने पर आ गईं। पंत का 30 दिसम्बर 2022 को कार एक्सीडेंट हुआ था और अभिनेत्री की मां ने हाल ही में सोशल मीडिया पर कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के एंट्री गेट की एक तस्वीर पोस्ट की थी। और कैप्शन में बेटी उर्वशी को टैग करते हुए लिखा था, 'सब कुछ ठीक है बेटा चिंता मत करो।' इस पोस्ट के बाद उर्वशी की मां ट्रोलर्स के निशाने पर आ गईं। एक यूजर ने लिखा, 'हां, पागल हैं। एक समय था जब मुझे लगा कि इस परिवार को मदद की जरूरत है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ये बात व्हाट्सएप पर भी की जा सकती थी।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'ऐसा केयरिंग इंसान तो मैं भी डिजर्व करता हूं।' हालांकि, यूजर्स द्वारा ट्रोल करने के बाद उर्वशी की मां ने इस पोस्ट को डिलीट कर दिया है।

## कोहली बोले: मैं आखिरी दिन तक खेल का आनंद लेना चाहता हूं

**एजेंसी। गुवाहाटी**

धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ मैच जिताऊ शतक जड़ने के बाद कहा कि वह फिलहाल अपने खेल का आनंद ले रहे हैं, और वह जब तक खेल रहे हैं, तब तक इसका आनंद लेना चाहते हैं। नवम्बर 2019 से लेकर सितम्बर 2022 तक रन मशीन कोहली के बल्ले से कोई शतक नहीं निकला। उन्होंने एशिया कप 2022 में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक जड़कर तीन साल के अपने सूखे को समाप्त किया, जबकि उसके बाद से वह एक दिवसीय क्रिकेट में दो शतक और जमा चुके हैं। कोहली ने कहा : मैंने (अपने खराब समय में) एक चीज सीखी है कि मायूसी आपको कहीं नहीं ले जाती। खेल हमेशा आसान रहता है। मुश्किलें तब होती हैं, जब हम अपने विचारों, आकांक्षाओं और लोगों के मन में अपनी तस्वीर के साथ खुद को जोड़कर देखने लगते हैं और चीजों को उलझा देते हैं। हम भूल जाते हैं कि जब हमने बल्ला थामा था या गेंद उठाई थी, तब हम कौन थे। जब आप यह भूल जाते हैं तो आप खुद को ऐसी स्थिति में डाल देते हैं जहां से सब नीचे जाता रहता है।




मैंने सीखा कि इन चीजों से आजाद होकर खेलने से ही मदद मिलती है, जब आप बिना किसी डर के, हर मैच को ऐसे खेलते हैं जैसे वह आपका आखिरी मैच हो। मैं चीजों को पकड़कर नहीं बैठा रह सकता। खेल आगे बढ़ता रहेगा। कई खिलाड़ी मुझसे पहले भी खेलकर जा चुके हैं। मैं हमेशा क्रिकेट नहीं खेलता रह सकता, तो मेरे पास बचाने के लिये है ही क्या? मैंने यही सीखा है। मैं अब एक बेहतर स्थिति में हूं। मैं अपने खेल का आनंद ले रहा हूं और जब तक खेल रहा हूं तब तक इसका आनंद लेना चाहता हूं। मेरी तैयारी हमेशा एक सी ही रहती है। कभी-कभी आप वह लय हासिल नहीं कर पाते, लेकिन आज मुझे लगा कि मैं गेंद को अच्छी तरह मार रहा था। मुझे पता था कि दूसरी पारी में ओस गिरने के कारण भारत को 25-30 अतिरिक्त रनों की जरूरत होगी और अंत में मुझे खुशी थी कि मैं टीम को वहां तक पहुंचा सका।

## मलेशिया ओपन: मारिन से हारी सिंधु, प्रणय ने सेन को हराया

**एजेंसी। कुआलालम्पुर**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु चोट के उबरने के बाद वापसी करते हुए पहले ही दौर में हार गई जबकि फॉर्म में चल रहे एच एस प्रणय ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को हमवतन लक्ष्य सेन को हरा दिया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधु अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद बायें टखने में हुए फ्रैक्चर से उबरकर वापसी कर रही थी। उन्हें रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन ने 21-12, 10-21, 21-15 से हराया। इससे पहले पिछले साल विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंचे प्रणय ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 10वीं रैंकिंग वाले सेन को 22-24, 21-12, 21-18 से हराया।

केरल के 30 वर्ष के प्रणय का सामना अब इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वोडोयो से होगा। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी कोरिया के चोइ सोल यू और किम वोन हो को 21-16, 21-13 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। अब उनका सामना इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी और बाबास मौलाना से होगा। मालविका बंसोड़ पहले दौर में कोरिया की अन सि यंग से 09-21, 13-21 से हार गई।

### शनाका की आईपीएल में हो सकती है एंट्री

**एजेंसी। गुवाहाटी**

श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड का मानना है कि कप्तान दासुन शनाका की आईपीएल में एंट्री हो सकती है। उन्होंने कहा कि 88 गेंद में नाबाद 108 रन की पारी से उनकी इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी के बीच मांग बनेगी। मंगलवार को पहले एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम एक समय 179 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद बड़ी हार की तरफ बढ़ रही थी, लेकिन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शनाका ने शतक जड़ते हुए टीम को आठ विकेट पर 306 रन तक पहुंचाया लेकिन अपनी टीम को 67 रन की हार से नहीं बचा पाए।

## हॉकी : भारतीय टीम में झारखंड के चार खिलाड़ी शामिल

**साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम 13 जनवरी को होगी रवाना**

**निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग टीम में किये गये हैं शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

14 से 30 जनवरी 2023 तक केपटाउन, साउथ अफ्रीका में ट्रेनिंग और टेस्ट मैच खेलने के लिए जा रही भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की चार महिला हॉकी खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग भी शामिल हैं। इस दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम 13 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका रवाना होगी।




वहां दक्षिण अफ्रीका से चार मैच और नीदरलैंड के साथ तीन मैच खेलेगी। साउथ अफ्रीका के साथ भारत का मैच 16, 17, 19 और 21 जनवरी को है जबकि नीदरलैंड के साथ 22, 27 और 28 जनवरी को मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम में शामिल निक्की प्रधान खूंटी जिला के हेसल की रहनेवाली है जबकि सलीमा टेटे सिमडेगा जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत बरकीछापर की तथा संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग भी सिमडेगा जिला के केरसई प्रखंड अन्तर्गत करगागुड़ी की रहनेवाली है। भारतीय महिला हॉकी टीम में एक साथ झारखंड के चार-चार खिलाड़ियों के चयनित होने पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने पूरी टीम के खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने कहा कि 2015 में निक्की प्रधान से शुरुआत हुई थी और अब भारतीय महिला हॉकी टीम में हमारे चार खिलाड़ी चुने गए हैं यह राज्य के लिए गर्व की बात है। चार खिलाड़ियों के चयन होने पर खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, हॉकी झारखंड के रजनीश कुमार, विजय शंकर सिंह, मनोज कोनबेगी, असरीता लकड़ा, धर्मेंद्र सिंह, सुरजीत झा, माइकल लाल, झारखंड खेल प्राधिकरण के देवेंद्र सिंह सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारी, प्रशिक्षक, खेल विभाग के अधिकारियों ने बधाई दी है।

**जन्मदिन** इंदौर में 1973 में भारतीय टीम के मुख्य कोच का हुआ था जन्म

# 50 साल के हुए 'द वॉल', क्रिकेट में छोड़ी अलग छाप

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ 'द वॉल' 50 साल के हो गए। इंदौर में 11 जनवरी 1973 को जन्मे द्रविड़ ने टेस्ट में अपनी एक अलग छाप छोड़ी और कई बार टीम को हार से बचाया। आज वह भारतीय क्रिकेट टीम में मुख्य कोच की भूमिका में हैं। वर्ष 2001 में ईडन गार्डन्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी 180 रन की पारी को भूलना काफी कठिन है। बल्लेबाज द्वारा की गई इस पारी को अभी भी खेल के सबसे लंबे प्रारूप में सबसे बेहतरीन पारियों में से एक के रूप में देखा जाता है। अधिकांश खेल के लिए, ऑस्ट्रेलिया आगे था और पहला टेस्ट हारने के बाद भारत के लिए मैच जीतना जरूरी हो गया था। ईडन गार्डन्स पर ऑस्ट्रेलिया का पूरा नियंत्रण था, क्योंकि उन्होंने फॉलो-ऑन दिया था। ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में



445 रन के जवाब में भारत 171 रन पर आउट हो गया। दूसरी पारी में भारतीय सलामी बल्लेबाज आउट हो गए और तब द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण बचाव में आए। कोई भी भविष्यवाणी नहीं कर सकता था कि दोनों टीम के लिए 'चमत्कार' करेंगे। दोनों बल्लेबाजों ने 376 रन बनाए। लक्ष्मण और द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया जिसमें शेन वार्न और ग्लेन मैकग्राथ शामिल थे।

2004 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ उनकी 270 रन की पारी ने तीन मैचों की श्रृंखला में जीत दर्ज करने में मदद की जो 1-1 से बराबर पर थी। यह पारी इसलिए भी खास है, क्योंकि भारत पर पाकिस्तान में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीत दर्ज करने का दबाव था। द्रविड़ पहले दो टेस्ट के लिए स्टैंड-इन कप्तान थे, लेकिन तीसरे मैच में नियमित कप्तान सौरव गांगुली की वापसी हुई। द्रविड़ पिछले दो मैचों में आउट ऑफ फॉर्म रहे थे, लेकिन खेल में पूर्व भारतीय कप्तान ने 200 से अधिक की पारी के साथ अपने विरोधियों को उड़ा दिया। मैच की पहली ही गेंद पर वीरेंद्र सहवाग को पवेलियन भेज दिया गया और वहीं से 'द वॉल' ने मोर्चा संभाला। उनकी दस्तक ने भारत को खेल जीतने में सक्षम बनाया और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

2011 में ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ द्रविड़ के 146 रन का प्रदर्शन उनके सबसे कम प्रशंसित प्रयासों में से एक है। भारत के बल्लेबाजों की निराशाजनक श्रृंखला थी और टीम 0-3 से पिछड़ रही थी। नियमित सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर चोट के कारण बाहर थे, द्रविड़ बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए क्रीज पर लौट आए। भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाना जारी रखा, लेकिन द्रविड़ ने डटे रहे और 146 रनों की अटूट पारी खेली। उनकी पारी ने भारत के लिए खेल को नहीं बचाया, लेकिन वह श्रृंखला में टीम के प्रमुख रन-स्कोरर बन गए। गौर हो कि द्रविड़ ने एक दिवसीय प्रारूप में एक विकेट-कीपर की भूमिका निभाकर भी उल्लेखनीय टीम भावना का प्रदर्शन किया क्योंकि टीम प्रबंधन ने सोचा था कि अगर एक अच्छी तरह से सेट बल्लेबाज भी विकेट-कीपर के रूप में काम करता है तो वे एक अतिरिक्त गेंदबाज की भूमिका निभा सकते हैं। द्रविड़ के 300 से अधिक एक दिवसीय साझेदारी में शामिल होने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।

